ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 8 जून 2024
वर्ष 2, अंक 288, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए तैयार पंड्या 2

वरुण की फिल्म जुगजुग जियो का बनेगा सीक्वल 14

## एक नजर

### हनुमानगढ़ी में 10 जुलाई तक वीआईपी दर्शन नहीं

**अयोध्या।** रामनगरी के सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी का निकास मार्ग 10 जुलाई तक बंद कर दिया गया है। वीआईपी दर्शन पर भी रोक रहेगी। निकास मार्ग के चौड़ीकरण के चलते हनुमानगढ़ी अखाड़े ने प्रशासन की सहमति के बाद शुक्रवार को यह निर्णय लिया है। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने बताया कि हनुमानगढ़ी में रोज एक लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं। निकास मार्ग को 20 फीट चौड़ा किया जा रहा है। इसी को देखते हुए 10 जुलाई तक निकास मार्ग को बंद रखा जाएगा। अब सभी भक्तों को मुख्य प्रवेश द्वार से ही प्रवेश करना होगा। एक लेन से प्रवेश दिया जाएगा जबकि दूसरे लेन से श्रद्धालुओं को बाहर निकाला जाएगा।

### ईएसआईसी के डीजी बने कमल किशोर सोन

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि कमल किशोर सोन ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक (डीजी) का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। सोन की इस पद पर नियुक्ति 31 मई से प्रभावी है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि झारखंड कैडर के 1998 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कमल किशोर सोन वर्तमान में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एवं महानिदेशक (श्रम कल्याण) के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने 31 मई 2024 को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत ईएसआईसी के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। सोन के पास झारखंड में विभिन्न विभागों के शासन व प्रबंधन का व्यापक अनुभव है।

### मवेशी ले जा रहे दो लोगों की मौत, एक घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में एक ट्रक में मवेशियों को ले जा रहे तीन लोगों में से दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक कुछ लोगों ने ट्रक का पीछा किया था। रायपुर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) कीर्तन राठौर ने बताया कि घटना रायपुर-महासमुंद जिले की सीमा पर आरंग थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के हुई। महानदी पर 30 फुट ऊंचे पुल से तीन लोगों के गिरकर नीचे पड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस के एक दल को मौके पर भेजा गया।

# सेंसेक्स और निफ्टी 2% बढ़कर उच्चस्तर पर

मुंबई, एजेंसी

- 28.65 लाख करोड़ रुपये बढ़ी निवेशकों की संपत्ति

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को दो प्रतिशत से अधिक चढ़कर रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुए।आरबीआई ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, जिसके चलते बाजार में यह तेजी देखने को मिली।

कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया रिकॉर्ड है। इसी तरह एनएसई निफ्टी दिन के कारोबार में 498.8 अंक या 2.18 प्रतिशत चढ़कर 23,320.20 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में निफ्टी 468.75 अंक या 2.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,290.15 अंक पर बंद हुआ। तीन दिन से जारी तेजी के बीच शुक्रवार तक निवेशकों की संपत्ति 28.65 लाख करोड़ बढ़ गई।

# लगातार आठवीं बार रेपो दर 6 .5 प्रतिशत पर कायम

मुंबई, एजेंसी

**मौद्रिक नीति समीक्षा : आरबीआईने जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा में उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा। मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच महंगाई को काबू में रखने के प्रयास के तहत आरबीआई ने लगातार आठवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने लगातार आठवीं बार नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया। साथ ही उदार रुख को वापस लेने के अपने निर्णय पर भी कायम रहने का फैसला किया है। उदार रुख को वापस लेने से आशय अपेक्षाकृत आक्रामक रुख से है। हालांकि, मौद्रिक नीति समिति में इस बार दो सदस्यों ने अलग राय दी। पिछले बार के एक के मुकाबले दो सदस्यों ने नीतिगत दर में कटौती और रुख को कुछ नरम किए जाने के पक्ष में मतदान किया। एमपीसी के छह सदस्यों में से चार ने नीतिगत दर को यथावत रखने, जबकि दो...आशिमा गोयल और प्रोफेसर जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी लाने और रुख को तटस्थ करने के लिए मतदान किया। यह फैसला नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री का पद संभालने से कुछ ही दिन पहले आया है।

पिछले वित्त वर्ष में उम्मीद से अधिक जीडीपी वृद्धि के बीच केंद्रीय बैंक ने आर्थिक गतिविधियों में मजबूती और दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से बेहतर रहने की भविष्यवाणी के साथ 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत पर कर दिया है। वहीं चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।



- मौद्रिक नीति समिति के दो सदस्य रेपो दर में 0.25% कटौती के पक्ष में

### मासिक किस्तों में बदलाव की संभावना कम

दास ने कहा कि सतत रूप से कीमत स्थिरता उच्च वृद्धि का आधार है। इन सब बातों पर गौर करते हुए एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने का निर्णय किया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6 .5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि आरबीआई रेपो और रिवर्स रेपो परिचालन के माध्यम से नकदी प्रबंधन में लचीला बना रहेगा।

**राष्ट्रपति ने दिया सरकार बनाने का न्योता**

# मोदी प्रधानमंत्री मनोनीत

## शपथ ग्रहण समारोह कल, राजग नेताओं ने राष्ट्रपति से मिलकर मोदी के समर्थन में सौंपा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत करते हुए उन्हें नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। नई सरकार का शपथग्रहण समारोह रविवार की शाम को होगा। मोदी ने शुक्रवार शाम राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू ने मोदी को मनोनयन पत्र सौंपा।

इससे पहले, भाजपा नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और मोदी के लिए समर्थन पत्र सौंपा। मोदी को राजग संसदीय दल का नेता चुना गया है। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किया है। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने मुझे मनोनीत प्रधानमंत्री के रूप में काम करने के लिए कहा है और उन्होंने मुझे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है।



प्रधानमंत्री मोदी को दही खिलातीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### आडवाणी और डॉ. जोशी से मोदी ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी से उनके आवास पर मुलाकात की। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल का नेता, भाजपा संसदीय दल का नेता और लोकसभा में भाजपा का नेता चुने जाने के तुरंत बाद मोदी ने आडवाणी से मुलाकात की। आडवाणी से मुलाकात के बाद वह भाजाप के पूर्व अध्यक्ष जोशी के आवास पर गए। मुलाकातों के बाद मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि आडवाणी जी के आवास पर गया और उनका आशीर्वाद मांगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी से मुलाकात की। जब मैं पार्टी संगठन में काम कर रहा था तब मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। उनकी बुद्धिमत्ता और ज्ञान के लिए पूरे भारत में उनका बहुत सम्मान किया जाता है। मोदी ने इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात की।

### जदयू हर दिन भाजपा के साथ रहेगी : नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्वास जताया कि मोदी बड़े स्तर पर भारत का विकास करेंगे और बिहार पर भी ध्यान देंगे। हमें विश्वास है कि मोदी भारत का विकास करेंगे और हम हर दिन तहेदिल से उनका समर्थन करेंगे। कुमार ने कहा कि उनकी पार्टी मोदी के कार्यकाल में हर दिन भाजपा के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी लंबित काम किए जाएंगे।

### क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन जरूरी : चंद्रबाबू नायडू

**नई दिल्ली।** भाजपा के प्रमुख सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का समर्थन किया। नायडू ने इस अवसर पर क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन बनाकर चलने की जरूरत बताई। राजग संसदीय दल की बैठक में सहयोगी दल जनता दल-सेक्युलर के नेता एच डी कुमारस्वामी, शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष अजित पवार, हम (एस) के प्रमुख जीतन राम मांझी समेत अन्य सहयोगी नेताओं ने मोदी को राजग का नेता चुनने के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्ताव का समर्थन किया। पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हुई बैठक में शिंदे ने गठबंधन को 'फेविकोल का जोड़' बताया, नीतीश कुमार ने मोदी के पैर छूने की कोशिश की लेकिन मोदी ने उनको बीच में ही रोक दिया। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पीठ थपथपाई। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए बार-बार मोदी को 'सर' कहा। चिराग पासवान को प्रधानमंत्री ने गर्मजोशी से गले लगाया। जनसेना पार्टी के पवन कल्याण का मोदी ने अपने भाषण में विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पवन हवा नहीं बल्कि तूफान हैं।

# नेपाल ने भारत सहित 11 देशों से राजदूत बुलाए

काठमांडू, एजेंसी

- सभी राजदूतों से तीन से चार सप्ताह में वापस लौटने को कहा
- नेपाली कांग्रेस कोटे के तहत हुई थी नियुक्ति, टूट चुका है गठबंधन

नेपाल सरकार ने 11 देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है, जिनमें भारत और अमेरिका में सेवारत राजदूत भी शामिल हैं और इनकी नियुक्ति नेपाली कांग्रेस के कोटे के तहत की गई थी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब तीन माह पहले प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने पार्टी (नेपाली कांग्रेस) से गठबंधन समाप्त किया और केपी शर्मा ओली से हाथ मिलाया है।

उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ की कड़ी आपत्तियों के बावजूद सरकार ने गुरुवार को यह कदम उठाया। समाचारपत्र 'द काठमांठू पोस्ट' की एक खबर के मुताबिक, नेपाल ने भारत में अपने राजदूत शंकर शर्मा को वापस बुला लिया है। खबर में विदेश मंत्रालय के अनेक अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि इस तरह के कदम से बहुत अराजनयिक संदेश जाता है। खबर में एक मंत्री के हवाले से कहा गया कि विदेश मंत्री नेपाली कांग्रेस और अन्य दलों के कोटे से नियुक्त राजदूतों को वापस बुलाने के प्रस्ताव का कथित तौर पर विरोध कर रहे थे लेकिन प्रधानमंत्री दाहाल और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने राजदूतों को वापस बुलाने का फैसला किया। माना जाता है कि विदेश मंत्री ने दाहाल और ओली दोनों से सभी 11 राजदूतों को वापस न बुलाने का अनुरोध किया था।

### नौ जून को भारत की यात्रा करेंगे प्रचंड



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' रविवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जिस दौरान वह नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी हिस्सा होंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उनकी भारत यात्रा का अनुमोदन किया गया।

**आगजनी मामले में एमपीएमएलए कोर्ट का फैसला**

# इरफान सोलंकी समेत 5 को 7 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- सजा के बाद इरफान सोलंकी का चला जाएगा विधायक पद
- सभी आरोपियों पर 60 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया

**अमृत विचार :** जाजमऊ थानाक्षेत्र में आगजनी केस में शुक्रवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 5 दोषियों को 7 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने सपा विधायक व उसके भाई पर 30 हजार 500 रुपये जुर्माना व अन्य तीन दोषियों पर 29 हजार 500 रुपये जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने करीब 350 पन्नों का जजमेंट दिया। चार बार के सपा विधायक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई से जुड़े। सजा के बाद अब इरफान सोलंकी का विधायक पद भी चला जाएगा। सपा विधायक के अधिवक्ता ने फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की बात कही।

जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में 8 नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इरफान ने 22 दिसंबर 2022 को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में सरेंडर किया था। मामले में इरफान सोलंकी, रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली के खिलाफ एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में एक मार्च को ट्रायल पूरा हो चुका था। 3 जून को न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने सपा विधायक समेत पांचों आरोपियों को दोषी करार दिया था। शुक्रवार को फैसला सुनाने से पहले कोर्ट ने बचाव व अभियोजन पक्ष की बहस सुनी, शाम करीब 7 बजे कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी, मो. शरीफ, इजरायल आटेवाला व शौकत अली को 7 साल की सजा सुनाई।

### हम अखिलेश के साथ थे और साथ ही रहेंगे

सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट से बाहर निकलने पर रिजवान सोलंकी ने कहा कि हम लोग बेगुनाह हैं। हम अखिलेश यादव के साथ थे और उनके साथ ही रहेंगे। हम लोगों से जिस तरह से 30 साल की विधानसभा सीट छीनने का काम किया जा रहा है, उसमें कोई कामयाब नहीं होगा। मुझे अल्लाह की तरफ से इंसाफ मिलेगा, हम सभी हाईकोर्ट से बरी होंगे। रिजवान ने कहा कि ये फर्जी मुकदमा है, हमने केडीए से प्लॉट लिया था, क्या केडीए सरकारी संस्था नहीं है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां एम्स ऋषिकेश में भर्ती



**ऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को एम्स में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर्स की टीम उनकी जांच में जुटी है। बीती 14 मई को भी उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। तब उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया था। एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (84) को आंखों में कुछ तकलीफ थी। इस वजह से उन्हें जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों की टीम उनकी जांच कर रही है। प्रोफेसर मीनाक्षी धर की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने एम्स पहुंचकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। योगी की मां पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित पंचूर गांव में रहती हैं। पंचूर योगी आदित्यनाथ का पैतृक गांव है जो ऋषिकेश से लगभग 50 किलोमीटर दूर है।

# मानहानि के मामले में राहुल गांधी को जमानत

बेंगलुरु, एजेंसी



- अपमानजनक विज्ञापन पर कर्नाटक भाजपा ने दर्ज कराया था मामला

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई द्वारा दर्ज कराए गए मानहानि के एक मामले में यहां एक विशेष अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शुक्रवार को जमानत दे दी। मामला पिछले साल राज्य विधानसभा चुनाव से पहले प्रमुख अखबारों में कथित रूप से 'अपमानजनक' विज्ञापन जारी करने से संबंधित है। इनमें राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार पर 2019 से 2023 तक शासन के दौरान बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाया गया था। अदालत ने एक जून को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार को इस मामले में जमानत दी थी। वे अदालत के समक्ष पेश हुए थे। न्यायाधीश के एन शिवकुमार ने राहुल गांधी को सात जून को निश्चित रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

## सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 5 नक्सली ढेर, कई घायल

- मौके से चार बंदूकें बरामद, तीन जवान भी घायल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में पांच वर्दीधारी नक्सली मारे गए तथा कई अन्य घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने चार बंदूकें भी बरामद कीं। इस दौरान सुरक्षा बल के तीन जवान भी घायल हो गए। एडीजी विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र आज पुलिस नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में पांच वर्दीधारी नक्सली मारे गए तथा साथ ही कई नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है।

## सीबीआई ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले में दाखिल की चार्जशीट

- लालू प्रसाद और परिवार के सदस्य हैं मामले में आरोपी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों की कथित संलिप्तता वाले नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में अपना अंतिम आरोपपत्र शुक्रवार को दाखिल कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीबीआई द्वारा विशेष अदालत को सौंपी गई अंतिम रिपोर्ट में उन सभी रेलवे जोन को शामिल किया गया है, जहां लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर जमीन लिए जाने के एवज में नौकरी दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने आरोपपत्र में लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेज प्रताप यादव, बेटी हेमा यादव, पूर्व सहयोगी भोला यादव और अन्य को भी आरोपी बनाया है। उन्होंने कहा कि विशेष अदालत छह जुलाई को इस रिपोर्ट पर विचार करेगी।

## बीआरएस नेता कविता के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ दिल्ली की एक अदालत में पूरक आरोपपत्र दायर किया और दावा किया कि मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। सीबीआई ने अंतिम रिपोर्ट विशेष सीबीआई न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष दाखिल की, जो मामले पर छह जुलाई को संज्ञान लेंगी। न्यायाधीश ने मामले में कविता की न्यायिक हिरासत भी 21 जून तक बढ़ा दी।

# तीन नए स्वदेशी कानूनों को लेकर बगैर देरी हो तकनीकी बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**1 जुलाई से बदल रही आपराधिक न्याय प्रणाली, योगी ने की लागू होने के पहले तैयारी की समीक्षा**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एक बैठक में पहली जुलाई से लागू होने जा रही नई आपराधिक न्याय प्रणाली के संबंध में तैयारी की समीक्षा की। अपने सरकारी आवास पर बड़े अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए लागू होने जा रहे कानूनों में तकनीक का बड़ा महत्व है। डेटा एनालिटिक्स, साक्ष्यों के संकलन, ई-कोर्ट, दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन जैसी हर प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग किया जाना है। इसके मद्देनजर आवश्यक तकनीकी बदलाव बिना देर किए हो जाएं।



- मुख्यमंत्री ने कहा, हर जिले में स्थापित होगा फॉरेंसिक लैब और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की भी सुविधा

योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट लखनऊ का सहयोग लें। सभी फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में हर जरूरी संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। सभी 75 जिलों में फॉरेंसिक लैब स्थापित कराएं। कोर्ट में पेशी के लिए हर जिले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा रहे। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर रखें और प्रस्ताव तैयार करें, शासन स्तर से पूरा सहयोग मिलेगा। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की तैनाती करें। नए कानून के लागू होने से पहले इनसे संबंधित राज्य स्तरीय अधिनियम, नियमावली, एसओपी, शासनादेशों में संशोधन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, नए कानून सहजता से लागू किए जा सकें और अपने उद्देश्यों में सफल हों, इसके लिए तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। कॉन्स्टेबल, उपनिरीक्षक, इंस्पेक्टर, अभियोजक, जेल कर्मचारी आदि की विधिवत ट्रेनिंग कराएं। यह कार्य मास्टर ट्रेनर के तैयार कर आसानी से किया जा सकता है। यह भी कहा कि ये तीनों स्वदेशी कानून प्रधानमंत्री के प्रण को पूरा करने वाले हैं।

मुख्यमंत्री के साथ बैठक में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल, प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### यह होने जा रहा है बदलाव

संसद ने अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए इंडियन पीनल कोड- 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को समाप्त कर तीन नए कानून पारित किए हैं। यह कानून 1 जुलाई से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में लागू होना है। नई व्यवस्था के अनुसार, इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्थापित होगा। क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 स्थापित होगा।



## खेल डायरी

### जैसमीन पाओलिनी फ्रेंच ओपन फाइनल में



**पेरिस।** इटली की जैसमीन पाओलिनी ने मिर्रा आंद्रीवा को 6.3, 6.1 से हराकर फ्रेंच ओपन फाइनल में प्रवेश कर लिया जो उनके कैरियर का पहला ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा। इससे पहले किसी भी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे नहीं जा सकी पाओलिनी ने कहा कि ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह असंभव जैसा था लेकिन अब सच हो गया है। अब उनका सामना शनिवार को दो बार की गत चैम्पियन इगा स्वियातेक से होगा। इटली के यानिक सिनेर अगर कार्लोस अल्काराज को हरा देते हैं तो वह भी पुरूष एकल फाइनल में पहुंच जायेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन सिनेर चाहें जीते या हारें लेकिन सोमवार को रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच जायेंगे। वहीं स्वियातेक ने कोको गाफ को 6.2, 6.4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रोलां गैरो पर उनका जीत का सिलसिला 20 मैचों का हो गया।

### प्रदर्शन में सुधार चाहेगी भारतीय हॉकी टीम



**लंदन।** पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए भारतीय पुरूष हॉकी टीम इस सप्ताह के आखिर में जर्मनी और ब्रिटेन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मुकाबलों में अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेगी। भारत को शनिवार को विश्व चैम्पियन जर्मनी से खेलना है जबकि रविवार को ब्रिटेन से मुकाबला होगा। बेल्जियम चरण और लंदन में दो मैचों के बाद भारत 14 मैचों में 24 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। जर्मनी छठे और ब्रिटेन सातवें स्थान पर है। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि हमने कुछ अच्छी हॉकी खेली लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा। इन दो मैचों में हमारा लक्ष्य आक्रामक शुरूआत करने का होगा। हम अच्छी हॉकी खेलकर लय बनाये रखने की कोशिश करेंगे। बेल्जियम में भारत ने शूटआउट में अर्जेंटीना को हराया लेकिन बेल्जियम से 1-4 से हार गई। बेल्जियम ने उसे शूटआउट में हरया जिसके बाद भारत ने अर्जेंटीना को 5-4 से मात दी। लंदन में भारत ने जर्मनी को 3-0 से हराया लेकिन ब्रिटेन से 1-3 से टीम हार गई। हार्दिक ने कहा कि टीम को पता है कि ओलंपिक की तैयारी के लिए प्रो लीग के मैच कितने अहम है लिहाजा हम कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे।

### एसए20 लीग नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 तक

**नई दिल्ली।** बेतवे एसए20 लीग का तीसरा सत्र नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेला जायेगा। लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पहले दो सत्र की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न कैप की नजरें लगातार तीसरे खिताब पर होंगी। स्मिथ ने कहा कि पहले दो सत्रों की सफलता के बाद हम एक बार फिर इस सिलसिले को जारी रखते हुए सभी को विश्व क्रिकेट के नामी गिरामी सितारों को खेलते देखना का मौका देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम टूर्नामेंट के कार्यक्रम, नीलामी और खिलाड़ियों के नामों की घोषणा करेंगे। इसकी तैयारी चल रही है। हम खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिये खेल और मनोरंजन से भरा एक और सत्र लाने के लिये बेताब हैं।

# पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने अमेरिका से हार को काला दिन दिया करार

## डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सुपर ओवर तक चले मैच में पूर्व चैंपियन को हराकर अमेरिका ने किया बड़ा उलटफेर

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने आईसीसी टी20 विश्व कप में पदार्पण कर रहे अमेरिका के हाथों शिकस्त को अप्रत्याशित करार देते हुए इसे टीम के लिए 'काला दिन' करार दिया। अमेरिका ने डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सुपर ओवर तक चले मैच में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को हराकर इस विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर किया।



पूर्व कप्तान यूनिस खान ने कहा कि पाकिस्तान की टीम ने इस मैच कई रणनीतिक गलतियां की, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। यूनिस ने कहा कि सुपर ओवर में जब बाए हाथ का गेंदबाज गेंदबाजी कर रहा था तब फखर जमां को स्ट्राइक लेनी चाहिए थी। कोई भी ऐसे बुरे दिन से सीख सकता है और मुझे उम्मीद है कि बाबर आजम और अन्य खिलाड़ी अब हर मैच को करो या करो के रूप में लेंगे। यूनिस के अनुसार सबसे निराशाजनक बात यह थी कि अमेरिका में पाकिस्तानी मूल के लोग बड़ी संख्या में रहते है, जो पूरे दिल से टीम का समर्थन कर रहे हैं।

### अमेरिका को हलके में लेना भारी पड़ा, बाबर ने किया स्वीकार



**डलास।** अमेरिका के हाथों टी20 विश्व कप के पहले मैच में सुपर ओवर में मिली हार से स्तब्ध पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि विरोधी टीम को हलके में लेना उनकी टीम पर भारी पड़ गया। अमेरिका ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए पूर्व चैम्पियन और पिछले उपविजेता पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया। पाकिस्तान को पिछले टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे ने हराया था और हाल ही में बाबर आजम की टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में आयरलैंड से हारी है। बाबर ने कहा कि किसी भी टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ तैयारी जरूरी होती है। यह मानसिकता की बात है। सहयोगी देशों जैसी टीम के खिलाफ आप चीजों को हलके में ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि आप अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पाते और सामने वाली टीम आपको हरा देती है। हमारे साथ यही हुआ। हमारी तैयारी अच्छी थी लेकिन मैच में हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि मैं निराश हूं। हमने तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमने पहले छह ओवर का फायदा नहीं उठाया और दसवें ओवर के बाद विकेट गंवाते गए, जिससे लय ही नहीं बन सकी। बल्लेबाजों को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

### थेरोन ने रऊफ पर गेंद से छेड़खानी का लगाया आरोप



**डलास।** अमेरिकी गेंदबाज रस्टी थेरोन ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर टी20 विश्व कप के मैच के दौरान गेंद से छेडखानी का आरोप लगाया है। थेरोन अमेरिकी टीम का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रऊफ ने दो ओवर पुरानी गेंद पर नाखून लगाए, जिससे उन्हें रिवर्स स्विंग मिलने लगी। पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए खेल चुके 38 वर्ष के थेरोन ने इस कथित घटना पर आंख मूंदने के लिये आईसीसी को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आईसीसी, क्या हम यह दिखावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने नई बदली गई गेंद को खरोचा नहीं है। दो ओवर के बाद ही गेंद को रिवर्स स्विंग कैसे मिलने लगी। आप साफ देख सकते हैं कि हारिस रऊफ ने गेंद पर नाखून लगाया है। अमेरिका ने पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराकर विश्व कप का पहला उलटफेर किया। रऊफ ने चार ओवर में 37 रन दे डाले।

### हार के बाद पाकिस्तानी टीम पर बरसे वसीम अकरम

**डलास।** महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने अमेरिका के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार पर पाकिस्तान की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि अब टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाना बाबर आजम की टीम के लिये कठिन होगा। अकरम ने कहा कि निराशाजनक प्रदर्शन। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए यह बुरा दिन था। उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तान को सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए जूझना होगा क्योंकि अब उसे भारत (नौ जून) के बाद दो और अच्छी टीमों (आयरलैंड और कनाडा) से खेलना है। पाकिस्तान की 1992 विश्व कप जीत के नायक ने कहा कि मैच का निर्णायक मोड़ अमेरिका को शुरूआती विकेट मिलना था। उन्होंने कहा कि मैच का निर्णायक मोड़ यही था कि अमेरिका ने शुरूआती विकेट चटकाए। पाकिस्तान के लिए बाबर और शादाब ने छोटी सी साझेदारी की लेकिन उनके अलावा कोई नहीं चला। फील्डिंग बहुत खराब थी। उन्होंने कहा कि मुझे और पाकिस्तान के हर प्रशंसक को यकीन था कि हम अमेरिका को हराएंगे, लेकिन सुपर ओवर में 18 रन देने के बाद उम्मीदें ध्वस्त हो गई।



### भारत के खिलाफ आगामी मैच टीम के लिए करो या मरो मुकाबले की तरह हो गया: मोहसिन खान

पूर्व सलामी बल्लेबाज मोहसिन खान ने कहा कि वह पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। मोहसिन 2010 से 2012 तक मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता थे। मोहसिन ने कहा कि भारत के खिलाफ आगामी मैच टीम के लिए करो या मरो मुकाबले की तरह हो गया है। मोहसिन ने कहा कि हमें वह मैच हर हाल में जीतना होगा, नहीं तो हम सुपर आठ से बाहर हो जायेंगे। पाकिस्तान के सात विकेट पर 159 रन के जवाब में अमेरिका की टीम ने तीन विकेट पर 159 रन बनाये। इसके बाद सुपर ओवर में अमेरिका के 18 रन के जवाब में पाकिस्तान 13 रन ही बना पाया।

### पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने नहीं दिखा जुझारूपन

क्रिकेट विश्लेषक ओमैर अलवी ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने वह आत्मसम्मान और जुझारूपन नहीं दिखाया जिसके लिए वह जाने जाते है। अमेरिका के खिलाफ उलटफेर से पहले, पाकिस्तान हाल के दिनों में अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड जैसी टीमों से भी हार गया है। पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने पउलटफेर करने के लिए अमेरिका की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आप अमेरिका की तुलना में हमारे अनुभव और प्रदर्शन को देखें। मैं धैर्य बनाए रखने और अनुशासन के साथ खेलने के लिए अमेरिका को पूरा श्रेय देता हूं। उन्होंने जो कैच लपके उससे मैच उनके पक्ष में हो गया। हमारे प्रशंसकों में निराशा है लेकिन मुझे लगता है हमारी टीम रविवार को भारत को हराकर कुछ सम्मान हासिल कर सकती है। सोशल मीडिया पर यह अटकलें भी लगने लगीं कि पाकिस्तान ड्रेसिंग रूम में सब कुछ ठीक नहीं है।

# पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए तैयार पंड्या



**न्यूयॉर्क।** हार्दिक पंड्या पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के आगामी मुकाबले को 'जंग' की तरह नहीं देखते लेकिन भारतीय हरफनमौला उस प्रतिद्वंद्वी का सामना करने को बेताब हैं जिसके खिलाफ उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। भारत और पाकिस्तान की टक्कर रविवार को होगी और पंड्या चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछली सफलता दोहराना चाहेंगे।

**रविवार को भिड़ेंगे भारत पाकिस्तान**

पंड्या ने कहा कि मैं बड़े मैचों में खेलने को लेकर काफी रोमांचित रहता हूं। मुझे यह बहुत खास लगता है और पाकिस्तान ऐसी टीम है जिसके खिलाफ मैंने कई मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। पंड्या ने पाकिस्तान के खिलाफ छह टी20 मैच खेलकर 84 रन बनाए, लेकिन 7.5 की इकॉनॉमी रेट से 11 विकेट भी लिये हैं। उन्होंने बीसीसीआई से कहा कि यह कोई जंग नहीं है, एक मैच ही तो है। भारत और पाकिस्तान के मैच हमेशा से रोमांचक होते रहे हैं। जज्बात का सैलाब उमड़ता है लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि हम अनुशासित प्रदर्शन करेंगे और एक ईकाई के रूप में अपना लक्ष्य हासिल करेंगे। अगर ऐसा कर सके तो एक और दिन अच्छा होगा।

# थाईलैंड ओपन में लक्ष्य सेन की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

**जकार्ता, एजेंसी**



इंडोनेशिया के जकार्ता के इस्तोरा स्टेडियम में पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ खेलते हुए लक्ष्य सेन।

स्टार शटलर लक्ष्य सेन की पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया में 14वें नंबर के खिलाड़ी सेन एक घंटे और एक मिनट तक चले मैच में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 22-24, 18-21 से हार गये। दोनों खिलाड़ियों के बीच पांच मैचों में यह एंटोनसेन की तीसरी जीत है।

सेन और एंटोनसेन के बीच पहले गेम में काफी करीबी मुकाबला देखने को मिला। डेनमार्क के खिलाड़ी ने 4-0 की बढ़त के साथ शुरूआत की लेकिन सेन ने वापसी करते हुए स्कोर 5-5 से बराबर किया और फिर 15-11 की बढ़त बना ली। अब वापसी करने की बारी एंटोनसेन की थी। उन्होंने लगातार अंक जीतते हुए स्कोर को 16-16 से बराबर किया। दोनों खिलाड़ी 22 अंक तक लगभग बराबरी पर रहे लेकिन एंटोनसेन ने लगातार दो अंक बनाकर पहले गेम को 32 मिनट में जीत लिया। दूसरे गेम में भी कड़ा संघर्ष जारी रहा और दोनों खिलाड़ी एक समय 18-18 की बराबरी पर थे। सेन की गलतियों का फायदा उठाकर डेनमार्क के खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक बनाये और मैच जीत लिया। सेमीफाइनल में एंटोनसेन का मुकाबला आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न से होगा।

# स्कॉटलैंड ने नामीबिया को 5 विकेट से हराया

**ब्रिजटाउन, एजेंसी**

ब्रैड व्हील के 3 विकेट, माइकल लीस्क के प्रदर्शन तथा कप्तान रिची बेरिंगटन की नाबाद 47 रन की पारी के दम पर स्कॉटलैंड ने टी-20 विश्वकप के 12वें मुकाबले में नामीबिया को 5 विकेट से हरा दिया है।

नामीबिया ने गुरुवार को हुए मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरुआत में नामीबिया ने 37 रन अपने 3 गवां दिए थे। कप्तान गेरहार्ड इरासमस ने 31 बॉल पर 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। यह उनके टी-20 अंतर्राष्ट्रीय करियर का 10वां अर्धशतक था। जेन ग्रीन (28), निकोलस डेविन (20), डेविड वीजा (14), यान फ्रायलिंक (12) जेजे स्मिट (11) के योगदान से 20 ओवरों में नौ विकेट पर 155 रन बनाए। स्कॉटलैंड के ब्रैड व्हील ने 3, ब्रैडली करी को दो विकेट मिले। क्रिस सोल, क्रिस ग्रीव्स और माइकल लीस्क ने एक -एक विकेट लिए।



156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड ने 73 के स्कोर तक 4 विकेट गवां दिये थे। जॉर्ज मंसी (7), माइकल जोंस (26), ब्रैंडन मक्मलेन (19) और मैथ्यू क्रॉस (3) रन बना सके। कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन ने 35 गेंदों में दो 47 रनों की पारी खेली। लीस्क ने 17 गेंद में 35 रन बनाये। क्रिस ग्रीव्स चार रन बनाकर नाबाद रहे। स्कॉटलैंड 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 157 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया।

# सिफत कौर ने म्यूनिख विश्व कप में जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख।** भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समारा ने शुक्रवार को आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के अंतिम दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस तरह से दो पदक जीत कर इस प्रतियोगिता में अपने अभियान का अंत किया।

सरबजोत सिंह ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। सिफत मामूली अंतर से रजत पदक से चूक गई। उन्होंने 452.9 अंक बनाए जो चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन हान जियायू से केवल 0.1 कम था। ग्रेट ब्रिटेन की विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सियोनैड मैकिन्टोश ने 466.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सिफत नीलिंग पोजीशन के बाद सातवें और प्रोन पोजीशन के बाद पांचवें स्थान पर चल रही थी। स्टैंडिंग पोजीशन में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया जिससे वह कांस्य पदक जीतने में सफल रही।

# कारूआना से प्रज्ञाननंदा को मिली मात, कार्लसन से हारे अलीरेजा

**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी**

भारतीय ग्रैंड मास्टर आर प्रज्ञाननंदा को नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से हार गए, जबकि विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को आर्मगेडन (टाइब्रेकर) में हराया। कार्लसन के अब 16 अंक हैं और उन्होंने हिकारू नाकामुरा पर 1.5 अंक की बढ़त हासिल कर ली है।

नाकामुरा को चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से हार का सामना करना पड़ा। कारूआना से आर्मगेडन में हारने के बावजूद प्रज्ञाननंदा 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बने हैं। वह चौथे नंबर पर काबिज अलीरेजा से एक अंक आगे हैं। कारूआना के 10.5 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर हैं। लिरेन छह अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। महिला वर्ग में भारत की आर वैशाली को चीन की टिंगजी लेई के हाथों हार का सामना करना पड़ा जिससे वह

**नॉर्वे शतरंज**



चौथे स्थान पर खिसक गईं। भारतीय खिलाड़ी कोनेरू हम्पी भी चीन की वेन्जून जू से हार गईं। वेन्जून जू अब 16 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। टिंगजी लेई और यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक उनसे 1.5 अंक पीछे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। वैशाली 11.5 अंकों के साथ चौथे, जबकि हम्पी नौ अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। स्वीडन की अनुभवी खिलाड़ी पिया क्रैमलिंग 6.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। वैशाली क्लासिकल गेम में हारने वाली एकमात्र खिलाड़ी रही। बाकी सभी बाजियां ड्रॉ रही, जिसके बाद परिणाम के लिए आर्मगेडन का सहारा लिया गया।

# मायूस होने की जरूरत नहीं है हम अब भी दौड़ में : स्टिमक

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि उनकी टीम को कुवैत के खिलाफ विश्व कप के क्वालीफाइंग मैच गोलरहित ड्रॉ रहने पर निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि टीम अभी भी तीसरे दौर की दौड़ में बनी हुई है।

करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री के आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारतीय टीम ने निराश किया। छेत्री ने अपने 19 साल के करियर में 151 मैचों में 94 गोल दागकर विदा ली। स्टिमक ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमें निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम अभी भी दौड़ में हैं। अगले पांच दिन में पूरी कोशिश करूंगा कि टीम में यह आत्मविश्वास पैदा कर सकूं कि हम कतर को हरा सकते हैं। यह



छोटी सी आशा है लेकिन है और हमें खुद पर भरोसा करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत को अब एशियाई दिग्गज कतर से 11 जून को खेलना है। वहीं कुवैत की टीम अफगानिस्तान से खेलेगी। भारत को हर हालत में हार से बचना होगा। कोच ने छेत्री का आखिरी मैच देखने बड़ी तादाद में आये दर्शकों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों की तारीफ करनी होगी जो बड़ी तादाद में आये। हम नतीजे से निराश है। मैच कठिन था और उन्होंने बेहतर शुरूआत की। हमें लय पकड़ने में समय लगा।

# वुशु के साथ खेलो इंडिया महिला लीग का चौथा सत्र शुरू

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया महिला लीग का 2024-25 संस्करण 10 जून को कर्नाटक के बागलकोट में दक्षिण क्षेत्र वुशु लीग के साथ शुरू होगा। इसमें सांडा और ताओलू स्पर्धाओं में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणियों में कुल 300 एथलीट भाग लेंगे। इसमें आंध्र प्रदेश, पांडिचेरी, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप और ओडिशा के वुशु खिलाड़ी भाग ले सकते है।

लीग में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर स्पर्धाओं के शीर्ष आठ वुशू एथलीटों में 7.2 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। राष्ट्रीय वुशू मुख्य कोच कुलदीप हांडू ने कहा, "खेलो इंडिया महिला लीग ने वुशू को राष्ट्रीय स्तर पर बहुत बढ़ावा दिया है और तीनों डिवीजनों सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर की महिला एथलीट इससे लाभान्वित हो रही हैं।

**टी-20 विश्वकप** | न्यूजीलैंड को मिला है कठिन ग्रुप सी, जिसमें दो बार की चैंपियन मेजबान वेस्टइंडीज जैसी टीमें शामिल

# न्यूजीलैंड के सामने आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान की चुनौती

**प्रोविडेंस, एजेंसी**

न्यूजीलैंड की टीम टी20 विश्व कप में ग्रुप सी के मैच में शनिवार को आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान टीम के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो विरोधी को हलके में लेने की गलती करने से बचना होगा। न्यूजीलैंड को कठिन ग्रुप मिला है जिसमें दो बार की चैम्पियन मेजबान वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान जैसी टीमें हैं।

बारिश के कारण अभ्यास सत्र रद होने से न्यूजीलैंड की तैयारी पर असर पड़ा है। उसे पहले दो मैचों में अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से खेलना है। अफगानिस्तान की टीम ने यहां पहला मैच जीता है और हालात से अच्छी तरह वाकिफ हो गई है। न्यूजीलैंड की ताकत हालांकि आईसीसी टूर्नामेंटों में हालात के अनुरूप तुरंत ढलना रही है और टीम पिछले कुछ साल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करती आई है। उसके पास अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा फिन एलेन और रचिन रविंद्र जैसे युवा खिलाड़ी भी है। कागजों पर कीवी टीम बेहद मजबूत लग रही है जिसके पास बल्लेबाजी में गहराई और गेंदबाजी में विविधता है। नई गेंद ट्रेंट बोल्ट संभालेंगे जिनका साथ देने के लिये लॉकी फर्ग्युसन और टिम साउदी हैं। बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर ने भी वेस्टइंडीज में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनका इकॉनॉमी रेट 5.5 रहा है।



**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक। रिजर्व : सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी।

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, जिमी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी। रिजर्व : बेन सियर्स। **मैच : सुबह पांच बजे से।**

### विलियमसन ने की अफगानिस्तान के गेंदबाजों की प्रशंसा

**प्रोविडेंस (गयाना)।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का मानना है कि अफगानिस्तान के पास टी20 विश्व कप में खेल रही टीमों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनुभव हासिल करने के बाद उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है। न्यूजीलैंड के टीम विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी। इस प्रारूप में इन दोनों टीमों के बीच अभी तक केवल एक मैच खेला गया है। विलियमसन ने कहा कि निश्चित तौर पर उनके पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं। ईमानदारी से कहूं तो उनके पास बेहद कुशल खिलाड़ी हैं। उनके पास इस प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक है। अफगानिस्तान के पास कप्तान राशिद खान, मुजीब उर रहमान और नूर अहमद के रूप में चोटी के स्पिनर हैं।



विलियमसन आईपीएल में राशिद खान के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान ने कहा कि हमने फ्रेंचाइजी प्रतियोगिताओं में देखा कि अफगानिस्तान के कई खिलाड़ी उसमें खेलते हैं और उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है। उन्हें निरंतर शीर्ष स्तर पर खेलने का मौका मिल रहा है। हमने पिछले विश्व कप में देखा था कि वनडे में उनकी टीम कितनी अच्छी है। उनकी टीम बेहद कुशल है और कड़ी चुनौती पेश कर सकती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

शनिवार को तेज धूप रहेगी। शाम को बादल छाने की संभावना।

43.1° अधिकतम तापमान | 28.2° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 :53

## एक नजर

### बच्ची से दुराचार का प्रयास आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** मानिकपुर थानांतर्गत एक गांव में एक 25 वर्षीय युवक ने पांच साल की बच्ची के साथ दुराचार का प्रयास किया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी विकास सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### टीम ने न्यायालय परिसर की चेकिंग की

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुरक्षा के मद्देनजर शुक्रवार को न्यायालय परिसर की चेकिंग की गई। प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकांत अरुण राय की अगुवाई में न्यायालय सुरक्षा, एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने सघन चेकिंग की।

### युवक को पीटकर किया घायल, दो पर रिपोर्ट दर्ज

**चित्रकूट।** शत्रुघ्नपुरी निवासी विमल तिवारी ने दो लोगों के खिलाफ नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने आरोप लगाया है कि पांच जून को उसका भाई विनय स्टेशन रोड मंदिर में दर्शन करने गया था। लौटते समय ट्रैफिक चौराहा निवासी मोनू यादव और उसके भांजे गोलू व दो अज्ञात व्यक्तियों ने उससे गालीगलौज और मारपीट की। लोहे की राड से सिर पर प्रहार किया। जिला अस्पताल से उसे प्रयागराज रिफर किया गया। उसने आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार की है।



घायल युवक।

### कंप्यूटर प्रशिक्षण की अंतिम तिथि 21 जून

**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए ओ' लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना ऑनलाइन संचालित है।इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि आठ जून से 21 जून तक होगी। निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं का चयन किया जाएगा।

### जहां बचा है, वहां मिलेगा मोटा अनाज

**चित्रकूट।** जिले के जिन कोटेदारों की दुकानों के स्टाक में ज्वार है, उनमें अंत्योदय लाभार्थियों को खाद्यान्न एवं मोटे अनाज का वितरण नि:शुल्क कराया जाएगा। यह जानकारी डीएसओ आनंद कुमार ने दी। बताया कि मोटे अनाज का अवशेष स्टाक समाप्त होने के बाद प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूं एवं 21 किग्रा चावल दिया जाएगा। पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को प्रति यूनिट दो किग्रा गेहूं एवं तीन किग्रा चावल दिया जाएगा। वितरण की अंतिम तिथि 25 जून है।

### मृत जानवर की बदबू से लोग परेशान

**मऊ (चित्रकूट)।** राजापुर से लालता रोड को जाने वाले संपर्क मार्ग के पास भभेट गांव गोल्डन ढाबा के सामने कई दिन से नीलगाय मरी पड़ी है। भीषण बदबू से लोगों का आनाजाना दूभर हो रहा है। संक्रामक बीमारी फैलने की भी आशंका है पर जिम्मेदारों को जानकारी नहीं है।

# बारिश के पहले करा ली जाए नदियों की सफाई

## जिलाधिकारी ने जिला गंगा समिति, पर्यावरण, पौधरोपण संबंधी बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट




पर्यावरण संबंधी बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश से पहले छोटी नदियों की सफाई करा ली जाए। मंदाकिनी को भी स्वच्छ कराया जाए। डीएम ने शुक्रवार को जिला गंगा समिति, पर्यावरण एवं पौधरोपण संबंधी बैठक की। डीपीआरओ, बीडीओ, मानिकपुर के ईओ व वन विभाग के अधिकारियों को हिदायत दी कि वाल्मीकि आश्रम में टोली बनाकर हफ्ते में सफाई कराएं।

उन्होंने कहा कि मंदाकिनी नदी की सहायक नदियों की सफाई कराने के साथ ही फोटोग्राफ्स भी भेजें। जिले में विभागवार पौधरोपण का लक्ष्य 72,20,520 रखा गया है। बुंदेलखंड में क्षेत्र में पानी की कमी है। ऐसे में ऐसे ही पौधे लगाएं, जिनमें पानी की कम आवश्यकता हो। जिन विभागों ने कार्ययोजना नहीं बनाई है, बनाकर प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध कराएं।

जिला खनिज अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर क्रशर मशीन के आसपास पर भी पौधरोपण कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि नगर में तीन, मऊ मानिकपुर में एक व राजापुर में दो नगर वन विकसित करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को देवांगना एयरपोर्ट से पटेल तिराहे तक प्लांटेशन कराने के निर्देश भी दिए। सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम उमेश चंद्र, डीएफओ नरेंद्र कुमार, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, सीवीओ डॉ. सुभाष चंद्र आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### भंडारे के कचरे को गड्ढे में डालें

डीएम ने वाल्मीकि आश्रम में होने वाले भंडारे के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वहां के साधुओं से कहें कि भंडारे के बाद कचरे को गड्ढे में डालकर ढकवाएं। ईओ लालजी को निर्देशित किया कि धार्मिक स्थलों के पास नदी किनारे कचरे के लिए गड्ढा बनवाएं, जिससे उसका उपयोग हो सके।

### पॉलीथिन के खिलाफ चले अभियान

डीएम ने अधिकारियों से पालीथिन और प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाने को कहा। कहा कि पालीथिन की जगह ग्राम समूह की महिलाओं से कागज के लिफाफे बनवाएं। उन्होंने ईओ को निर्देशित किया कि खास तौर पर रामघाट, परिक्रमा मार्ग पर अभियान चलाकर जुर्माना लगाएं। ग्राम समूह की महिलाओं को दोना पत्तल के काम के प्रति प्रेरित करें।

### शादी अनुदान के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल ने बताया कि शादी अनुदान योजना के तहत अन्य पिछडे.वर्ग ( अल्पसंख्यक पिछडे.वर्ग को छोड़कर) के गरीब परिवारों की पुत्रियों की शादी के लिए विभागीय पोर्टल/वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। जिन्होंने अपनी पुत्रियों की शादी की तिथि तय कर ली हो या शादी हो चुकी हो तो किजनसेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने सभी पात्र लोगों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याएं जानीं। अधिकारियों को इनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थी को निस्तारण से संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

# निवर्तमान सांसद को ले डूबा पुत्रों का मोहः अनुज यादव

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- कहा-पांच साल कुछ न करने का खामियाजा भुगता

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज सिंह यादव का कहना है कि भाजपा सांसद ने पांच साल कुछ नहीं किया और इसका खामियाजा उनको भुगतना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि पूर्व में किए गए विकास कार्यों की वजह से बांदा-चित्रकूट की जनता ने एक बार फिर सपा प्रत्याशी को समर्थन दिया है। उन्होंने कटाक्ष किया कि निवर्तमान सांसद को पुत्रों का मोह ले डूबा।



अनुज सिंह यादव।

अनुज ने कहा कि अयोध्या और चित्रकूट आदि में हार इस बात का भी द्योतक है कि भाजपा का कैडर वोट तक छिटक गया है। आरोप लगाया कि भाजपाइयों के अमर्यादित भाषण ने यह भी दिखाया कि इनका नैतिक पतन हो गया है। इसकी जगह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेसी नेता राहुल गांधी ने विकास पर ध्यान केंद्रित रखा। सपा की पीडीए को लेकर की जा रही अपील ने काम किया। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना, संविधान बचाने की अपील और विकास को लेकर की गई घोषणाओं से लोग प्रभावित हुए। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा की अहंकार, नफरत की राजनीति, धर्म की राजनीति की वजह से हार हुई है। कटाक्ष किया कि भाजपा की धर्म की दुकान को जनता ने बंद कर दिया है। यह साबित कर दिया है कि जो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की बात करेगा वही शासन करेगा। उन्होंने निवर्तमान सांसद की कार्यशैली को भी आड़े हाथों लिया। कहा कि वह पूरे कार्यकाल में मुट्ठीभर लोगों के इशारे पर काम करते रहे। उनके साथ रहने वाले लोग उनको भ्रमित करते रहे। उनको पुत्रों का मोह ले डूबा। उन्होंने कहा कि दोनों जिलों के सपाइयों ने एकजुटता दिखाई। दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में सपा पूरे प्रदेश में क्लीन स्वीप करेगी।

# गांव-मजरों में भीषण गर्मी में पेयजल की भारी किल्लत

संवाददाता, बरगढ़ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** जिम्मेदारों का गर्मी के मौसम में गांव-मजरों में पेयजल उपलब्ध कराने का दावा वास्तविकता में नजर नहीं आता। कई जगहों पर तो पानी की बेहद कमी है। टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराना भी ऊंट के मुंह में जीरा की तरह साबित हो रहा है।

भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा शुद्ध पानी की आवश्यकता होती है और गांव-मजरों में वह भी उपलब्ध नहीं। जिम्मेदार पेयजल उपलब्धता का दावा तो करते हैं पर तमाम गांव-मजरों में यह दावा खोखला ही नजर आता है। बरगढ़ क्षेत्र के कई गांव-मजरे ऐसे हैं, जहां शुद्ध पानी दूर की कौड़ी है। यहां के लोग शुद्ध पानी




टैंकर से हो रही जलापूर्ति।

क्या पानी की बूंद बूंद को संजोते नजर आते हैं। कोलमजरा के कोठी और सिंगलपुरवा आदि मजरों में पानी की भीषण किल्लत है। लगभग तीन हजार की आबादी वाला यह

- टैंकरों से आपूर्ति ऊंट के मुंह में जीरा के मानिंद

क्षेत्र पानी की कमी से जूझ रहा है। लोग दूर दराज से पानी लाने को विवश हैं।

समाजसेवी अजय त्रिपाठी और अन्य लोग बताते हैं कि यह सालों का दुर्भाग्य है कि किसी भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने इस इलाके में पेयजल की स्थायी उपलब्धता पर ध्यान नहीं दिया। लोगों ने कई बार यहां पाइपलाइन डालने का अनुरोध किया पर आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। टैंकरों के मत्थे जलापूर्ति का लोगों को फायदा नहीं मिल पा रहा। लोगों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की अपील की है।

## पुलिसकर्मी के वाहन पर पत्थर फेंके

**चित्रकूट।** एक पुलिसकर्मी के चारपहिया वाहन पर तीन युवकों ने पत्थरबाजी की। पुलिसकर्मी ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली कर्वी में तैनात पुलिसकर्मी शाकिर हुसैन ने बताया कि शुक्रवार को हवालात में उसकी ड्यूटी लगी थी। इस दौरान कुछ युवक बार बार बंदियों से बात करने की कोशिश कर रहे थे। जब इनको मना किया तो ये वहां से चले गए। बताया कि इसके बाद अपराह्न लगभग तीन बजे ट्रैफिक चौराहे के पास वह जूस पीने रहा था तो बाइक सवार इन युवकों ने उसके चार पहिया वाहन पर पत्थर फेंके। सिपाही के दौड़ाने पर बाइक छोड़कर भाग गए। उसने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। आरोपियों में एक रीवा (मप्र) का निवासी है।

# आग की भेंट चढ़ी किसान की गृहस्थी

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के गांव कंधवनिया में एक किसान के घर में लगी आग से लाखों का नुकसान हो गया। उसकी घर-गृहस्थी आग की भेंट चढ़ गई। घर में अनाज का एक दाना नहीं बचा। एसडीएम प्रमोद झा के निर्देश पर पहुंचे राजस्वकर्मियों ने नुकसान का आकलन किया।

कंधवनिया निवासी गोविंद प्रसाद वर्मा के घर में शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। गोविंद ने बताया कि दोपहर के समय प्रचंड गर्मी की वजह से सभी लोग घर के अंदर सो रहे थे। इसी दौरान घर के पिछवाड़े से अचानक आग लग गई। जब तक जानकारी होती, आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। आग से गृहस्थी का सामान, 50 हजार रुपये, जेवर,



जले घर में खड़ा मायूस किसान। अमृत विचार

- कंधवनिया में अज्ञात कारण से लगी घर में आग

कागजात आदि राख हो गए। ग्रामीणों की मदद के कारण आसपास के घरों को आग की चपेट से बचाया जा सका। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही किसान बर्बाद हो चुका था। भुक्तभोगी ने बताया कि घर के अंदर रखा अनाज भी जल गया। खाने के लिए एक दाना नहीं बचा है। दो लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। जानकारी मिलने पर उप जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार शिवानंद पांडेय, राजस्व निरीक्षक कैलाश शुक्ला, लेखपाल शारदा संगम को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए।

# बिजली व्यवस्था न सुधरी तो सड़कों पर उतरेंगे

चित्रकूट कार्यालय

- विधायक अनिल प्रधान ने लिखा जिलाधिकारी को पत्र

**अमृत विचार।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले में हो रही बिजली कटौती पर रोष जताया है। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। अनिल ने कहा है कि अगर चौबीस घंटे के अंदर आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो वह जनता के साथ सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।



अनिल प्रधान।

सपा विधायक ने कहा कि जिले में एक सप्ताह से शहरी और ग्रामीण इलाकों में बिजली का अत्यधिक संकट है। दिन में दो से चार घंटे तक ही बिजली दी जा रही है। पूरी पूरी रात बिजली गुल रहती है। इससे लोगों में आक्रोश पनप रहा है। बिजली संकट का असर पेयजलापूर्ति पर भी पड़ा है। विधायक का कहना है कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को जानकारी दी गई पर वे समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे। अधिकारी न तो जनता का फोन उठाते हैं और न जनप्रतिनिधियों का। उन्होंने सवाल किया कि जब मालूम था कि इतनी भीषण गर्मी पड़ रही है तो पहले से इंतजाम क्यों नहीं किए गए। आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा बरगलाने जा रहा है और जनता को मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विभाग के जेई और संविदाकर्मी वसूली में लगे हैं और मनमानी तरीके से काम कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि अगर 24 घंटे के अंदर आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो वह जनता के साथ सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

## परिवार को जलाकर मारने के प्रयास का लगाया आरोप

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के पचखुरा बुजुर्ग निवासी एक युवक ने गुरुवार को देर शाम घर में घुसकर गैस सिलेंडर का रेगुलेटर खोलकर पूरे परिवार को जलाकर मार डालने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

पचखुरा बुजुर्ग निवासी राजकुमार ने थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि गुरुवार को शाम करीब 4:00 बजे गांव निवासी राम मनोहर सोनकर, उसका पुत्र सागर व भूरा सहित अन्य लोग स्कार्पियो से गांव पहुंचे और उसके घर में घुस आए। मां केशर व पत्नी मीनू के साथ गाली-गलौज की। आरोप लगाया कि दबंग गैस सिलेंडर का रेगुलेटर खोलकर आग लगाने का प्रयास किया। लेकिन गांव वालों के आ जाने पर आरोपी स्कॉर्पियो में बैठकर भाग निकले। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामले को क्राइम इंस्पेक्टर देख रहे हैं। जांच कराकर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# खरीफ फसल की बुआई के पहले कर लें बीज शोधन

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- जिला कृषि रक्षा अधिकारी की सलाह

**अमृत विचार।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी आरपी शुक्ल ने किसानों को खरीफ की फसल की बुआई के पहले बीजों की गुणवत्ता पर ध्यान देने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि बुआई करने से पूर्व बीजशोधन कर लें, जिससे फसल का उत्पादन बढ़िया हो।

शुक्ल ने बताया कि फसलों के अनेक रोगों का प्रारंभिक संक्रमण बीज या भूमि अथवा दोनों माध्यमों से होता है। रोगकारक फफूंदी व जीवाणु बीज से लिपटे रहते हैं या भूमि में पड़े रहते हैं। इनसे बचाव के लिए बोने से पूर्व बीजों में उपयुक्त रसायनों को मिलाना ही बीजशोधन कहलाता है। कीट व बीमारियों से बचाव के लिए बीज उपचार जरूरी है। उन्होंने बताया कि बीज शोधन दो प्रकार से किया जाता है। रासायनिक विधि के तहत प्रति किलोग्राम बीज में थीरम 2.5 ग्राम या कार्बेंडाजिम दो ग्राम मिलाकर किसी खाली घड़े या बर्तन में डालकर मिलाने के बाद बुआई करते हैं। बताया कि इसके अलावा जैविक विधि में ट्राइकोतडर्मा स्पोर पांच ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से मिलाकर पानी के हल्के छीटें डालकर मिला लेते हैं। फिर अगले दिन बुआई करते हैं। बताया कि बीजशोधन से उर्वरता तथा उत्पादकता बढ़ती है। जोरदार और ज्यादा जमाव होता है। मिट्टी के लाभदायक जीवाणुओं को जीवित रखने में सहायता मिलती है। बीज से होने वाले रोगों से रक्षा होती है, वायुमंडीलीय नाइट्रोजन का स्थरीकरण होता है। बीजशोधन मिटटी से पैदा होने वाली बीमारियों को कम करता और रोकता है। उन्होंने सलाह दी कि बीजशोधन के दौरान रासायनों की निर्धारित मात्रा ही प्रयोग करें। निर्माण तिथि तथा प्रयोग कर सकने की अंतिम तिथि देखकर ही बीजों का प्रयोग करें।

## सार-संक्षेप



होनहार छात्रा को पुरस्कृत करते शिक्षक। अमृत विचार

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय में सम्मानित किए गए होनहार बच्चे

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कस्बे के विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। इनमें सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय, कामता हायर सेकेंडरी स्कूल, संतोषी अखाड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल, एपीएस, विद्याधाम, एकलव्य विद्यालय आदि प्रमुख रहे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि कुलपति के निर्देश पर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। समारोह का संयोजन एवं संचालन मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के उपनिदेशक डॉ. सूर्य प्रकाश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### सर्वेक्षण कर की जाएगी पर्यटकों की गणना

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि घरेलू और विदेशी पर्यटकों की गणना से संबंधित सर्वेक्षण मेसर्स ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोक सेल्फ गवर्नमेंट नई दिल्ली द्वारा पर्यटन विभाग उप्र एवं नियोजन विभाग के समन्वय से किया जाएगा। इसका प्रथम चरण एक जून से शुरू होगा। इसमें महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, हवाई अड्डा, होटलों, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, लॉज, गेस्ट हाउस, होम स्टे, पेइंग गेस्ट एवं ढाबे आदि में आने वाले पर्यटकों की गणना की जाएगी। प्रथम चरण एक माह का होगा। दूसरा चरण एक अगस्त से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा।

### पत्रकार को पितृशोक

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** कस्बे के वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश दीक्षित के पिताजी बाबूलाल दीक्षित का गुरुवार को निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त बाबूलाल दीक्षित कई दिनों से बीमार चल रहे थे और प्रयागराज में उनका इलाज चल रहा था। बीमारी से उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था और बीते दिन उन्होंने अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे पुत्र अखिलेश के अलावा दो पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर प्रेस क्लब चित्रकूट के अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी सहित अन्य पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त किया है।

### स्वयंसेवी संस्थाएं राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर दे रहीं राहत

**मौदहा (हमीरपुर)।** भीषण गर्मी व आसमान से आग बरसती तपन से जहां जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं निजी स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा राहगीरों को नि:शुल्क शरबत व शीतल जल पिलाकर गला तर कर राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए इन्फोटेक सॉल्यूशन स्वयंसेवी संस्था के द्वारा कस्बे के रागौल रेलवे स्टेशन में शीतल जल व शरबत पिलाकर वहां से निकल रहे राहगीरों का गला तर कर आम जनमानस को राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्था के पदाधिकारी संतोष ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण आम जनमानस को जल एवं शरबत पिलाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। इसी प्रकार से अन्य शाखाएं ब्लॉक के अन्य क्षेत्रों में भी कार्य कर रही है और आम जनमानस को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर प्रियंका, धर्मवीर, जीत राजा, करन, अर्चना, सोनू आधा दर्जन लोग उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय टीम ने परखीं सीएचसी की व्यवस्थाएं

संवाददाता, राठ(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को कायाकल्प का असिसमेन्ट किया गया। जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग निदेशालय लखनऊ के द्वारा मनोनीत अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कायाकल्प असिसमेन्ट करते हुए अस्पताल की स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था की जांच पड़ताल की। कायाकल्प टीम ने निरीक्षण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

शुक्रवार को कायाकल्प टीम के बांदा से आए डॉ.योगेश लहरी, एवं डॉ.तरन्नुम के अलावा कानपुर से आये डॉ.आरिफ बेग और डॉक्टर फिरोज अहमद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर साफ सफाई और स्वच्छता की पड़ताल की। कायाकल्प की टीम ने इमरजेंसी वार्ड में जाकर वार्ड ब्वॉय से मरीजों का प्राथमिक उपचार के तरीके पूछे तथा साथ ही नीले पीले और लाल डस्टबिन में अलग-अलग तरह का कचरा डालने की जानकारी ली। उन्होंने दवाओं का स्टॉक देखने के उपरांत महिला प्रसव अस्पताल में जाकर स्टाफ नर्सों से प्रसव करने के दौरान ध्यान देने वाली सावधानियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई बनाए रखने पर जोर दिया।

**क्रिकेट** | सद्गुरु प्रीमियर लीग सीजन-14 का समापन, अच्छे प्रदर्शन के लिए खिलाड़ी सम्मानित

# एसआईसीएस सुपर किंग ने जीता खिताब

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सद्गुरु पब्लिक स्कूल के खेल प्रांगण में सद्गुरु मित्र मण्डल के तत्वाधान में हुई प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के सीजन-14 का खिताब एसआईसीएस सुपर किंग ने जीत लिया। शुक्रवार को हुए फाइनल मैच में उसने जेकेसी स्टार इलेवन को हराया।

प्रतियोगिता में सद्गुरु ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित विभिन्न विभागों की कुल 15 टीमों ने प्रतिभागिता की। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि अमेरिका के हृदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रकाश डी शाह और उनकी पत्नी सोना शाह रहीं। उन्होंने खिलाड़ियों



ट्राफी के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

का परिचय लिया। साथ ही ट्रस्टी डॉ. बीके जैन, शिक्षा समिति अध्यक्ष उषा जैन, ट्रस्टी डा. इलेश जैन और प्रधानाध्यापकों ने गुरुदेव श्री रणछोड़दास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर फाइनल मैच की शुरुआत की। एसआईसीएस सुपर किंग ने जेकेसी स्टार इलेवन को 35 रन से मात दी। विजेता टीम और शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

समारोह में डॉ. बीके अग्रवाल, डॉ. पूनम आडवानी, डॉ. दीपक शर्मा, अनुभा अग्रवाल, सुरेंद्र तिवारी, राकेश तिवारी, शंकरदयाल पांडेय, दीपक वानी, फिरोज खान, रेफरी तुषारकांत शास्त्री, धीरेंद्र वर्मा, रोशन सेन, विनोद पांडेय, राजकुमार आदि और छात्र-छात्राएं एवं सद्गुरु परिवार के सदस्य आदि ने मौजूद रहकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

# गैरहाजिर दो चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ का वेतन रोकने के दिए निर्देश

## जिला पुरुष व महिला अस्पताल का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- चिकित्सक के ड्यूटी में देरी से आने पर लगाई कड़ी फटकार
- बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

**अमृत विचार।** जिला पुरुष व महिला अस्पताल का जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गैरहाजिर दो महिला चिकित्सकों समेत पैरामेडिकल स्टाफ का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। चिकित्सक के ड्यूटी में देरी से आने पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाई। वार्डों का भ्रमण करते हुए भर्ती मरीजों से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्य चिकित्साधीक्षक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने शुक्रवार को जिला पुरूष एवं महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुरूष चिकित्सालय में आकस्मिक वार्ड, पुरूष वार्ड, पैथालॉजी, ओपीडी, शिशु एवं बाल रोग विभाग, ईएनटी, डेंगू वार्ड, इमरजेन्सी वार्ड, बर्न वार्ड तथा महिला वार्ड एवं चिकित्सकों के उपस्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से चिकित्सीय इलाज के संबंध में जानकारी लेते हुए चिकित्सकों को अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।



जिला अस्पताल का निरीक्षण करतीं डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों से वार्ता करते हुए उनकी बीमारी एवं अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सुविधा के संबंध में जानकारी ली एवं उपस्थित चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण में जिला चिकित्सालय में डॉ. विकास दीप के ड्यूटी में देरी से आने पर कड़ी फटकार लगाई। जिला महिला चिकित्सालय के निरीक्षण में डॉ. रीमा आर्या, डॉ. नमरा सिराज अनुपस्थित मिलीं। इस पर डीएम ने अनुपस्थित चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के विरूद्ध अनुपस्थित दिवस का वेतन रोकने की कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आकस्मिक वार्ड में भर्ती अधिक मरीजों को देखते हुए चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों को आकस्मिक चिकित्सा के बाद संबंधित वार्डों में खाली बेडों पर शिफ्ट करें।

उन्होंने पैथालॉजी में किये जाने वाले प्रतिदिन ब्लड सैंपल कनेक्शन एवं उनकी जांच किये जाने तथा उसकी मिलने वाली रिपोर्ट के संबंध में जानकारी देते हुए निर्देश दिये कि निर्धारित समय के भीतर मरीजों को जांच रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने सर्जिकल वार्ड, पैथालॉजी लैब, बच्चों के पीएनसी वार्ड का निरीक्षण करते हुए सभी गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच कर बेहतर चिकित्सा इलाज दिये जाने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.आरके गुप्ता, डा.विनीत सचान सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में फंदे पर लटका मिला युवती का शव

**बांदा।** ससुराल में युवती का शव कमरे के अंदर साड़ी के सहारे बास की बल्ली में लटकता पाया गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मायके वालो ने हत्या का आरोप लगाया है।

गिरवां थाना क्षेत्र के बरसड़ा खुर्द गांव निवासी खुशबू (21) पत्नी चद्रेश का शव गुरूवार की रात कमरे के अंदर फंदे पर लटकता मिलता। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पिता रामलाल निवासी सिरसावन सतना ने बताया कि उसने अपनी बेटी खुश्बू की शादी एक साल पहले की थी। शादी के बाद से ही ससुराली जन कम दहेज का ताना देकर प्रताड़ित करते थे। गुरूवार की रात खुशबू अपने पति के साथ मायके से ससुराल आई थी। आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुराली जनो ने मारपीट कर मार डाला। आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे पर लटकता दिया। उधर मृतका के पति ने बताया कि रात को चावल खाने को लेकर नाराज हो गई थी। इसी के चलते उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

## मोदी को एनडीए का नेता चुने जाने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जताई खुशी
- मुख्यालय स्थित महाराणा प्रताप चौक पर पटाखे फोड़े

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा नेता सदन चुने जाने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। मुख्यालय स्थित महाराणा प्रताप चौक पर पटाखे दागकर खुशी का इजहार किया। मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते खुशी जताई।

नई दिल्ली में एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार नेता सदन चुने जाते ही भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मुख्यालय स्थित महाराणा प्रताप चैक में जश्न मनाते हुए पटाखे फोड़े और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी ने अथक प्रयास, परिश्रम से हर पल, हर घड़ी, हर दिन, हर वर्ष देश की सेवा के लिए अपने आप को समर्पित किया है। यही कारण है कि आज भारत पुनरू इतिहास रच रहा है कि तीसरी बार लगातार बहुमत के साथ एनडीए की सरकार आ रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि ये एनडीए की विकास यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास, उनकी नीतियां, रिफार्म, प्रोफार्म, ट्रांसफार्म देश को आगे ले जाने में सक्षम हुआ है। इसी प्रकार पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष लवलेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनोज पुरवार ने भी संबोधित किया।



जश्न मनाते भाजपाई। अमृत विचार

जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की कार्य क्षमता, उनकी कार्य कुशलता, दूरदर्शिता, प्रमाणिकता प्रत्यक्ष रूप से पूरे देशवासियों ने देखा है। इस अवसर पर चेयरमैन मालती बासू, पंकज रैकवार, संतू गुप्ता, शैलेंद्र जयसवाल, वंदना गुप्ता, संतोष नायक, प्रेमनारायण पटेल, मोहित गुप्ता, दिलीप तिवारी, धीरेन्द्र सिंह गौतम, राकेश गुप्ता, लखन राजपूत, संतोष राजपूत, निखिल सक्सेना, दीपक राजपूत, पुष्कर द्विवेदी, अमित सेठ भेलू, राममिलन तिवारी, नवीन गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता दद्दू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सहकारी देयों की वसूली 30 तक अवश्य करें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- जिला सहकारी बैंक के ऋण वसूली की चेयरमैन ने की समीक्षा

**अमृत विचार।** सभी ऋणी सदस्यों से वसूली कर तीन प्रतिशत ब्याज पर पुनः ऋण प्रदान करने के साथ यदि कोई सदस्य 30 जून तक ऋण नहीं अदा करता तो उससे 17.70 प्रतिशत ब्याज सहित वसूली की जाए।



पंकज अग्रवाल।

जिला सहकारी बैंक के सभापति पंकज अग्रवाल ने सहकारी देयों की वसूली की समीक्षा की। बैठक में जनपद बांदा में 1878.23 लाख एवं जनपद चित्रकूट में 2279.01 लाख तथा कुल 4157.24 लाख रुपए की वसूली शेष रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सहकारी बैंक के सभी उप महाप्रबंधकों, शाखा प्रबंधकों तथा समितियों के सचिवों को जोरदारी के साथ ऋण वसूली करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में बांदा के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन राजेश कुमार एवं जनपद चित्रकूट के आरके शुक्ला ने सभी बकाएदार सदस्यों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी सहकारिता तथा सहकारी कुर्क अमीनों को निर्देश दिए है कि बकाएदार सदस्यों के विरूद्ध साइटेशन, वारंट, गिरफ्तारी, कुर्की की कार्रवाई एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करते हुए अधिक से अधिक ऋण वसूली करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी बकाएदार सदस्यों से अपील की है कि वह अपना बकाया समितियों के माध्यम से तीन फीसदी ब्याज ऋण के साथ अदा करें। बैंक के सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एके सिंह द्वारा अवकाश के दिवसों में भी वसूली करने के निर्देश दिए।

## सचिवों को ऑनलाइन फीडिंग की ट्रेनिंग

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद जिले में विकास कार्यों की गति धीमी हो गई थी। विकास कार्यों को पुनः गति देने के लिए विकास भवन में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रदेश मुख्यालय से आए प्रशिक्षकों ने सभी ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत की बैठक में आनलाइन विवरण फीडिंग का प्रशिक्षण दिया।

विकास भवन सभागार में शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण में सभी सचिवों को पोर्टल पर परिवार रजिस्टर ऑनलाइन विवरण फीड करने तथा संशोधन का प्रशिक्षण दिया गया। राज्य स्तर से आए प्रशिक्षकों द्वारा समस्त सचिवों को प्रशिक्षण देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। पीपीटी के माध्यम से ऑनलाइन फीडिंग संशोधन और रिपोर्ट संबंध में व्यापक जानकारी दी। मौसम में बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। सभी कर्मचारियों को एक सप्ताह में सामान्य खराबी से निष्क्रिय हैंडपंपों को ठीक करने के निर्देश देते हुए रिबोर योग्य हैंडपंपों को भी संचालित करने को कहा। बताया कि जिला पंचायत राज अधिकारी से प्रतिदिन फीडिंग कार्य की समीक्षा करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के लाभार्थियों का चयन तीन दिन के अंदर करते हुए सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। परियोजना निदेशक प्रवीणानंद ने प्रधानमंत्री आवास में खराब प्रगति वाले सचिवों को सख्त चेतावनी देते हुए शत प्रतिशत आवासों को पूरा कराने को कहा। जनपद में पिछले दो सालों से आवंटित किए गए अंत्येष्टि स्थलों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सीडीओ ने समस्त सचिवों को निर्देश दिया कि इन कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा कराना सुनिश्चित करें।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व सचिव। अमृत विचार

- डीपीआरओ प्रतिदिन करेंगे फीडिंग कार्य की समीक्षा

## मोबाइल के लिए छात्रा ने फांसी लगा जान दी

**पैलानी।** थाना क्षेत्र के खप्टिहा कला गांव निवासी दीक्षा उर्फ राधा (17) पुत्री जगदेव वर्मा ने इस वर्ष इंटर की परीक्षा पास की थी। नीट की तैयारी कर रही थी। इसी के लिए उसने फार्म भी अप्लाई कर चुकी थी। गुरूवार की शाम वह मोबाइल हाथ में लिए थी। इस पर पिता ने डाटते हुए मोबाइल छीन लिया। दीक्षा मोबाइल मांगती रही। लेकिन पिता ने मोबाइल नही दिया। इसी बीच मौका पाकर वह आगन में लगे नीम के पेड़ में चढ गई। रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद घरवालो की निगाह पड़ी। तो आनन फांनन फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे जीबित होने की आशंका पर घरवालो ने उसे रानी दुर्गावती मेंडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पिता ने बताया कि दीक्षा तीन बहनो में सबसे छोटी थी।

## सार-संक्षेप





मृतक की पत्नी को चेक सौंपतीं डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल। अमृत विचार

### चुनाव ड्यूटी में मृत कर्मचारी की पत्नी को 15 लाख का चेक

**बांदा।** एक पखवारा पहले चुनाव ड्यूटी के दौरान भूमि संरक्षण विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत पर निर्वाचन आयोग से प्राप्त 15 लाख रुपए की अनुग्रह राशि का चेक जिलाधिकारी ने मृतक की पत्नी को सौंपा। इस दौरान उन्होंने मृतक की पत्नी से हालचाल जाना और हर संभव प्रशासनिक मदद का भरोसा दिलाया। कहा कि कोई भी दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान और सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रविधान किया गया है। 20 मई को लोकसभा चुनाव के दौरान ड्यूटी पर तैनात भूमि संरक्षण विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रघुवर दयाल की मौत हो गई थी। चुनाव ड्यूटी के दौरान कर्मचारी की मौत का संज्ञान लेते हुए निर्वाचन आयोग ने जिला प्रशासन ने पूरे मामले की आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में शुक्रवार को कलक्ट्रेट में निर्वाचन आयोग से प्राप्त 15 लाख रुपए की अनुग्रह राशि का चेक जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने मृतक की पत्नी रेखा को सौंपा। डीएम ने मृतक की पत्नी से कुशलक्षेम लेते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मृतक कर्मचारी की पत्नी के साथ आए भाई राकेश कुमार की देखभाल करने की हिदायत दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमिताभ यादव, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी रामशंकर उपस्थित रहे।



योगाभ्यास करते शिक्षक व छात्र। अमृत विचार

### कृषि विश्वविद्यालय में 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शुरू

**बांदा।** छात्र कल्याण अधिष्ठाता खेल इकाई के तत्वाधान में कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कुलपति ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को योग का महत्व बताया। कहा कि योग सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मा पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय परिसर स्थित मेजर ध्यानचंद्र स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को खेल इकाई की अगुवाई में 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. एनपी सिंह ने किया। कुलपति ने कहा कि योग शारीरिक व्यायाम तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के मन शरीर और आत्मा पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए लोगों को योग के प्रति जागरूक करने तथा इसे जन आंदोलन के रूप में प्रेरित करना बहुत जरूरी है। कुलसचिव प्रो. एसके सिंह ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए योग शिविर आयोजन पर जोर दिया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अजय सिंह ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया। अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. जीएस पंवार ने गर्मी के मौसम को ध्यान मे रखते हुए योग संचालित करने को कहा। इस मौके पर प्रो. एसपी द्विवेदी, डा. संजीव कुमार, डा. अभिषेक यादव समेत तमाम छात्र-छात्राएं व कर्मचारी शामिल रहे।

### नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर मयंक ने बढ़ाया जिले का मान

**बांदा।** मयंक कुमार ने नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त करके अपने माता-पिता व जनपद का मान बढ़ाया है। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 6071 प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों के साथ-साथ स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। शहर के महादेव पेट्रोल पंप इंद्रप्रस्थ निवासी मयंक के पिता एक गुटखा फैक्ट्री में मात्र 8 हजार रुपए की नौकरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। मयंक की मां गृहणी हैं। दो छोटी बहनों में मयंक बड़ा है। उसने कोटा में रहकर 2 साल तैयारी की और सफलता प्राप्त की। मां अपनी छोटी बेटियों को पिता के सहारे छोड़कर बेटे की पढ़ाई के लिए कोटा में साथ रहती थी, ताकि उसका बेटा अच्छी पढ़ाई कर परिवार को चलाने के लिए अच्छी नौकरी कर सके। मयंक ने सन 2020 में संत तुलसी पब्लिक स्कूल से हाईस्कूल की परीक्षा 81 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की, एवं इंटरमीडिएट विद्यापति पब्लिक स्कूल से 75 फीसदी अंक हासिल किए। इसके बाद मयंक कोटा में रहकर नीट की तैयारी करते हुए सफलता प्राप्त की है। उसकी इस उपलब्धि से परिजनों के साथ-साथ स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है।



माता-पिता के साथ मयंक। अमृत विचार

## प्रकृति के संरक्षण को लोगों से आगे आने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** चार दिवसीय प्रकृति पाठशाला में पालीथिन के बढ़ते प्रयोग पर गहरी चिंता जताई गई। कहा कि पालीथिन के प्रयोग से तमाम मुश्किलें होती हैं। प्रकृति का संरक्षण न होने से लोग तमाम दैवीय आपदा का सामना करते हैं। पाठशाला में वाटर हीरो ने लोगों से प्रकृति संरक्षण में आगे आने का आह्वान किया।

जनपद के अधांव गांव में जीआईजेड, हेस्को, अमय, मंगल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में चलाई जा रही चार दिवसीय प्रकृति की पाठशाला कार्यक्रम संयोजक वाटर हीरो रामबाबू तिवारी ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण संवर्धन, गांव को हरा भरा रहने के लिए सभी को आगे आना होगा। गांव में समृद्धि लाने के लिए अपने पुरखों के नाम में उनकी याद में एक एक पौधे लगाकर तैयार करना होगा। भयंकर गर्मी से निजात सिर्फ वृक्ष ही दिला सकते हैं। वृक्ष मानव जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। वृक्ष सिर्फ गर्मी से निजात ही नहीं आमदनी भी बढ़ाते है। पालीथिन के प्रयोग पर चिंता जताई। कहा कि गांव की नालियां भी चोक हो रही है। कहा जाए कि गांव की नालियां भी निर्मल और अविरल नहं बहती। इस मौके पर संजय गुप्ता, निर्भय, अंकित, आरती, पलक, चांदनी, पूनम, यश, संग्राम, अजय, अर्पित आदि रहे।



प्रकृति पाठशाला में बोलते वाटर हीरो रामबाबू तिवारी। अमृत विचार

## पानी लेने जा रही किशोरी को ट्रक ने कुचला, मौत

संवाददाता, कमासिन

**अमृत विचार।** पानी भरने हैंडपंप जा रही किशोरी को बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के जामू गांव निवासी सुमन (16) पुत्री दयाराम वर्मा गुरूवार की रात सड़क पार करके अस्पताल में लगे हैडपंप से पानी भरने जा रही थी। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। काफी देर बाद वहां से निकल रहे एक ग्रामीण ने देखा तो परिजनो को सूचना दी। खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतका के पिता ने बताया कि उसकी आर्थिक स्थित ठीक नहीं है।

**एटीओ पर आरोप** दलित कर्मचारी को आफिस का पानी न छूने से रोका

## घरेलू कार्यों का दबाव बनाते हैं साहब

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- डीएम ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक को जांच सौंपी

**अमृत विचार।** छुआछूत को लेकर भले ही वर्षों पहले से कड़े कानून बनाने के साथ इस पर रोक लगाने की कवायद चल रही है, लेकिन हकीकत में आज भी ऐसे इक्का-दुक्का मामले सामने आ जाते और समाज का घिनौना चेहरा उजागर करने का काम करते हैं। ऐसा ही एक मामला जिला कोषागार में तैनात दलित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ सामने आया है। जहां सहायक कोषाधिकारी पर छुआछूत करने और घर में बीमार मां का सेवा करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

वहीं दलित कर्मचारी पर कार्यालय का पानी न छूने जैसे आरोप भी लगाए हैं। पूरे मामले को मुख्य कोषाधिकारी ने जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करके उच्चस्तरीय जांच कराने की बात कही है।

जिला कोषागार में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण चंद्र पुत्र वृंदावन निवासी गोयरामुगली, बांदा ने मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर बताया है कि मामला करीब सात माह पहले का है। जब कार्यालय में तैनात सहायक कोषाधिकारी अजीत सिंह ने उसे अपने चेंबर में बुलाकर उनकी बीमार मां की सेवा और घरेलू काम करने की हिदायत दी। उसने विरोध करते हुए घरेलू काम करने से इंकार कर दिया।

बस फिर क्या था, एटीओ साहब का पारा चढ़ गया और उन्होंने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते गालीगलौज शुरू कर दी। हालांकि बाद में आला अधिकारियों की मध्यस्थता और एटीओ के शिकायत न करने की मिन्नत करने पर उसने मामले का रफा-दफा कर दिया था। लेकिन कुछ दिन बाद 16 मई को एटीओ अजीत सिंह ने एक बार फिर से चेंबर में बुलाकर अपमानित किया और आफिस में रखा पानी न छूने के साथ ही चेंबर में प्रवेश से पहले जूते चप्पल बाहर उतारकर आने का फरमान सुना दिया। इससे आहत होकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण चंद्र ने मुख्य कोषाधिकारी से मामले की शिकायत की। जिस पर मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार ने पीड़ित कर्मचारी की जिलाधिकारी से मुलाकात करवाकर जांच की बात कही। बताया है कि जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच शुरू करा दी है।

## पूर्व बुंदेलखंड केसरी का बीमारी से निधन

संवाददाता, चिल्ला

- अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोगों ने भागीदारी की

**अमृत विचार।** पैलानी तहसील क्षेत्र के पिपरहरी गांव निवासी पूर्व बुंदेलखंड केसरी व पहलवान रहे भीषम सिंह का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। निधन की सूचना मिलते ही आसपास के गांव अमलोर, रेहुटा, पैलानी, खप्टिहाकलां, अलोना, सांड़ी, निवाईच, अतरहट, पपरेंदा, पलरा, जसपुरा, चंदवारा, सादी मदनपुर, चिल्ला समेत दर्जनों गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोगों ने भागीदारी करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके छोटे पुत्र राजा सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। पुत्र ने बताया कि वर्ष 1965-70 में पहलवानी के चलते उन्हें बुंदेलखंड केसरी का खिताब मिला था। साथ ही साथ वर्ष 2001 से 2006 व 2006 से 2011 तक गांव के प्रधान भी रहे हैं। वही दिवंगत के बड़े बेटे हरीकरण सिंह व दिवंगत की पत्नी प्रेमा सिंह भी पिपरहरी में प्रधान रहकर गांव की सेवा की है। एसडीएम पैलानी शशिभूषण मिश्र, तहसीलदार पैलानी विकास पांडेय, नायब तहसीलदार पैलानी मोहम्मद मुस्तकीम, ग्राम प्रधान खप्टिहाकला मैना देवी निषाद, ग्राम प्रधान अलोना सुमित सविता, ग्राम प्रधान रेहुंटा ओमकार निषाद, ग्राम प्रधान अमलोर प्रवीण सिंह प्रिया, ग्राम प्रधान चंदवारा अरविंद सिंह गौतम, किसान नेता पुष्पेंद्र सिंह चुन्नाले आदि ने दुख जताया है।



भीषम सिंह।

## पुलिया से टकराई बाइक, एक की मौत

**अतर्रा।** बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गये। जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान एक युवक की मृत्यु हो गयी। कोतवाली अंतर्गत हबीब का पुरवा का अंश बरेहंडा निवासी 15 वर्षीय रशीद पुत्र इरशाद अपने साथी ग्राम सेमरिया निवासी सलीम 15 एवं फुफेरे भाई थाना जसपुरा निवासी 16वर्षीय इमरन के साथ खरीददारी के लिए बाइक से अतर्रा हुआ था। तीनों खरीदारी कर मोटरसाइकिल से गांव वापस जा रहे थे। जैसे ही वह ओरन रोड पर पुलिया के पास पहुंचे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे खम्भे से टकरा गई।

इससे तीनो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर होने के बाद इलाज के दौरान इरशाद की मृत्यु हो गई। जबकि घायल दोनों युवकों का इलाज चल रहा है।



अस्पताल में भर्ती मरीज। अमृत विचार



भीषण गर्मी के चलते रेलवे स्टेशन रोड पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

# दो दिन के बाद गर्मी ने फिर से दिखाए तेवर, बढ़ा तापमान

## बढ़ते तापमान को लेकर लोगों की फिर से बढ़ने लगीं मुश्किलें, घर से नहीं निकल पा रहे लोग

**पारा 46.2 डिग्री के पार**

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में दो दिन तक मौसम से हल्की राहत मिलने के बाद शुक्रवार को एक बार फिर मौसम ने करवट बदली और भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों ने अपना असर दिखाया, जिससे लोगों का गर्मी से बुरा हाल हो गया। गर्मी के चलते सुबह दस बजे से लोग घरों में कैद हो गए, दोपहर के समय तापमान बढ़कर 46.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ लू के थपेड़ों ने आम आदमी को झकझोर कर रख दिया है। इस साल तेज धूप लोगों के लिए मुसीबत बन गई है।

गौरतलब है कि इस दफा लगातार एक पखवाड़े से तेज गर्मी और लू के थपेड़े जानलेवा साबित हो रहे थे। प्रतिदिन भीषण गर्मी के चलते उल्टी दस्त, बुखार, चक्कर, पेट दर्द, सिर दर्द के मरीज जिला अस्पताल में पहुंच रहे हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने से वार्ड भरे पड़े हैं। उधर गर्मी का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है, गर्म हवाओं के चलने और आसमान से बरस रही आग ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। पूर्व में दो दिन तक आसमान में बादल रहने से लोगों को गर्मी से थोड़ी बहुत राहत मिली और लोगों में बारिश होने की उम्मीद भी जागी थी, लेकिन बारिश होना तो दूर भीषण गर्मी ने एक बार फिर से जोर पकड़ लिया है।

अत्यधिक गर्मी बढ़ने और लू के थपेड़ों के चलते कूलर पंखे गर्म हवाएं फेंक रहे हैं। दो और तीन मंजिला इमारत में रहने वालों का गर्मी से बुरा हाल है, मकानों की दीवारें आग की तरह तप रही हैं। गर्मी से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा समय समय पर एडवाईजरी भी जारी की जा रही है।

## पॉक्सो के मामले में अभियुक्त को पांच वर्ष का कारावास

**महोबा।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश संदीप चौहान ने एक किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में दोष सिद्ध हो जाने पर अभियुक्त को पांच साल का करावास और दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

20 नवम्बर 2020 को कोतवाली चरखारी के एक गांव निवासी 12 वर्षीय किशोरी शाम सात बजे दशहरा मिलने के लिए गांव में ही जा रही थी, अंधेरा होने के कारण गांव के हरदयाल ने उससे छेड़खानी करने लगा। किशोरी चिल्लाते हुए मौके से भागने में सफल रही। उसने परिजनों को मामल की जानकारी दी। 26 दिसम्बर 2020 को किशोरी ने अपने पिता के साथ कोतवाली में हरदयाल के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। शुक्रवार को अपर जिला सत्र न्यायाधीश ने बहस सुनने के बाद हरदयाल को दोषी ठहराते हुए पॉक्सो के तहत पांच साल की सजा और दो हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। इस मुकदमे की सरकार पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि अदालत ने छेड़खानी के मामले में अभियुक्त को एक साल की सजा और एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# बुंकियू कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को ठंडा पानी पिलाकर दी राहत

संवाददाता, पनवाड़ी महोबा



पौशाला में ठंडा पानी पीते लोग। अमृत विचार

- बुंकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंकज तिवारी ने किया आयोजन

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंकज तिवारी ने भीषण गर्मी को देखते हुए शुक्रवार को पनवाड़ी में निःशुल्क ठंडे पानी का प्याऊ खुलवाया, जिससे राहगीर व अन्य लोग ठंडा पानी मिलने पर राहत महसूस कर रहे हैं। प्याऊ के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि प्यासे को जल पिलाना बहुत ही पुनीत कार्य है। गर्मी के मौसम में राहगीरों को उमस भरी गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दूर दूर तक मुख्य व अन्य मार्गों में पौशाला न होने से लोग पानी के लिए परेशान रहते हैं। इसी समस्या को देखते हुए प्याऊ खोला गया है।

तेज धूप के बीच लोग पानी के लिए इधर उधर भटकते पाए जाने पर बुंदेलखण्ड किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने लोगों को पानी पिलाने का मन बना लिया और शुक्रवार को पौशाला खोलकर पानी पिलाना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि हमारा मकसद भीषण गर्मी व तपन में किसी को शीतल जल से तृप्त करना है। इससे ज्यादा मानवता की सेवा और क्या हो सकती है।

किसान नेता ने लोगों से अपील की जल को संरक्षित करें और बेवजह पानी बर्बाद ना करें नहीं तो आने वाले समय में भारी जल संकट का सामना करना पड़ेगा। बता दें कि किसान नेता द्वारा समय-समय पर किसानों की आवाज बुलंद की जाती है। गर्मी में अब लोगों को सुबह से शाम तक ठंडा पानी मयस्सर हो रहा है।

### शहर के पौशाला में जुटती है भारी भीड़

महोबा। शहर के व्यस्तम चौराहा आल्हा चौक में नगर पालिका ने पहले दफा पौशाला खोल दी है, जहां पर ठंडे पानी के वाटरकूलर रखवा दिए गए हैं। इस पौशाला में सारा दिन भारी भीड़ जुटी रहती है, तीन तीन घंटे के बाद नगर पालिका की गाडी से वाटरकूलर में ठंडा पानी भरा जाता है, जिससे यहां की पौशाला में भारी भीड़ जमा रहती है। इतना ही आल्हा चौक में मजदूरी करने के लिए सुबह से आने वाले मजदूरों को अब पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता।

# दल के टुकड़े-टुकड़े करके दल बदल कर चल दिए...



गोष्ठी में मौजूद साहित्यकार व कवि। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- व्यापार मंडल अध्यक्ष के आवास पर सरस काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** जिला मानवाधिकार इकाई व व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामजी गुप्ता के आवास पर शुक्रवार को सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, गोष्ठी की शुरुआत न्याय विभाग के जीतेंद्र आदित्य ने सरस्वती वंदना मां हे वीणा पाणि मैं हूं चरणों की धूल, अक्षर स शब्द मेरे हो अनुकूल प्रस्तुत कर की गई। इसके बाद तमाम साहित्यकार और कवियों ने अपनी अपनी रचना सुनाकर लोगों की वाहवाही लूटी। सार्वजनिक सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सभासद बलवीर सोनी के नेतृत्व में गोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लखनलाल चौरसिया ने राजनीतिक कविता सुनाते हुए कहा कि दल के टुकड़े-टुकड़े कर के, दल बदल कर चल दिए। दल बदल की इन्हें न परवाह ये जिएं कुर्सी के लिए। अधिवक्ता प्रमोद सक्सेना ने रचना सुनाई कि मां की ममता प्यार पिता का प्रभु कृपा से मिलता है, जैसे घृत बाती से मिलकर पावन दीपक जलता है। लघु कथाकार सोनी ने मजदूरी पर रचना पढ़कर उपस्थित लोगों की वाहवाही लूटी। वरिष्ठ कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने वर्तमान समाजिक परिस्थितियों पर कविता सुनाई कि अब लोगों की खुशियां भी बनावटी है, हरीश सब दर होते जा रहे हैं, भाईचारे की बाहों से।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे वीरभूमि राजकीय महाविद्यालय महोबा के पूर्व प्रवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी ने राजनीति और संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर ने काम करो है जनता के लाने एक महान, रचकै भारत को संविधान। इस मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पुरवार, हरिकृष्ण पोद्दार, मुसीर आदि मौजूद रहे। गोष्ठी से ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर की संपत्ति कुर्क की

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर की कार्रवाई
- एसडीएम ने दो मंजिला इमारत में चस्पा की कुर्की की नोटिस

**अमृत विचार।** जिला न्यायालय के आदेश पर पुलिस अधिकारियों की मौजूद में पुलिस टीम ने ग्राम मकरबई के एक हिस्ट्रीशीटर की संपत्ति कुर्की करते हुए शहर के मोहल्ला भटीपुरा स्थित दो मंजिला मकान में नोटिस चस्पा किया गया साथ ही मुनादी करते हुए कुर्की आदेश को लोगों को सुनाया गया और यह संपत्ति राजस्व विभाग के आधीन हो गई है।



मुनादी कर कुर्की की नोटिस सुनाते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

थाना कबरई के ग्राम मकरबई निवासी चेतराम पाल उर्फ चेतू पाल एक हिस्ट्रीशीटर है, जिसने अपराध करते हुए तमाम संपत्ति बनाई और पूर्व में इसी धन से अपनी पत्नी गेंदारानी के नाम शहर के मोहल्ला भटीपुरा में दो मंजिला मकान का निर्माण कराया था, जिसकी जानकारी होने पर जिला मजिस्ट्रेट ने वाद सरकार बनाम चेतराम पाल के खिलाफ संपत्ति जब्तीकरण कर कुर्की की कार्रवाई किए जाने के पुलिस को आदेश दिए गए थे। शुक्रवार को न्यायालय के आदेश पर उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मोहल्ला भटीपुरा पहुंच और हिस्ट्रीशीटर द्वारा अपराध कर अर्जित किये गये रुपयों से बनाई गई सम्पत्ति पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

एसडीएम ने बताया कि जिला न्यायालय के आदेशनुसार यह कार्रवाई की गई है, जिससे बदमाश द्वारा अपराध कर अर्जित किये गये रुपयों से दो मंजिला मकान को जब्त कर कुर्क किया गया है। बताया कि उक्त मकान की कीतम लगभग 17 लाख 2461 रुपये बताई जा रही है।

भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर कुर्की की कार्रवाई की गई और मुनादी करा कर कुर्की के आदेश को चस्पा कर लोगों को पढ़कर भी सुनाया गया। अब बदमाश की संपत्ति राजस्व विभाग के अधीन है।

# धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से फहराया जा रहा धर्म ध्वज

**महोबा।** विकासखंड कबरई के ग्राम इमलिया अतरार में हनुमान मंदिर गौरैया माता प्रांगण परिसर में श्रीराम महायज्ञ और भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जहां पर मध्यप्रदेश के जनपद टीकमगढ़ से आए कथावाचक रमाकांत शास्त्री ने भक्तों को कथा का रसपान कराया। जबकि आचार्य श्रीकांत महाराज द्वारा श्रीराम महायज्ञ को पूर्ण कराया जा रहा है।

इस मौके पर वृंदावन की रामलीला मंडलीय द्वारा रामलीला का भी आयोजन किया जा रहा है। इन धार्मिक अनुष्ठानों में ग्राम के अलावा आसपास के ग्रामों के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

यज्ञ आचार्य श्रीकांत महाराज द्वारा इस धार्मिक अनुष्ठान में धर्म ध्वज फहराया जा रहा है सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए तथा क्षेत्र में खुशहाली शांति सद्भाव एवं भारतीय संस्कृति बचाने के लिए कथा व्यास गद्दी से कथा व्यास श्रीमद् भागवत कथा एवं श्रीराम चरितमानस ग्रंथ की चौपाइयों के माध्यम से हजारों भक्तों को अपनी सनातन संस्कृति से जोड़ने एवं घर-घर संस्कार जागृत करने के लिए मधुर वाणी से कथा का रसपान कर रहे।

# पत्नी को पीटकर दो बेटियों सहित घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पीड़िता ने पति, सास और सुसर के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार।** थाना कुलपहाड़ क्षेत्र के ग्राम बिहार निवासी मिथलेश ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वर्ष 2022 में कोतवाली श्रीनगर के ग्राम पवा निवासी मुकेश के साथ हि विवाह संपन्न हुआ था।

शादी के बाद सबकुछ अच्छा चल रहा था, लेकिन एक साल बाद पहली पुत्री होने पर ससुरालीजनों के व्यवहार में बदलाव आने लगा। कुछ माह पहले उसने दूसरी पुत्री को जन्म दिया, जिस पर उसके ससुरालीजनों के साथ साथ उसका पति भी उसे प्रताड़ित करने लगा। पीड़िता ने बताया कि एक दिन पुत्रियों की परवरिश के नाम पर जबरन मायके से मिला पांच तोला सोना और डेढ़ लाख रुपये और एक बाइक की मांग करने लगे। पीड़िता ने इंतजाम करना नमुमकिन होने की बात कही, जिस पर पति और ससुरालीजनों ने उससे मारपीट करते हुए दोनों बच्चियों के साथ ससुराल से निकाल दिया। वह मजबूर होकर अपने मायके चली गई और अपनी मां के साथ कोतवाली श्रीनगर पहुंची और पति, सास ससुर के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग है।




**बकरीद की तैयारी** | त्यौहार को लेकर बकरों की कीमतों में डेढ़ गुना से ज्यादा का हुआ इजाफा

# बकरों से भरा पशु बाजार का मैदान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्यौहार करीब होने के कारण शहर में शुक्रवार को लगने वाले पशु बाजार में बकरे बेचने वालों के साथ खरीदने वालों का सैलाब उमड़ पड़ा। बकरों की खरीद का सिलसिल सुबह से शाम तक चलता रहा। लोगों ने भीषण गर्मी और धूप की परवाह किए बगैर बकरों को जांचा परखा और ईद उल अजहा में होने वाली कुर्बानी के लिए बकरों की खरीदारी भी की। त्यौहार को देखते हुए बकरों की कीमतों में इजाफा कर दिया। ज्यादातर लोगों को मनपसंद बकरा न मिलने से त्यौहार से पहले आने वाले आखिरी शुक्रवार को एक बार फिर पशु बाजार आकर बकरों की भीड़ भाड़ से गुलजार रहेगा।

18 जून को पड़ने वाले त्यौहार को लेकर लोगों में अभी से कुर्बानी कराने के लिए बकरों का इंतजाम करना शुरू कर दिया है, जिसके चलते बकरों की कीमत बढ़ गई है। बकरा खरीदारों की भीड़ को देखते हुए पशु मालिकों ने बकरों की कीमत बढ़ा दी, जिससे शुक्रवार को पशु बाजार में बीस से चालीस हजार रुपये कीमत के बकरे बिके। बकरा खरीदने के लिए जहां लोग सुबह से ही पशु बाजार में पहुंच गए वहीं जिले के अलावा मध्यप्रदेश के जिले की सीमा से सटे जनपद छतरपुर के ग्रामीण अंचलों से भी लोग ट्रक, पिकअप अन्य वाहनों से महोबा के पशु बाजार पहुंचे। बकरों की आमद अधिक बढ़ जाने के कारण पशु बाजार का भारी भरकम मैदान पशुओं से खचाखच भरा रहा।

गौरतलब है कि बकरीद त्यौहार पर अब अस्सी फीसदी से ज्यादा लोग कुर्बानी कराने लगे हैं, जिससे पशुपालक भी बकरों को बेचने के लिए एक एक साल तक खिलाते पिलाते रहते है। बकरीद पर्व पर बकरों की अच्छी कीमत मिलती है।



बकरों से खचाखच भरा पशु बाजार। अमृत विचार

### अच्छी कीमत पाने को बकरीद का इंतजार करते हैं पशु पालक

बकरीद त्यौहार पर बकरों की अधिक मांग बढ़ जाने के कारण इनकी कीमत भी डेढ़ गुना से अधिक बढ़ जाती है, जिसके चलते तमाम पशु पालक एक साल तक बकरीद पर्व आने का इंतजार करते हैं, जिससे उन्हें अपने घरों में पाले गए बकरों की अच्छी कीमत मिल सके। पशु पालक अच्छी कीमत पाने के लिए बकरों का पालन पोषण करने के साथ साथ उन्हें जंगलों में चराने के भी ले जाते हैं। पशु पालक का मानना है कि जो कीमत बकरीद के मौके पर मिलती है अन्य महीनों में उतनी कीमत के दो बकरे बिकते हैं।

### बकरे बेचने से मुख्य मार्ग पर बनी जाम की स्थिति

इस दफा बकरीद त्यौहार के मौके पर बकरों की संख्या अधिक बढ़ जाने के कारण तमाम ग्रामीण अंचलों से बकरा लेकर आए पशु पालकों को मजबूरन शहर के तहसील पीडब्ल्यूडी मार्ग पर बकरों को खड़ा कर बेचना पड़ा। पशु बाजार के बाहर मुख्य सड़क पर खरीदारों की भीड़ जुट गई, जिसके चलते शहर के मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। तीन पहिया, चार पहिया वाहन चालकों के अलावा दो पहिया वाहन चालकों इस मार्ग से निकलने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। सड़क पर जाम की स्थिति को देखत हुए लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस कर्मियों ने पशु पालकों को सड़क के एक तरफ कराया, जिससे आवागमन हो सके।

## एक नजर

### परिजनों से नाराज होकर महिला ने खाया जहर

कुरारा (हमीरपुर)। क्षेत्र के जमरेहीतीर गांव में परिजनों से नाराज महिला ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत खराब होने पर परिजन कस्बे की सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के जमरेहीतीर गांव निवासी विमला (35) पत्नी जय नारायण गुरुवार की शाम परिजनों से किसी बात को लेकर नाराज हो गई। जिस पर उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई, जिस पर उसे कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### रामजीवन बने उप्र बेसिक हेल्थ वर्क एसो. के अध्यक्ष

मौदहा(हमीरपुर)। उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन के जिला स्तरीय एक दिवसीय सम्मेलन व संगठन के चुनाव में सीएचसी के रामजीवन सोनी को पुनः संगठन का जिला अध्यक्ष चुना गया है। संगठन के पदाधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी सूचना दी है। आचार संहिता के चलते अधिवेशन व चुनाव की सूचना को लंबित रखा गया था। सूचना प्रचार मंत्री नंदकिशोर ने बताया कि मौदहा उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रामजीवन सोनी को जिला अध्यक्ष, रवि कुमार द्विवेदी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनोद खरे को उपाध्यक्ष व मौदहा के विमल कुमार चौरसिया को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन का महामंत्री नारायण दास कौशल को चुना गया। है। प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव मुस्करा को संगठन मंत्री बनाया गया है।

### करंट से झुलसे युवक को सीएचसी में भर्ती कराया

राठ(हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के टिकरिया गांव में छत पर सरिया रख रहा एक युवक ऊपर से निकली विद्युत लाइन में आ रहे करंट की चपेट में आकर झुलस कर घायल हो गया। जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टिकरिया निवासी लोकनाथ पुत्र सुम्मी अपने घर की छत पर लोहे की सरिया रख रहा था। तभी अचानक ऊपर से निकली विद्युत लाइन में आ रहे करंट की चपेट में सरिया के छू जाने से करंट की चपेट में आकर झुलस गया।

### गृह कलह के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

मौदहा (हमीरपुर)। क्षेत्र के इंगोहटा गांव में गृह कलह के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इंगोहटा गांव निवासी 45 वर्षीय नवल ने शुक्रवार को सुबह गृह कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। जिस पर परिजन उसे आनन फानन कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# काम की 'सुस्त' चाल से हर घर नल योजना का सपना अधूरा

## दो वर्ष पूर्व खोदी गई सड़कों को आज तक नहीं किया गया दुरुस्त

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)



नमामि गंगे योजना के तहत लगाई गई मशीनें। अमृत विचार

अमृत विचार। हर घर नल योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में बुरा हाल है तीन वर्ष पूर्व खोदी गई सड़कों को आज तक नहीं बनाया गया है। इससे लोगों का चलना फिरना दूभर है। वही ब्लॉक की 41 ग्राम पंचायतों तक पानी मुहैया कराने के लिए पचखुरा बुजुर्ग में बनाया गया। वितरण केंद्र पहली टेस्टिंग में धड़ाम हो गया था और आधा गांव जलमग्न हुआ था। तब से अब तक इसको दोबारा टेस्ट नहीं किया गया है। इसके अलावा ब्लाक में अभी तक मुख्य लाइन का कार्य भी पूरी तरह से पूर्ण नहीं हो सका है। इसी बीच बार-बार दावा किया जा रहा है कि जल्द ही हर घर पर स्वच्छ जल पहुंचेगा। जो लोगों को गले नहीं उतर रहा है।

सुमेरपुर एवं मौदहा ब्लाक के गांवों को स्वच्छ जल मुहैया कराने के लिए पत्योरा गांव के समीप यमुना नदी में इंटकवेल बनाया गया है। इसका कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। ब्लाक की 41 पंचायतों को पानी देने के लिए इंटेकवेल से पाइपलाइन लाकर पचखुरा बुजुर्ग में वितरण केंद्र बनाया गया है। इस वितरण केंद्र से ब्लाक के कई पंचायतें को पानी दिया जाएगा। करीब 6 माह पूर्व वितरण केंद्र की टेस्टिंग हुई थी। पाइप लाइन फटने के कारण पचखुरा की आधी आबादी जलमग्न हो गई थी। तब से अब तक दुबारा टेस्टिंग नहीं कराई गई है। ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवगांव, मिहुना, विदोखर पुरई आदि में बन रही। पानी टंकियां का कार्य भी पूर्ण नहीं है।इसी बीच दावा किया जा रहा है कि जल्द जलापूर्ति शुरू होगी। छः माह पूर्व हुई टेस्टिंग में मुख्य पाइप लाइन क्षेत्र में कई जगह से फट गई थी। इसके बाद जलापूर्ति नहीं हुई है। गांवों के अंदर पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई रास्ताओं का बुरा हाल है। पाइप लाइन बिछाने के बाद इनको आरसीसी डालकर ठीक किया जाना था लेकिन दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद इनको ठीक नहीं किया गया है। इससे लोगों को चलना फिरना दुभर हो गया है। विदोखर पुरई के प्रधान सुंदरलाल प्रजापति बिदोखर मेदनी के प्रधान लालाराम यादव आदि ने बताया कि बार-बार शिकायत के बाद ठेकेदारों ने कार्य नहीं कराया है।

## अवैध तरीके से मौरंग निकासी का आरोप

हमीरपुर। क्षेत्र के ग्राम बेरी स्थिति बेतवा नदी में संचालित मौरंग खंड से हटकर खाली पड़े खंड में मशीनों के जरिए खनन करने का साथ ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत कर जांच कराने की मांग की है।

ग्राम बेरी निवासी प्रमोद पुत्र रघुवीर व नीलू सिंह ने निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय व जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। आरोप लगाया कि उनके गांव में बेतवा नदी पर 36.437 हेक्टेयर का पट्टा स्वीकृत है। इस खंड से मौरंग निकासी कर ली। नदी क्षेत्र में रास्ता बनाकर बड़े पैमाने में कई पोकलैंड मशीनों को लगाकर नदी की जलधारा को प्रभावित बड़े पैमाने पर मौरंग एकत्र की है। इन्होंने शासन से स्वीकृत खंड को छोड़कर खाली पड़े खंड में करीब तीन माह से अवैध खनन किसानों को मिलाकर किया जा रहा है। वहीं बेरी निवासी आशीष सिंह, जयसिंह, छोटेलाल, गनेशा, सिवाय, रामदीन, बदु, लालाराम के खेतों में अवैध खनन किया जा रहा है। कहा 30 जून तक खनन कार्य समाप्त हो जाएगा। फिर बरसात में पुनः खंड में मौरंग भर जाएगी। शिकायतकर्ताओं ने इस मामले की जल्द जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# दुष्कर्म करने वाले को 10 वर्ष का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



● साढ़े 5 साल पूर्व घर में घुसकर पीड़िता के साथ किया था दुष्कर्म

अमृत विचार। रात के अंधेरे में घर पर घुसकर सो रही युवती के साथ साढ़े पांच साल पूर्व छेड़खानी करने व पूर्व में कई बार दुष्कर्म करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम मनोज कुमार शासन की अदालत ने दोषी को 10 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 22 हजार के अर्थदंड लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर उसे तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 23 सितंबर 2018 को की रात वह अपने परिवार सहित अपने घर में सो रहा था। सुबह करीब चार बजे उसकी बेटी पीड़िता (20) की अचानक चीखने चिल्लाने की आवाजें आने पर उसकी पत्नी की नींद खुली तो देखा कि मोहल्ले का ही लड़का बीरेंद्र विश्वकर्मा उर्फ छोटू उसकी बेटी को बुरी नियत से पकड़कर छेड़छाड़ कर रहा था। उसने उसे ललकारा व पकड़ने की कोशिश की तो गाली- गलौज व जानमाल की धमकी देते हुए चला गया। बताया कि पूर्व में भी यह लड़का कई बार उसकी बेटी के साथ गलत काम कर चुका है। वहीं पीड़िता ने कोर्ट को बताया कि पूर्व में भी बीरेंद्र उसके साथ कई बार जबरदस्ती दुष्कर्म कर चुका है। विरोध करने पर जानमाल की धमकी देता था। उसकी बड़ी बहन के साथ भी गलत काम करने का प्रयास करता था। पुलिस ने मामले में दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। मामले में अदालत ने दोषी बीरेंद्र विश्वकर्मा उर्फ छोटू को दुष्कर्म मामले में 10 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही क्षतिपूर्ति के रूप में दोषी से 25 हजार रुपये पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## जिला उपाध्यक्ष के गांव में भी हार गई भाजपा

सुमेरपुर (हमीरपुर)। भाजपा के कई पदाधिकारियों के गांव में भी भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा। छानी बुजुर्ग में जिला उपाध्यक्ष का आवास है। यह पार्टी के काफी चर्चित चेहरा हैं। इनके गांव में साइकिल को 681 मत प्राप्त हुए हैं जबकि भाजपा को महज 554 मत मिले हैं। यहां भाजपा 127 मतों से हारी है। बण्डा पूर्व मंडल अध्यक्ष का गांव है। उनकी भाभी मौजूदा प्रधान हैं। इसके बाद उनके बूथ सहित गांव में भाजपा बुरी तरह से हारी है। बंडा के बूथ संख्या 274 में पूर्व मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह का पूरा परिवार मतदाता है। इस बूथ में क्षत्रिय मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है। इस बूथ में भाजपा को 117 तथा सपा को 280 मत मिले हैं। बूथ संख्या 275 में भाजपा को 173 तथा सपा को 197 मत मिले हैं। भाजपा बण्डा में 187 मतों से पराजित हुई है। इस तरह से भाजपा के पदाधिकारी भी अपने गांव में भाजपा का कमल नहीं खिला सके। बण्डा के जिस बूथ में पूर्व मंडल अध्यक्ष का आवास है उसी बूथ पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष संजय सिंह का आवास है। यह गांव के पूर्व प्रधान भी हैं। इस गांव ने साइकिल की रफ्तार बढ़ाने में अहम योगदान दिया है।

# छत से गिरकर युवक की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव गुरुवार की रात में शराब के नशे में गाली गलौज के बाद युवक की छत से गिरकर संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। वहीं मृतक के मौसा ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर देने की बात कही है।



श्याम बाबू कुटार।

मौदहा कोतवाली क्षेत्र के रागौल निवासी फूलचंद ने बताया कि उसके साढ़ू का बेटा दरियापुर गांव निवासी श्यामबाबू कुटार (24) वृहस्पतिवार की रात करीब नौ बजे अपने गांव के एक पड़ोसी युवक के साथ शराब पी और उसके बाद इन लोगों के बीच विवाद हो गया। ग्रामीणों के अनुसार विवाद बढ़ने पर श्यामबाबू अपनी छत पर चढ़कर गाली गलौज करने लगा। जबकि पड़ोसी युवक रास्ते में खड़े होकर गाली देता रहा। तभी अचानक संतुलन बिगड़ने पर श्यामबाबू मकान के छत से गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिससे वहां सन्नाटा पसर गया। मृतक की मां सुखदेई ने छत से गिरकर मौत होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मृतक के मौसा फूलचंद ने पड़ोसी युवक पर हत्या करके शव मकान के पिछवाड़े के दरवाजे पर फेंकने का आरोप लगा रहा है। मृतक के मौसा का कहना है कि वह पोस्टमार्टम के बाद युवक के खिलाफ हत्या की तहरीर पुलिस को देंगे। उनका आरोप है कि मृतक की मां को धमकाकर पड़ोसी युवक ने गलत सूचना पुलिस को दिला दी है। मृतक मजदूरी करके मां व अपना भरण पोषण करता था। मां ने बताया कि उसका इकलौता बेटा था।

# 45 दिन के अंदर ब्याज व बोनस का भुगतान करे बीमा कंपनीः आयोग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● बीमा पॉलिसी 29 मार्च 2011 को प्रारंभ हुई थी, जो पांच वर्ष की अवधि के लिए थी

अमृत विचार। दो बीमा पॉलिसी के देय ब्याज व बोनस का भुगतान न करने पर उपभोक्ता आयोग ने फैसला सुनाया। आयोग के अध्यक्ष महेश कुमार कुशवाहा, सदस्य रामप्रताप व स्वर्णलता जायसवाल ने संबंधित बीमा कंपनी को आदेशित कर पीड़ित बीमा धारक को 45 दिन के अंदर देय ब्याज व बोनस का भुगतान करने का आदेश दिया है। साथ ही मानसिक कष्ट व वाद व्यय का अलग से भुगतान देय होगा।

राठ थाना क्षेत्र के मसगांव निवासी परिवादी रामकिशन सिंह (मृतक) आदि ने आयोग में वाद दायर कर बताया था कि उनके द्वारा विपक्षी बीमा कंपनी बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस शाखा महोबा व इलाहाबाद यूपी ग्रामीण बैंक शाखा मझगांव राठ के माध्यम से उसने दो बीमा पॉलिसी ली थी। प्रत्येक पॉलिसी का प्रीमियम 10 हजार रुपये वार्षिक था।

जो विपक्षी दो ने उसके बैंक खाता से काटकर विपक्षी एक को दिया था। बताया कि उक्त पॉलिसी 29 मार्च 2011 को प्रारंभ हुई थी। जो पांच वर्ष की अवधि के लिए थी। पॉलिसी की समय सीमा खत्म होने पर उनकी बीमा धनराशि प्राप्त करने के लिए उसके द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर उक्त बैंक शाखा के माध्यम से संबंधित बीमा कंपनी को भेजा गया था।

तब विपक्षी एक द्वारा उसे चेक के माध्यम से 38,656 रुपये तथा दूसरी चेक 30 मार्च 2016 के माध्यम से 27,293 रुपये दिए गए। जो उसके द्वारा जमा किए गए प्रीमियम से काफी कम है। परिवादी ने बताया कि दोनों बीमा पॉलिसी एक साथ प्रारंभ की गईं, फिर भी दोनों पॉलिसी के परिपक्वता धनराशि में अंतर है। जब उसने जानकारी की तो पता चला कि उसके बैंक खाते से कुल प्रीमियम काटकर 80 हजार रुपये उक्त बीमा कंपनी को भेजा गया है। कहा कि विपक्षी दो द्वारा उसके बैंक खाते से मात्र 80 हजार रुपये ही विपक्षी एक के पास भेजा गया है। जिसके कारण उसे आर्थिक क्षति हुई है। वहीं उक्त बीमा कंपनी द्वारा भी उसे कुल प्राप्त प्रीमियम 80 हजार के सापेक्ष 65,945 रुपये का भुगतान किया गया, जबकि संबंधित बीमा कंपनी को उसे प्राप्त प्रीमियम पर बोनस व ब्याज सहित भुगतान किया जाना चाहिए था।

आयोग ने मामले की सुनवाई करते हुए परिवादी द्वारा पॉलिसी में प्रीमियम जमा मानते हुए देय ब्याज व बोनस सहित पुनः आकलन करके देय अंतर का भुगतान निर्णय तिथि से 45 दिवस के अंदर भुगतान करने का विपक्षी गणों को आदेशित किया है। साथ ही मानसिक कष्ट का पांच हजार व वाद व्यय के रूप में दो हजार रुपये का भुगतान भी देय होगा।

## सार-संक्षेप



पीड़ितों को धनराशि वापस संबंधी प्रपत्र देते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### ऑनलाइन फ्रॉड का 8.44 लाख रुपये वापस कराया

हमीरपुर। आए दिन हो रहे साइबर अपराध से आम जनता की गाढ़ी कमाई लूटी जा रही है। लोगों को भ्रमित कर उनके बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड आदि से जुड़ी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फ्रॉड किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर साइबर क्राइम थाना की ओर से अपराध रोकने के लिए निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक जयशंकर सिंह ने बताया कि मौदहा कोतवाली के सिजनौड़ा गांव निवासी रामकृपाल पुत्र ख्याली ने प्रार्थना पत्र के साथ संबंधित रिकॉर्ड दिए। इस पर तत्परता से कार्रवाई की गई। जिसमें पीड़ित का 4,87,287 रुपया वापस कराया गया। इसी तरह 14 आवेदकों के 3,56,816 रुपये सम्पूर्ण धनराशि उनके बैंक खातों में वापस करवाई गई। अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। साइबर थाना के उप निरीक्षक विजय सिंह व अभिषेक सिंह, मुख्य आरक्षी कमलकांत यादव, आरक्षी चंद्रभवन दिवाकर, राजदीप सिंह व राहुल कुमार रहे।



पौथिया क्षेत्र में सूखी पड़ी नहर। अमृत विचार

### पंप कैनाल न चलने से फसले सूखने की कगार पर

पौथिया ( हमीरपुर। लिफ्ट कैनाल की नहरें न चलने से अन्ना मवेशी पानी के लिए दर दर भटक रहे हैं। वहीं खेतों में बोई मूंग, उड़द, गन्ना आदि की फसलें सूख रही हैं। विकासखंड क्षेत्र के बेतवा नदी से सहुरापुर व सहजना पंप कैनाल संचालित है। दोनों नहरों में पानी न छोड़े जाने पर अन्ना मवेशी पशु-पक्षी इधर-उधर भटक रहे हैं। वहीं क्षेत्र के पोखर व तालाब सूखे पड़े होने के कारण पानी की किल्लत है। कुछ किसानों ने अपने खेतों में मूंग, ज्वार, प्याज, गन्ना की फसलें बोई है। जो पानी न मिलने के कारण फसलें सूख रही है। किसान धीरेंद्र सचान, पुरुषोत्तम, रामप्रकाश, गंगा प्रसाद, राम सजीवन, राजेश आदि किसानों ने दोनों नहरें चालू कराने की मांग की है। उधर जेई धर्मेन्द्र कुमार ने बताया गेट टूटे हुए थे, उन्हीं को ठीक करा रहे हैं। तालाब में पानी भी भरवा दिया है। जानवरों को पानी की समस्या नहीं है। दो दिन बाद नहरें चालू कर दी जाएगी।

# एक ही परिवार के तीन लोगों को मारापीटा, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, राठ(हमीरपुर)

अमृत विचार। जरिया थाने के करियारी गांव में दबंगो ने एक ही परिवार के तीन लोगों के साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी। घटना के बाद पीडित ने जरिया थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

जरिया थाना क्षेत्र के करियारी गांव के निवासी इब्राहिम पुत्र सहमत ने जरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने घर में अपने परिजनों के साथ बैठा हुआ था।

तभी उसी दौरान गांव के ही संतोष, अंकित, विकास और अखिल उसके घर के दरवाजे पर आए और उससे उसके भाई का मोबाइल नंबर मांगने लगे बताया कि जब उसने नंबर देने से मना कर दिया तो उक्त सभी लोगों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी पिटाई शुरू कर दी।

बताया कि उसके साथ मारपीट देख जब उसकी मां सितारा और बहन रोशनी उसे बचाने के लिए दौड़ी तो उक्त दबंगों ने उसकी मां और बहन को भी पीट दिया। तथा सभी लोगों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बताया कि उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

# दो ट्रकों की भिड़ंत, चालक घायल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। राष्ट्रीय राजमार्ग में बेतवा पुल पर दो ट्रकों की भिड़ंत में एक ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि इस हादसे में एक ओमनी वैन भी क्षतिग्रस्त ट्रक के पीछे बुरी तरह भिड़ने से क्षतिग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना से हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल ट्रक चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया। दोनों ट्रकों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू किया गया।



दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा जाम। अमृत विचार

शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे सदर थाना क्षेत्र के बेतवा पुल पर दो ट्रक आपस में भीड़ गए।हादसे के बाद एक ओमनी वैन क्षतिग्रस्त ट्रक में पीछे से टकरा गई। ट्रकों की भिड़ंत से एक ट्रक के परखच्चे उड़ गए। वहीं इस हादसे में एक ट्रक चालक संदीप निवासी सूरजपुर जिला बाराबंकी घायल हो गया। इस दौरान लगभग एक घंटे से अधिक समय तक दोनों ओर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने घायल ट्रक चालक को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे स्वस्थ बताया है। वहीं ट्रैफिक पुलिस ने दोनों वाहनों को क्रेन की सहायता से पुल से हटवा कर यातायात सुचारु रूप से संचालित कर दिया है।

### अलग-अलग जगह हुए झगड़े में आधा दर्जन घायल

मौदहा (हमीरपुर)। नगर के अलग-अलग दो स्थानों पर पारिवारिक झगड़ों में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। कोतवाली पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाते हुए विधिक कार्रवाई की है।कस्बे के बाघू मोहल्ला में मोहम्मद परवेज व मोहम्मद जमशेद दोनों भाइयों के बीच जमीनी मामले को लेकर विवाद हो गया। जिसमें मोहम्मद परवेज, रिहाना जमशेद, समा परवीन, फरहत बानो व नुसरत सहित 6 लोग मारपीट में बुरी तरह घायल हो गए। दोनों पक्षों ने कोतवाली पहुंच न्याय पाने के लिए गुहार लगाई पुलिस ने इनपर कार्रवाई करते हुए मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है । इसी तरह बड़े चौराहा के निकट सौरभ विनय व शिवम मे किसी मामले को लेकर मोहल्ले में विवाद हो गया जिसे घायल अवस्था में कोतवाली पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा।

## नई व्यवस्था

## शासन ने बीज वितरण व्यवस्था पर किया बदलाव, किसानों को अब सब्सिडी के लिए नहीं करना होगा इंतजार

# डीबीटी का झाम खत्म, बीजों में तत्काल मिलेगा अनुदान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। राजकीय बीज भंडारों से बीज लेने वाले किसानों को अब अनुदान के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। शासन से मिलने वाली छूट का लाभ उन्हें तत्काल दिया जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत पूरा मूल्य चुकाने की जगह सिर्फ कृषक अंश के भुगतान की व्यवस्था लागू कर दी गई है। इसके अलावा अब ई-पॉश मशीनों से बीजों का वितरण कराया जाएगा। इससे किसानों को सहूलियत मिलेगी।

**बीज की नहीं कमी जल्दी उठाएं लाभ**

शासन ने किसानों को छूट में मिलने वाले बीज में बदलाव किया है। किसानों को अब केवल कृषक अंश ही जमा करना होगा। अनुदान की राशि नहीं देनी होगी। इससे किसानों को सहूलियत होगी। कहा कि सभी बीज भंडारों में अच्छी प्रजाति का बीज उपलब्ध है। पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर लाभ ले सकते हैं।

डॉ. हरिशंकर भार्गव, उप कृषि निदेशक

कृषि विभाग की तरफ से हर वर्ष किसानों को छूट पर मूंग, उड़द, बाजरा आदि के बीज उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके लिए जनपद के सातों ब्लॉकों में राजकीय बीज भंडार संचालित हैं। अभी तक किसानों को अनुदान का लाभ डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से दिया जाता है। इसमें किसानों को खतौनी, बैंक पासबुक व आधार कार्ड के साथ बीज का पूरा मूल्य चुकाना पड़ता था। इसके बाद अनुदान की राशि 15-20 दिन के बाद किसानों के बैंक खातों में पहुंचती थी।

बजट न होने पर कभी-कभी इसके लिए किसानों को महीनों इंतजार करना पड़ता था। अब शासन स्तर से इस व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राजकीय बीज भंडारों में ई-पॉश मशीनों से बीज व जिप्सम का वितरण किया जाएगा। वहीं अनुदान की राशि काटकर कृषक अंश ही किसानों को देना होगा। इससे बीज खरीदने में किसानों को कम धनराशि चुकानी होगी। साथ ही अनुदान आने की राह भी नहीं देखनी पड़ेगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

**राजकीय बीज भंडारों में उपलब्ध बीज (प्रति क्विं)**

| फसल | आवंटित | उठान |
|---|---|---|
| मूंग | 229 | 29.20 |
| धान | 29.34 | 15 |
| उड़द | 81.10 | 70 |
| सोयाबीन | 14 | 14.10 |
| मूंगफली | 43 | 00 |
| तिल | 190 | 20.28 |
| कुल | 587 | 148.58 |

## फसल काटने गई वृद्धा हुई गुम गुमशुदगी दर्ज

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के बेरी गांव में खेत में मूंग की फसल काटने गई 80 वर्षीय वृद्धा वापस घर नहीं पहुंची। इस मामले में महिला के समधी ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। बेरी गांव निवासी राजरानी (80) पत्नी रामनाथ पिछले बुधवार को खेत गई थी। वापस घर न आने पर परिजन उसकी तलाश करते रहे। रिश्तेदारों ने फोन से पता किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के सिलौली गांव निवासी महिला के समधी मातादीन ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक: 261 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांक: 05/06/2024

म्युटेशन सूचना

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल जुल्हैटी-2 वार्ड-24 राठ में स्थित गृह सं0 329 में श्री लालता प्रसाद गुप्ता पुत्र बैजनाथका नाम अंकित है। प्रार्थी श्री दिनेश कुमार पुत्र लालता प्रसाद ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन का अवशेष जुज भाग रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दिनांक 22.05.2024 को प्राप्त कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त मकान के अवशेष जुज भाग पर रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर अपना नाम अंकित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर मुहाल जुल्हैटी-2 वार्ड-24 में स्थित भवन सं0 329 पर अंकित श्री लालता प्रसाद गुप्ता पुत्र बैजनाथ का नाम निरस्त कर उसी स्थान पर श्री दिनेश कुमार पुत्र लालता प्रसाद का नाम अंकित कर दिया जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

## एक नजर

### अस्पताल से बाइक चोरी

**जालौन।** बाइक लेकर अस्पताल में इलाज कराने आए व्यक्ति की बाइक अज्ञात बाइक चोरों ने उड़ाई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरिया खुर्द निवासी लाखन सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी तबियत खराब होने के चलते वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने के लिए आए थे। सीएचसी के बाहर बाइक खड़ी कर वह अंदर डॉक्टर को दिखाने के लिए चले गए। डॉक्टर को दिखाकर जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद और पूछतांछ करने के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

### प्रदेश स्तरीय फुटबाल के लिए ट्रायल 11 व 13 को

**हमीरपुर।** प्रदेश स्तरीय फुटबॉल जूनियर बालक वर्ग की प्रतियोगिता मऊ में 19 से 26 जून तक तथा जूनियर बालिका वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता सहारनपुर में 19 से 26 जून तक आयोजित की जा रही है। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए जिला स्तरीय व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। चयन ट्रायल में वही बालक/ बालिका भाग ले सकते हैं, जिनका जन्म तिथि एक जनवरी 2009 से 31 दिसंबर 2010 के मध्य हो। जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स में भाग ले सके। मंडल स्तरीय फुटबॉल ट्रायल जूनियर बालिका वर्ग व बालक वर्ग की ट्रायल 13 जून को राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में आयोजित होगी। जबकि जिला स्तरीय ट्रायल 11 जून को राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम हमीरपुर में आयोजित होगा।

# अनियंत्रित बाइक से गिरकर महिला की मौत

## सामने कुत्ता आ जाने से औरैया की ओर जा रही बाइक का संतुलन बिगड़ा

संवाददाता, कुठौंद-जालौन

**अमृत विचार।** थाना कुठौंद के गांव इटाहा कालपी के जालौन औरैया स्टेट हाईवे पर शुक्रवार को कुत्ता के आ जाने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे बाइक पर सवार महिला के सड़क पर गिरने से मौत गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस की मदद से महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु कर दिया। थाना क्षेत्र कुठौंद के गांव इटाहा कालपी के जालौन औरैया स्टेट हाईवे पर कुत्ता के आ जाने से औरैया की ओर से आ रही बाइक का संतुलन बिगड़ गया।

बाइक पर सवार महिला रामा देवी पत्नी स्व जसवंत सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी गांव सनियापुर डेरापुर कानपुर देहात बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गई। चालक भांजा बृजेश भी मामूली घायल हो गया। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना थाना कुठौंद पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचे महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

महिला अपनी नंद के घर सिरसा कलार जा रही थी। इसके संबंध में थानाध्यक्ष कुठौंद केपी सरोज ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव इटाहा कालपी पर एक सड़क दुर्घटना में महिला की मौत हुई है, पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मार्ग दुर्घटना में एक दर्जन लोग हुए घायल

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जरिया थाना क्षेत्र में सरीला खेड़ाशिलाजीत मार्ग पर ट्रक के अचानक सामने आ जाने पर सवारियों से भरा ऑटो बगल निकल रहे बाइक सवार को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे पलट गया। जिसमें बाइक सवार सहित व आटो में सफर कर रहे 12 लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। एक घायल की हालत गंभीर होने पर उरई रेफर किया गया है।



सरीला खेड़ा शिलाजीत मार्ग पर पलटा पड़ा ऑटो। अमृत विचार

- ट्रक के सामने आ जाने से सवारियों से भरा ऑटो सड़क पर पलटा

क्षेत्र के छिबौली गांव निवासी संतोष की बेटी का रिश्ता जनपद झांसी के रिया गांव में तय हुआ है। उसी का तिलक लेकर शुक्रवार को आटो से फूल सिंह (52) पुत्र हल्के प्रसाद, राजू (30) पुत्र मदन, घनश्याम (55) पुत्र लक्षमन, भगवती (55) पुत्र खलबल, भरोसा (53) पुत्र जसीराम, मंगल (40) पुत्र छिमाधर, करगवां निवासी राजपाल (58) दीनदयाल, ममना निवासी कंधीलाल (53) पुत्र परशुराम, पुरैनी निवासी मुल्लू (62) पुत्र जैला व ममना गांव निवासी चालक शाबिर (32) पुत्र शब्बीर रियां गांव जा रहे थे। तभी सरीला खेड़ाशिलाजीत मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास सामने से अचानक ट्रक आ जाने पर दादों गांव निवासी बाइक सवार नरेश कुमार (40) पुत्र जाहर सिंह व उसकी मां धनकुवर (65) की आटो से टक्कर हो गई। बाइक सवार को बचाने में सवारियों से भरा ऑटो पलट गया। जिसमें ऑटो में सवार सभी लोग घायल गए।

घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घनश्याम की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया है। सूचना पर चौकी प्रभारी दिनेश प्रसाद मौर्य व कांस्टेबल शिवम बिरथरे ने सीएचसी आकर घटना की जानकारी ली है।

# बिजली घर में नहीं उठता फोन की शिकायत

**जालौन।** बिजलीघर पर कोई आवश्यकता पड़ने पर दिए गए मोबाइल नंबर पर फोन न उठने पर लोगों को परेशान होना पड़ता है। नगर के लोगों ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर एक कर्मचारी ड्यूटी लगाने की मांग की है। नगर में बिजली की सप्लाई के लिए उरई रोड पर 33/11 बिजली उपकेंद्र स्थापित है। लोगों की समस्याओं और उन्हें जानकारी देने के लिए एक टेलीफोन नंबर दिया गया है। नगर के अशफाक राईन, वैभव, मनोज आदि ने एसडीओ कौशलेंद्र सिंह को ज्ञापन देकर बताया कि आवश्यकता पड़ने पर टेलीफोन उठता ही नहीं है। बताया कि बीती पांच जून की शाम करीब पांच बजे नवीन सब्जी मंडी में अनवर की दुकान में स्पार्किंग होने से आग लग गई थी। मंडी के व्यापारियें ने तुरंत बिजलीघर के नंबर पर फोन किया लेकिन फोन उठा ही नहीं। कई बार फोन लगाने के बाद भी जब फोन नहीं उठा तब उरई कंट्रोल रूम में फोन किया गया।

उरई कंट्रोल रूम में बात करने के बाद ही नवीन सब्जी मंडी की सप्लाई बंद हो सकी। सप्लाई बंद होने के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने कहा कि एक कर्मचारी की ड्यूटी फोन के जरिए समस्या के समाधान के लिए लगाई जाए।



नदी में डूबे युवक की तलाश में जुटी पुलिस। अमृत विचार

# पुल में काम कर रहा मजदूर नहाते वक्त नदी में डूबा, मौत

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

- बेतवा नदी पर पुल का किया जा रहा निर्माण, शाहजहांपुर का रहने वाला था मजदूर

**अमृत विचार।** ललपुरा थाना क्षेत्र के मोराकादर गांव में बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल का निर्माण कार्य सेतु निगम करा रहा है। यहां काम पर लगा शाहजहांपुर का एक मजदूर शुक्रवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे नदी में डूब गया। जिसे पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसका शव शाम करीब पांच बजे निकाला जा सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ललपुरा थाना क्षेत्र के परसनी गांव के निकट सेतु निगम ने पुल का निर्माण कार्य शुरू कराया है। जिसमें तमाम बाहरी मजदूर काम कर रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे जनपद शाहजहांपुर के बोरियां लालपुर निवासी विवेक (35) पुत्र रामदत्त बेतवा नदी में नहा रहा था। तभी गहरे गड्ढे में चला गया। इस वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने शोर शराबा कर लोगों को बुलाया। वहीं कार्यदाई संस्था के इंजीनियर ने ललपुरा पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची ललपुरा थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने मल्लाहों व गोताखोर को बुलाकर विवेक को निकालने का भरसक प्रयास किया। करीब तीन घंटे की तलाश के बाद मजदूर विवेक का शव निकालने में सफलता पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



बैठक करते विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता। अमृत विचार

# अभाविप चलाएगा चलो गांव की ओर अभियान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक में चलो गांव की ओर अभियान सफलता की रूपरेखा तय की गई। बताया कि अभियान के तहत गांव-गांव भ्रमण करते हुए पदाधिकारी व कार्यकर्ता ग्रामीणों को पर्यावरण संतुलन और प्रकृति परिवर्तन के साथ जीवन शैली पर जागरूक करेंगे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (कानपुर प्रांत) के तत्वाधान में शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित जिला इकाई की बैठक में चलो गांव की ओर अभियान की रूपरेखा तय की गई। जिला प्रमुख डा.अशोक सिंह परिहार, प्रांत सह जिला संयोजक दिव्यांशु मिश्रा, नगर अध्यक्ष आशुतोष राय, जिला संयोजक नीतीश कुमार निगम, जिला सह संयोजक गोविंद तिवारी ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कार्यशाला का शुभारंभ किया। जिला प्रमुख ने बताया की विद्यार्थी परिषद सामाजिक अनुभूति कार्यक्रम के तहत गांव-गांव जाकर गांव की दिनचर्या गांव के लोगों का रहन-सहन एवं उनसे जुड़ी हर प्रमुख बातों को जानना एवं लगातार प्रकृति में आ रहे परिवर्तन के विषय में बातें करना उनके जीवन शैली को समझ कर समाज को गांव से जोड़ने का कार्य करता है। प्रांत सह जिला संयोजक दिव्यांशु मिश्रा ने बताया कि विकास के नाम पर लाखों गांवों को खो दिया। सभी को मिलकर पर्यावरण को बचाना है तो गांव की ओर जाना होगा। गांवों और ग्रामीणों से अनुभव लेना चाहिए। इस मौके पर नवीन पांडेय, गोविंद तिवारी, सुभाष त्रिपाठी, स्वतंत्र साहू, कृष्णा सोनी, आयुषी त्रिपाठी, अनामिका गुप्ता, कार्तिकेय गुप्ता, राज सिंह, आशीष अवस्थी, अभय सिंह, प्रमोद कुशवाहा, राघव त्रिपाठी, सतेंद्र शर्मा, श्लोक द्विवेदी, दिव्यांश त्रिवेदी, रजत, अनमोल वर्मा, अनामिका बेदी, मानसी धुरिया, अंजली, प्रियांशू सिंह, शिवा, करण, केशव पाठक, युवराज रहे।

### महिला का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**महोबा।** झांसी मानिकपुर रेल लाइन पर पचपहरा गांव के पास एक महिला का शव पाया गया। रेलवे ट्रैक पर पड़े शव की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद हमीरपुर के कस्बा मुस्करा निवासी जसोदा 26 पत्नी राजबहादुर का शव पचपहरा रेलवे ट्रैक के पास पड़ा होने की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर पड़े शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया। बाद में शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चुनाव बाद भी मंडी बंद होने से किसान-व्यापारी परेशान

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए अधिग्रहित की गई गल्ला मंडी में चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मंडी सचिव द्वारा खाली न किए जाने की शिकायत आढ़तियों व किसानों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कारोबार के लिए मंडी खोले जाने की मांग की है।



सुमेरपुर मंडी में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

- जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर मंडी खुलवाने की मांग की

लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने इस बार गल्ला मंडी को पूरी तरह से अधिग्रहित करके आढ़तियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। करीब दो माह तक गल्ला मंडी से बाहर होकर आढती कारोबार कर रहे थे।

मतगणना का कार्य संपन्न होने के बाद आढ़तियों ने जब व्यापार के लिए मंडी में प्रवेश का प्रयास किया तब मंडी सचिव ने कारोबार करने से मना कर दिया। इसकी शिकायत मंडी के आढती राजेश कुमार, संदीप बाजपेई, कुंज बिहारी पांडे आदि के अलावा किसान जगदीश प्रसाद, देवनारायण, महेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार आदि ने जिलाधिकारी को भेज कर मंडी कारोबार के लिए खोले जाने की मांग की है।

मंडी सचिव नितिन कुमार गौतम ने बताया कि प्रशासन चुनाव सामग्री समेटने में जुटा हुआ है। आढ़तियों से 2 दिन का समय मांगा गया था। शनिवार को कारोबार के लिए मंडी को खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

# विभिन्न समस्याओं के समाधान को शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ ने बीएसए को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उक्त समस्याओं का समय से निस्तारण की मांग की गई है।



बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

- सेवानिवृत्त शिक्षकों के अवशेष देयकों का भुगतान तुरंत करने की मांग

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल के नेतृत्व में शिक्षकों ने बीएसए को दिए ज्ञापन में कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान त्रुटिवश शिक्षकों से हुई लू के कारण जिन शिक्षकों को निलंबित कर वेतन रोका गया है उन्हें बहाल किया जाए। सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों के अवशेष देयकों का अविलंब भुगतान करते हुए पेंशन निर्गत की जाए। सभी शिक्षकों की लेखा-पर्ची अविलम्ब निर्गत की जाए। अध्यापकों की सेवा पुस्तिकाएं प्रतिवर्ष पूर्ण कर शिक्षकों को अवलोकन कराते हुए सर्विस बुक पर शिक्षकों के हस्ताक्षर कराए जाएं।

निरीक्षण के दौरान जिन शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध किया गया है उनका वेतन तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाए। संघ की ओर से अनुरोध किया गया है कि शिक्षकों की सभी समस्याओं का अविलंब निराकरण कराए जाने की कष्ट करें। उनके साथ संदीप चंदेल, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, गौरव नामदेव, जितेंद्र श्रीवास, राजेश कुमार पथिक, ऋग्रानवीर सिंह, राकेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# भूमिधरी व ग्राम समाज की भूमि पर अवैध प्लाटिंग

**बांदा।** सूबे की योगी सरकार जहां जीरो टालरेंस नीति के तहत अवैध कब्जाधारकों पर कड़ी कार्रवाई करने का दम भरती है। वहीं दबंग किस्म के लोग सरकारी और भूमिधरी जमीनों पर अवैध तरीके से कब्जा करके प्लाटिंग का खेल खेल रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सदर तहसील के महोखर गांव में सामने आया है, जिसमें दबंग किस्म के लोग एक महिला किसान समेत ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करके अवैध तरीके से प्लाटिंग कर रहे हैं।

शहर के स्वराज कालोनी मोहल्ला निवासी महिला किसान अंजली पुत्री गणेश प्रसाद तिवारी ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेज कर बताया है कि सदर तहसील के मौजा महोखर में उनकी कृषि भूमि गाटा संख्या 970 और पास ही स्थित ग्राम समाज भूमि खाता संख्या 01475 गाटा संख्या 969 में अवैध तरीके से कब्जा करके जबरन प्लाटिंग कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप



माया वाल्मीकि के आवास पर डांस करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### सांसद बनने पर सपाई लगातार मना रहे जश्न

**कुरारा(हमीरपुर)।** अजेंद्र कुमार सिंह राजपूत को हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा क्षेत्र से सपा का सांसद चुने जाने पर सपा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि के आवास पर खुशी का इजहार करते हुए मिढ़ाई बांटी गई। भांगड़ा ढोल के साथ पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने डांस करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही हमीरपुर सदर विधान सभा की जनता द्वारा जीत दिलाने में अबकी बार अहम भूमिका निभाने के लिए माया बाल्मीकि ने अभिवादन किया। इस मौके पर शिवशरण यादव, रहीश अहमद जिला सचिव, भोला यादव, बलवीर यादव, छुट्टन यादव, लक्ष्मी श्रीवास, मैयाराम श्रीवास, पूर्व चेयरमैन नारायनदास अकेला, अज्जू गुप्ता, सुधीर गुप्ता, छेदालाल नामदेव, रामसनेही बाल्मीकि, शिवशंकर यादव, लालाराम अहिरवार, शिवकुमार अहिरवार, छेदालाल कबीर, वर्षा नामदेव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एसपी ने परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने शुक्रवार की परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक से सबसे पहले परेड पहुंचकर साप्ताहिक शुक्रवार की परेड की सलामी ली। इसके बाद अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। साथ ही शारीरिक व मानसिक रूप से फिट/स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवाई गई। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन पहुंचकर यूपी 112 पीआरवी चार पहिया वाहनों, दंगा नियंत्रण उपकरण व अभिलेखों का निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने क्वार्टर गार्ड में सलामी लेकर शस्त्रागार व स्टोर रूम का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने शस्त्रों के रखरखाव के संबंध में दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स व अन्य संबंधित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### तापमान फिर पहुंचा 43 डिग्री, लू के थपेड़ों ने किया बेहाल

**कन्नौज।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम का मिजाज फिर बदलने लगा है। सूरज का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है, जिसके कारण पारा फिर 43 डिग्री तक पहुंच गया। दिन में दहकते सूरज ने धरती पर आग उगली। लू के थपेड़ों ने भी लोगों को बेहाल कर दिया। लोगों ने चेहरे को कपड़े से ढककर और थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीकर धूप और गर्मी का बचाव किया। हीटवेब के कारण लोग बीमार हो रहे हैं, जिससे अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। शुक्रवार को पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया न्यूनतम तापमान भी 24 डिग्री रहा। सड़क पर चलने वाले लोगों को दिन भर धूप झुलसाती रही। घरों के अंदर लोगों ने गर्मी से बचने के लिए पंखे और कूलर का सहारा लिया लेकिन इनसे भी गर्म हवा ही मिली। सबसे ज्यादा परेशानी सड़क पर चलने वाले लोगों को हुई चिलचिलाती धूप में गर्म हवा के झोंके लोगों के चेहरे को झुलसाते रहे। सड़कों पर चलने वाले लोगों ने गमछे आदि से मुंह और सिर को ढक रखा था।

**हार का कारण** — नेता मदद नहीं कर सके, ज्यादातर शिकायतों का फर्जी निस्तारण किया गया

# पीड़ित चिल्लाते रहे, अफसर आरोपियों को बचाते रहे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कन्नौज संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी की हार यूं ही नहीं हुई है। इसके कई कारण हैं जिससे मतदाताओं का सत्ता पक्ष से मोहभंग हो गया। जब भी कोई पीड़ित अफसरों के पास गया तो उसकी सुनी नहीं गई। अगर कर्मचारी की गलती बताई तो उस पर कार्रवाई नहीं हुई। मामले जब जनप्रतिनिधियों के पास पहुंचे तो वह भी मदद नहीं कर सके। शिकायतों का ज्यादातर निस्तारण फर्जी हुआ और इस वजह से सांसद बदल गया।

पीड़ितों ने बताया कि जब किसी मामले की शिकायत जनता दरबार, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, आईजीआरएस, थाना व तहसील समाधान दिवस आदि में होती थी, तो उसका गलत तरीके से निस्तारण कर दिया जाता रहा। साक्ष्यों समेत जब यह मामले उच्चाधिकारियों की चौखट पर पहुंचे तो उन्होंने भी नहीं ध्यान दिया। उलट इसके विभाग के आकाओं ने अपने मातहतों को बचाने को लेकर मामलों का निस्तारण स्पेशल क्लोज रिपोर्ट लगाकर कर दिया। जब ऐसे मामले सांसद व विधायकों से लेकर लखनऊ तक पहुंचाए गए तो वहां से भी पीड़ितों की मदद नहीं हो सकी। इस वजह से भी जनता का भरोसा वर्तमान सिस्टम से उठ गया। उन्होंने विपक्ष को ही मत देना अच्छा समझा और सपा के लिए यह वरदान साबित हुआ। कहा जा रहा है कि अफसरों के आसपास रहने वाले ही कर्मी व मातहत सुरक्षित रहते हैं। इस वजह से वह गलत काम अधिक करते हैं। कई मामलों में नेताओं व जनप्रतिनिधियों का भी आशीर्वाद बना रहता है।

**यह हैं कुछ मामले चर्चा में जिनको दबा दिया गया**

**केस 01** तिर्वा तहसील क्षेत्र के रामपुर मझिला ग्राम पंचायत में एक गांव की बुजुर्ग महिला की पेंशन मृत दिखाकर काट दी गई। मामले की शिकायत हुई। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कार्रवाई कराने का दावा किया। करीब चार महीने गुजर गए हैं लेकिन आरोपी उमर्दा ब्लॉक के प्रभारी एडीओ पंचायत/सचिव सत्यम वर्मा पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है।

**केस 02** नगर पंचायत तिर्वा के दुर्गानगर मोहल्ले की निवासी शुभा ने बेटी के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का आवेदन दूसरी किस्त के लिए किया तो लेखपाल हृदेश पांडेय ने गलत रिपोर्ट लगाकर उसे निरस्त कर दिया। खबरें जब मीडिया के जरिए उच्चाधिकारियों तक पहुंची लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। गलत रिपोर्ट को आगे बढ़ाने के खुद आरोपी एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार ने अब तक आरोपी लेखपाल को बचाकर रखा गया है।

**केस 03** ब्लॉक गुगरापुर क्षेत्र के चौराचांदापुर निवासी श्याम अग्निहोत्री ने हैंडपंप खराब होने की शिकायत दर्ज कराई। वहां के सचिव अश्वनी ने हैंडपंप सही कराने की झूठी रिपोर्ट लगाकर आईजीआरएस का गलत निस्तारण कर दिया। दोबारा शिकायत हुई तो उसको भी दबा दिया गया। बाद में किसी तरह डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश से कहकर हैंडपंप को सही कराया गया।

# कहीं विस चुनाव की तो नहीं खींची तस्वीर !

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- राज्य मंत्री असीम अरुण ने कन्नौज के नवनिर्वाचित सांसद को दी बधाई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 काफी चर्चा का विषय रहने के साथ ही देश के राजनीतिज्ञों में भी चढ़ा रहा। अंततः भाजपा सांसद को हराकर सपा अध्यक्ष ने खुद की ताजपोशी करा ली। इसके बाद बधाई देने का क्रम शुरू हुआ तो सदर विधायक व प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री ने भी अनोखे अंदाज में बधाई पत्र लिख दिया। इसकी भाषा शैली ऐसी है कि लोगों में चर्चा जोर पकड़ रही है कि कहीं विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर तानाबाना तो नहीं बुना जा रहा है।

बता दें कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा प्रत्याशी व सिटिंग सांसद सुब्रत पाठक को 170922 वोटों से करारी मात दी है। उनके निर्वाचित होने के बाद जहां भाजपा के कद्दावर नेताओं के स्वर मद्धिम पड़े वहीं जनप्रतिनिधियों द्वारा बधाई की औपचारिकता पूरी की गई। इसी क्रम में सदर से विधायक व मंत्री असीम अरुण ने बधाई पत्र में लिखा कि वे सदर विधायक हैं भारतीय जनता पार्टी से, नगर पालिका के अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी से हैं। सपा मुखिया कन्नौज से सांसद चुन गए हैं। इसे भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती ही कहा जाएगा कि अलग-अलग दलों से होने के बाद भी कन्नौज के विकास के लिए काम करेंगे और आगे बढ़ेंगे। यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तरह-तरह की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया। राजनीति के जानकारों बधाई संदेश के मायने निकालने भी शुरू कर दिए हैं। कुछ ने तो यहां तक कह डाला कि इशारों-इशारों में पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) की बात मंत्रीजी ने कह दी है। उनका साफ मानना है कि वर्ष 2027 में विधानसभा के चुनाव होंगे।

चूंकि इस लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 37 सीटों पर सपा ने विजय हासिल की है तो वे इसे अगले विधानसभा चुनाव के सेमीफाइनल का परिणाम मानकर चल रहे हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव भी इंडी गठबंधन और पीडीए मिलकर लड़ सकते हैं। मंत्रीजी के पत्र से उनके राजनीतिक भविष्य की कहानियां भी गढ़ी जाने लगीं हैं।

पंचैव पूजयन् लोके यश: प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितृन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान्॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि–इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा–स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# शिक्षा क्षेत्र में सुधार

पिछले दशक में हमने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तनों पर ध्यान केन्द्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह बयान क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जी-20 देशों के बीच भारत के सर्वोच्च वृद्धि दर्ज करने के बाद आया है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उल्लेखनीय है कि दुनियाभर की 1500 यूनिवर्सिटी का सर्वे करने के बाद वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 जारी की गई है। वर्ल्ड रैंकिंग में भारत के 46 संस्थान शामिल हैं जबकि 2015 में केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय इसमें शामिल थे। इस प्रकार पिछले 10 वर्षों में इस संख्या में 318 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और एशिया में चीन व जापान के बाद सबसे ज्यादा संस्थान भारत के हैं। रैंकिंग के अनुसार भारतीय आईआईटी बॉम्बे और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल है जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर शीर्ष रैंक बरकरार रखी है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग विभिन्न मानदंडों पर संस्थानों का मूल्यांकन करती है जिसमें शैक्षणिक और नियोक्ता प्रतिष्ठा, संकाय/छात्र अनुपात, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क और विश्वविद्यालयों के सामाजिक व पर्यावरणीय प्रभाव शामिल हैं। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने सरकार के तीसरे कार्यकाल में शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए और अधिक काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। वास्तव में भारत में शिक्षा का मात्रात्मक विस्तार तो हुआ है, लेकिन गुणात्मक मोर्चे पर यह अभी भी पीछे है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लचीले समुदायों का निर्माण करती है और शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक समाज बनाने में योगदान देती है। यह नागरिक जीवन में सहिष्णुता, समझ और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देती है।

शिक्षा व्यक्तियों को बेहतर नौकरी की संभावनाओं, स्थायी आजीविका और स्वस्थ जीवन शैली के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करती है। यह नवाचार है रचनात्मक सोच को बढ़ावा देती है। हाशिए के समुदायों में रहने वालों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच की कमी है। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। अब जब प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि आगामी राजग सरकार अगले दस वर्ष में सुशासन, विकास और आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसके लिए सभी क्षेत्रों में देश के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, यह उपयुक्त समय है कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाया जाए और ऐसा आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोण अपनाया जाए जो उत्तरदायी एवं प्रासंगिक हो।

# विचारधारा को रूढ़ि बना लेना है जड़ता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> ये परिस्थितियां ही हैं जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना, जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ, लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा।

विचारधारा मनुष्य के लिए अथवा मनुष्य विचारधारा के लिए? विचारधारा मनुष्य की ही है और मनुष्य के लिए है। मनुष्य जीवन विचारधारा के लिए नहीं है। विचारधाराओं का केंद्र मनुष्य है। मनुष्य जीवन का केन्द्र विचारधारा नहीं है। कोई भी विचारधारा यदि मनुष्य की गति को बाधित करती है तो वह पैरों की बेड़ी है। मनुष्य की युगयात्रा में न जाने कितनी विचारधाराएं आई थीं, बीत गईं, फिर नई विचारधाराएं आएगी, आती रहेंगी।

किसी भी विचारधारा को रूढ़ि बना लेना जड़ता है। यह तो कोई नहीं चाहेगा कि मनुष्य फिर से पाषाण-युग के अंधेरे में चला जाए! विकास हो, अवश्य हो, पर मनुष्य और प्रकृति का सामंजस्य बना रहे, मनुष्य और मनुष्य के बीच समरसता और सामंजस्य बना रहे। भारतीय मनीषा हाथ उठाकर कह रही है कि जीवन की पूर्णता प्रकृति की समग्रता के बीच है। मनुष्य जीवन प्रकृति रूपी वृक्ष का फल है, प्रकृति से विच्छिन्न नहीं है। बहुत से लोग अमेरिका और पश्चिमी देशों की ओर देखते हैं और बहुत से लोग अभी भी रूस की ओर देखते हैं, सोचते हैं कि भारत का समाज ऐसा ही होना चाहिए। निश्चित ही आज का जीवन ग्लोबल या वैश्विक बन चुका है तथा जो सामान्य परिस्थितियां वैश्विक हैं, उनमें अनेक समानताएं अपने यहां भी होंगी। यह परिवेश का ही प्रभाव है। निश्चित ही जितने अंशों में परिवेश की समानता होगी, उतने अंशों में जीवन की शैली में भी समानता हो सकेगी। जिस तरह के उत्पादन के साधन या टेक्नोलॉजी होंगे, उसी तरह की भाषा भी होगी, संस्कृति भी होगी और मानव व्यवहार भी वैसा ही होगा। इसी के साथ यह भी है कि संसार में जो शक्तियां प्रबल होंगी, वे निर्बल के जीवन को प्रभावित भी करेंगी। चाहेंगी कि विकासशील देशों की व्यवस्था, विकसित देशों और प्रबल शक्तियों के हितों की पूरक हों।

आनुवंशिकता के बाद मनुष्य जीवन का सबसे अधिक प्रभावशाली निर्णायक तत्व परिवेश होता है। परिवेश से ही मनुष्य जीवन की शक्ति प्राप्त करता है। वह परिवेश प्राकृतिक भी होता है, समुद्र, नदी, पहाड़, ऋतु

> भारत की परंपरा के प्रति नकारात्मक दृष्टि कि यह भी गलत है, यह भी गलत है, यह भी गलत है तथा दूसरे किसी देश को आदर्श बना कर चलना अवैज्ञानिक ही है। मनुष्य सब जगह वही है, मनुष्य की मूल–प्रवृत्ति सब जगह वे ही हैं, अच्छे और बुरे सब जगह हैं, हर जाति में हैं, हर धर्म में हैं। कल्पना करें कि सारा संसार एक ही शासन के अधीन आ जाए तो भी परिवेश की भिन्नता के कारण जीवन की भिन्नता बनी ही रहेगी क्योंकि समानता और भिन्नता प्राकृतिक भी हैं। इसलिए जितने अंशों में वैश्विक अध्ययन की आवश्यकता है, उतनी ही आवश्यकता भारतीय जीवन के अध्ययन की है।

देह और मन दोनों को प्रभावित करते हैं। एक रिसर्चर ने बिहार में रहते हुए बुद्ध की विचार भूमि पर अनुसंधान कार्य किया था और बताया था कि क्यों निर्वाण ही इस विचार सरणि का अंतिम गंतव्य बना? उसने बुद्ध काल की उन परिस्थितियों का विश्लेषण किया है जिनमें अत्यंत कष्टपूर्ण जीवन है।

ये परिस्थितियां ही हैं जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना, जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ, लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा। रूस तथा यूक्रेन में एक जैसे विचार को लेकर राजसत्ता बनी, किंतु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को आमने-सामने कर दिया। गोरे शासकों की शह पाकर जिन्ना ने धर्म की समानता का नारा लगाया था, पूर्वी पाकिस्तान भी पाकिस्तान ही बना था, किंतु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को अलग कर दिया। ध्यान में रखने की बात है कि परंपरा भी परिवेश है।

भारत की परंपरा के प्रति नकारात्मक दृष्टि कि यह भी गलत है, यह भी गलत है, यह भी गलत है तथा दूसरे किसी देश को आदर्श बना कर चलना अवैज्ञानिक ही है। मनुष्य सब जगह वही है, मनुष्य की मूल-प्रवृत्ति सब जगह वे ही हैं, अच्छे और बुरे सब जगह हैं, हर जाति में हैं, हर धर्म में हैं। कल्पना करें कि सारा संसार एक ही शासन के अधीन आ जाए तो भी परिवेश की भिन्नता के कारण जीवन की भिन्नता बनी ही रहेगी क्योंकि समानता और भिन्नता प्राकृतिक भी हैं। इसलिए जितने अंशों में वैश्विक अध्ययन की आवश्यकता है, उतनी ही आवश्यकता भारतीय जीवन के अध्ययन की है। देशकाल भिन्न होंगे तो धर्म-संस्कृति का भिन्न होना स्वाभाविक ही है, किंतु यदि उनकी आत्मा पर ध्यान केंद्रित करें तो जो बात सामने आएगी, वह मनुष्य और मनुष्य तथा मनुष्य और प्रकृति के बीच समन्वय के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है।

हां, धर्म संस्था व्यष्टि और वर्ग स्वार्थ से प्रेरित होती है और धर्म की कुत्सित व्याख्या करना उसका व्यापार होता है। समय बदलने पर वह धर्म विरुद्ध को ही धर्म बतलाती है। लोग रूढ़ि के कारण अधर्म को ही धर्म समझ लेते हैं -अधर्मे धर्म विभ्रमः। मनुष्य जीवन पर आनुवंशिकता का प्रभाव निर्णायक होता है या परिवेश का? मानवशास्त्रियों ने जीवन के दो महत्वपूर्ण निर्णायक तत्व माने हैं- आनुवंशिकता और जीवन का परिवेश। ये दोनों ही तत्व व्यक्ति जीवन को प्रेरित-उत्तेजित-निर्देशित करते हैं। उसे बनाते हैं, आगे बढ़ाते हैं। जीवन को मोड़ देते हैं। कठिनाई आने पर फैसला कर देते हैं। आनुवंशिकता भी एक वास्तविकता है? कुछ कहावतें पढ़ रहा हूं-नानी की टेव धेवती में आईं! मूसे के जाए तो बिले ही खोदेंगे! मछली के बच्चनें तैरबौ को सिखाबै? मनुष्य जीवन पर आनुवंशिकता का प्रभाव निर्णायक होता है या परिवेश का? यह बहस बहुत पुरानी है। आनुवंशिकतावादी-विचारकों का निष्कर्ष है कि आनुवंशिकता ही मनुष्य की प्रतिभा तथा गुणों का निर्णायक तत्व है। शारीरिक मानव शास्त्रियों ने इस प्रश्न को यों सोचा था कि नस्ल जनता की संस्कृति को ढालती है या जनता की संस्कृति नस्ल को?

द्वितीय महायुद्धःनस्लवाद। इस संबंध में नस्लवादियों ने कहा था कि आनुवंशिकता और शारीरिक प्रारूप संस्कृति को निर्धारित करते हैं। राजनीति में आकर यह सिद्धांत अपने उग्र रूप में नात्सीवाद के नस्ली सिद्धांतों में व्यक्त हुआ था। यह औपनिवेशिक शासन का समर्थन करने वाली विचारधारा थी और आगे चलकर द्वितीय महायुद्ध का कारण भी बनी। इसके विपरीत परिवेश वादियों का निष्कर्ष है कि मनुष्य जीवन का निर्णायक तत्व परिवेश है। परिवेशवादियों के भी तीन ग्रुप हैं-भौगोलिक निर्णायकवादीः जो मानते हैं कि भौगोलिक परिवेश मानव शरीर पर ही प्रभावी नहीं है, अपितु संस्कृति का भी निर्णायक तत्व है।

भौगोलिक निर्णायकवाद :अफ्रीका के लोग काले और योरोप के गोरे। दक्षिण के, बंगाल के, नेपाल के, पंजाब के लोगों को देखते ही पहचाना जा सकता है। सांस्कृतिक परिवेशवादी संस्कृति को निर्णायक तत्व मानते हैं जबकि तीसरे ग्रुप के महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स कहते हैं कि संस्कृति ही नहीं मनुष्य के सामाजिक संबंधों का निर्णायक तत्व भी उत्पादन प्रणाली और अर्थव्यवस्था है। यह भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं। बाजारवादी संस्कृति ने भारत और इंडिया के बीच गहरी रेखा खींच दी है। दिन रात असंख्य चैनल चल रहे हैं और हमें समझा रहे हैं कि देह ही मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य है। देहसुख बाजार का सौदा है, उसे खरीदना जीवन का पुरुषार्थ है। इस सभ्यता के लिए धनवान मनुष्य कंज्यूमर है और सारी प्राकृतिक संपदा तथा निर्धन मनुष्य कच्चा माल है। ऐसे परिवेश में भारत के लोक जीवन की अतीन्द्रिय-अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की ही पहचान कौन कर रहा है?

## प्रसंगवश

# मैं अयोध्या हूं

आज जो अयोध्यावासियों को अपशब्द कह रहें, उनसे बात कर रही हैं अयोध्या जी... मैं अयोध्या हूं। वह अयोध्या जिसने निर्माण और विध्वंस के हजार किस्सों को सरयू के पानी में बहते हुए देखा है। वह सरयू जिसने मेरे हर आंसू को अपने पानी से छिपाया है और मेरी हर खुशी को लहरों की उथल-पुथल से प्रकट किया है।

मैं वह अयोध्या हूं, जो कभी निराश नहीं हुई। मुझे साकेत कहा गया, मुझे कौशल की राजधानी बनाया गया तो मुझे अवध जागीर के फैजाबाद का दिल कहा गया, मगर मैं तो पहले से आखिर तक अयोध्या ही तो हूं। मैं वह अयोध्या हूं जिसके आंगन में राम ने जन्म की पहली थाप दी। मैंने कौशल्या के मां बनने की मुस्कान को देखा है। एक बालक, जिसे अपने भाई बहन से अथाह प्रेम था, उन राम को अपने आंगन में बड़ा होते देखा है। मेरे ही पहलू में गुरु वशिष्ट के वह पाठ भी थे, जिन्होंने कितने ही ऐतिहासिक अध्याय निखारे।



हफीज किदवई
लेखक

मेरे ही सामने तो दशरथ ने गले लगकर राम को अपना उत्तराधिकार दिया। मेरे ही सामने सीता बहु बनकर आईं। मैंने अपने राम का विरह भी तो देखा। यहां सुनो मेरे दर्द की पहली कहानी। राम, जो मेरा मान थे। मेरे ही सीने से दूर किए जा रहे थे, जिसे हमने नाजों से पाला था, उसे वनवास दिया जा रहा था। मैं ही वह अयोध्या थी, जो चीख-चीख कर रो रही थी। मगर राम के एक इशारे पर हमने अपना सारा दर्द सीने में दबा लिया, सारे आंसू सरयू में बहा दिए और आंखे उधर सजा दीं, जिधर से राम को वापिस आना था। इस दुनिया में वह मिट्टी का टुकड़ा भला कौन है जिसने खड़ाऊ के शासन को स्वीकारा। मैं वह अयोध्या थी, जो अपने राम के खड़ाऊ मात्र के सामने झुकी खड़ी रही। हम थे वह अयोध्यावासी जिन्होंने अपने राम के बिना उस सिंघासन पर किसी दूसरे को स्वीकार नहीं किया। हमने वनवास के दर्द को तो वापसी की दीवाली भी देखी है। हमने अपने राम को जन्मते देखा है। हम वह अयोध्या हैं जिसने बुद्ध को देखा है। बुद्ध के युग को देखा है। बुद्ध के प्रताप को देखा है। बुद्ध के ज्ञान को देखा है।

मैं वह अयोध्या हूं जिसने महावीर जैन और तमाम तीर्थंकर को भी देखा है। जैन मुनियों के ज्ञान और विचरण को देखा है। हमने तो अपने पहलू में मुगलों को भी आते देखा है। अपने सीने पर मंदिर बनते, मंदिर टूटते देखा है। मस्जिद बनते, मस्जिद टूटते देखा है, मठ बनते, मठ टूटते देखा है, स्तूप बनते, स्तूप टूटते भी देखा है। हमने नवाबों की हुकूमत भी देखी है। हम हैं अयोध्या जिसने इस देश की हर करवट को बहुत करीब से देखा है, मगर जों नही देखा था, वह अब देख रहे हैं। इतना कुछ बदला, एक से एक हुक्मरान आए, धर्मगुरु आए, विचार आए और गए मगर कभी अयोध्यावासी गाली नहीं खाए।

कभी किसी की हिम्मत नहीं पड़ी की अयोध्यावासियों पर उंगली उठाकर उनके गर्व को धिक्कारे। मैं हूं वह अयोध्या जिससे वनवास जाते राम ने पलटकर कभी एक शिकायत भी नहीं की। हां मैं हूं वह अयोध्या जिसका आंचल सरयू है, उस सरयू में जब राम विलीन हो रहे थे, तब भी किसी ने अयोध्यावासी को अपशब्द नहीं कहे। अयोध्या जो पीड़ा सहती रही है, उसका मोल आजकल की कुर्सी की दीमक क्या ही समझेंगी! अयोध्या जिस बात पर मुस्कुराती है, उसकी मुस्कुराहट नफरत से भरे दिल भला क्या ही समझेंगे।

मैं फिर कहती हूं, मैं अयोध्या हूं। मुझे बनने से आजतक कभी भी ऐसे अपशब्दों का सामना नहीं करना पड़ा, जो अब हो रहा है। आज एक अदद कुर्सी तुमसे क्या छीनी, तुम छिन्न-भिन्न हो गए। तुम त्यागी अविनाशी अयोध्या को क्या ही जानोगे। सच तो यह है कि मुझे अपशब्द कहने वाले ही मेरे योग्य नही हैं, मगर मैं अयोध्या हूं, तुम्हारे इस दुस्साहस को भी क्षमा करूंगी, क्योंकि मेरा हृदय मेरे राम जैसा है।

मेरे बारे में एक बात और जान लो, मैं तुम्हारे दस रुपये की पानी की बोतल और बीस रुपये के नमकीन और चंद रुपल्ली के टूरिज्म से जीवित नहीं रहती हूं। मैं अयोध्या हूं, तुम जब नहीं थे, मैं तब भी गर्व से जीती थी, अब होकर भी न हो, तब भी गर्व से ही जिऊंगी। मैं और मेरी सरयू का पानी इतना सक्षम है कि हर अयोध्यावासी को हर विपरीत स्थिति में उनका साथ निभाए। मैं कल भी अवधेश के साथ थी, आज भी हूं, कल भी रहूंगी, तुम मेरे पर्याय को कभी नहीं समझोगे। तुम अपने अहंकार, कुर्सी की लालच और नफरत की आग में जलो, मगर मैं दुनिया को मर्यादा, प्रेम, सहिष्णुता, बराबरी और त्याग का संदेश देती रहूंगी। मैं अयोध्या थी, अयोध्या हूं और सदैव अयोध्या रहूंगी।

# गठबंधन के दो कमजोर बंधन



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 1999 में बनी तो एनडीए गठबंधन में 24 दल थे और यह सरकार पांच साल तक चली थी।

देश की जनता ने एक बार फिर एनडीए की सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस चुनावी नतीजे की बुनियादी बात ये है कि आप जनता को और पूरे तंत्र को हल्के में लेंगे और जिस तरह से चाहेंगे, वैसे चलाने की कोशिश करेंगे तो जनता ये शायद पसंद नहीं करती। सबसे बड़ी चुनौती ये है कि मोदी जी के दस साल के कार्यकाल में सत्ता में किसी की भागीदारी नहीं थी, सिवाय खुद प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के। अब वो सत्ता में भागीदारी बढ़ाएंगे, लोगों की सुनी जाएगी तो सरकार चल पाएगी।

2002 से 2024 तक तीन बार मुख्यमंत्री रहते और दो बार प्रधानमंत्री रहते उन्होंने एकछत्र राज किया। अब अचानक तालमेल और सहमति की राजनीति करना एक चुनौती होगी। अब वो इस नई भूमिका को कितना अपना पाते हैं उसी पर इस सरकार का टिकाऊपन निर्भर करता है। यानी सरकार के गठबंधन धर्म का पालन करेंगे और वाजपेयी मॉडल अपनाएंगे तो ये सरकार चला पाएंगे। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 1999 में बनी तो एनडीए गठबंधन में 24 दल थे और यह सरकार पांच साल तक चली थी। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि गठबंधन में तालमेल बिठाने की वाजपेयी की कुशलता ने पांच साल तक स्थिर सरकार दी।

पिछली सरकार में बीजेपी अपने दम पर 303 सीट जीती थी। ऐसे में एनडीए में शामिल सहयोगी दल पूरी तरह से बीजेपी की मर्जी पर निर्भर थे। बीजेपी नेतृत्व अपने मर्जी के आधार पर छोटे दलों को मंत्री पद मिला था, परंतु इस बार क्षेत्रीय दल बीजेपी एनडीए सरकार में अधिक मोलभाव करने की स्थिति में हैं। नीतीश कुमार का गठबंधन बदलना भारत की राजनीति में ऐसी प्रक्रिया बन गई है, जो हैरान नहीं करती, लेकिन सस्पेंस बरकरार रहता है कि वो किसे कब किंग की भूमिका में ला दें? विपक्ष के पास एक उम्मीद है कि बीजेपी के ये दो दल साइड बदल सकते हैं और यही बीजेपी के लिए चिंता भी होगी। अतीत में नायडू ने केंद्र में तीन सरकारें स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पहली एच डी देवेगौड़ा की संयुक्त मोर्चा सरकार और बाद में 1996-1998 में आई के गुजराल की सरकार, इसके बाद दो बार अटल बिहारी वाजपेयी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बनाई।

भारत में गठबंधन राजनीति का शासन और नीति पर मिलाजुला प्रभाव रहा है। एक और गठबंधन सरकारों ने 1990 के दशक की आर्थिक उदारीकरण और यूपीए शासन के तहत सूचना का अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण सुधारों और नीतियों का सफलतापूर्वक लागू किया है। दूसरी ओर गठबंधन की गतिशीलता ने कभी-कभी आर्थिक सुधारों, रक्षा खरीद और बुनियादी ढांचा विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णायक कार्रवाई को बाधित किया है। गठबंधन सरकारों में स्वाभाविक रूप से विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच समझौता और बातचीत की आवश्यकता होती है। यह किसी एकल दल के प्रभुत्व पर अंकुश लगा सकता है जिससे अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी शासन को बढ़ावा मिलता है। सहमति की आवश्यकता अधिक विचारशील और सावधानीपूर्वक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं की आड़ ले जा सकता है। एक गठबंधन सरकार में मंत्री पदों का आवंटन अक्सर गठबंधन भागीदारों का समायोजित करने में शामिल होता है। कभी-कभी योग्यता और दक्षता की कीमत पर। इससे शासन की गुणवत्ता और प्रशासनिक दक्षता में समझौता हो सकता है, जो सरकार के समग्र प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। जहां गठबंधन सरकार तानाशाही को रोकने में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है, वे चुनौतियों से मुक्त नहीं है।

सहमति की आवश्यकता नीति गतिरोध और धीमे निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को जन्म दे सकती है। इसके अतिरिक्त, गठबंधन सरकार की स्थिरता अस्थिर हो सकती है, क्योंकि गठबंधन सहयोगियों के बीच असहमति सरकारी अस्थिरता या यहां तक कि पतन का कारण बन सकती है। एक ऐसे युग में जहां लोकतांत्रिक मूल्य बढ़ते खतरे में हैं, गठबंधन सरकारें तानाशाही शासन के खिलाफ एक मजबूत तंत्र प्रदान करती हैं। कई पार्टियों के बीच शक्ति साझा करके और बातचीत तथा उत्तरदायित्व की संस्कृति को बढ़ावा देकर, गठबंधन सरकारें लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखने में मदद करती हैं। यद्यपि उनकी जटिलताएं कम नहीं हैं।

## सोशल फोरम

# वक्त से मात खा गए

एक्स बिजली कर्मी रहा हूं, लेकिन फिर भी हमेशा डर लगा रहता है कि ऐसा न हो कि हम दोस्त से बिंदास गले मिलकर हाल-चाल पूछें और वो पलटवार कर दे-आप बिजली वालों के राज में जी रहे हैं, बस। बिजली वालों की गलतियों और हिमाकतों को डिफेंड करते-करते हमारी तो बैंड बज चुकी है।

किसी का बिल ठीक कराना टेढ़ी खीर है। बिल ठीक करने वालों ने अपने पिताजी की नहीं सुनी तो हम रिटायर कर्मी की क्या सुनेंगे? जब-जब बत्ती जाती है तो मेमसाब और बच्चे बत्ती वालों की पुंगी बजा देती हैं। लपेटे में हम भी आ जाते हैं। वैसे गर्मियों में बिजली की आवाजाही ज्यादा रहती है। सप्लाई कम और लोड ज्यादा। घर-घर में एयर कंडीशनर लगा है।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

बेचारे बिजली कर्मी चाहे तप्ती धूप हो या अंधेरी रात, आंधी हो तूफान, जुटे रहते हैं फाल्ट तलाश कर उसे ठीक करने में। बिजली महंगी होती है तो मोहल्ले के तमाम लोग वाले हमें घूर कर देखते हैं। उस दिन एक मित्र के घर गए। अभी बैठने को हुए ही थे कि बिजली चली गई। कमेंट सुनने को मिल गया लो आप आए और बत्ती गई। हमें याद आता है कि 1963 में लखनऊ की बिजली सप्लाई एक प्राइवेट कंपनी मार्टिन बर्न के हवाले थी जिसका मुख्यालय कलकत्ता में होता था। उन दिनों हम लखनऊ के चारबाग स्टेशन के सामने मल्टी स्टोरी रेलवे कॉलोनी में रहते थे। हमारी कॉलोनी की बिजली रेलवे स्टेशन से जुड़ी थी। मौजां ही मौजां थी।

बिल का पेमेंट पिताजी के वेतन से कट जाता था। छटे-छमाही ही बत्ती गुल होती थी, लेकिन जब जाती थी तो कई-कई घंटे नहीं आती थी। उस जमाने के लोग भी बड़े सब्र वाले होते थे। बर्दाश्त कर लेते थे। उस दौर में न तो हर किसी के घर एयर कंडीशनर था और न हीटर गीजर, न टीवी और न वाशिंग मशीन। रेडियो भी चुनिंदा घरों में था। आजकल तमाम घरों में इंवर्टर जनरेटर लगा है, मगर दस मिनट बिजली न आए तो परेशान हो जाते हैं। अरे भई एयर कंडीशनर तो बिजली से चलेगा, इंवर्टर से नहीं। इधर बिजली से चलने वाले ऐशो आराम के आइटम बढ़ रहे हैं, लेकिन उस हिसाब से बिजली का प्रोडक्शन नहीं। बस बिजली वाले यहीं वक्त से मात खा गए।

-फेसबुक वॉल से

# बापू, लोकसभा चुनाव और वाल्मीकियों की उदासी

जब राजधानी ने पिछली 25 मई को लोकसभा चुनावों के लिए मतदान किया, तब यहां के मंदिर मार्ग स्थित ऐतिहासिक वाल्मीकि मंदिर में उत्साह और उम्मीद का माहौल था। इस वाल्मीकि मंदिर का गांधी जी से भी गहरा संबंध रहा है। वे यहां रहे थे। यहां पाकिस्तान से भी वाल्मीकि आते रहे हैं। वाल्मीकि मंदिर का कामकाज देखने वाले कृष्ण विद्यार्थी और उनके साथियों को उम्मीद थी कि ईस्ट दिल्ली का चुनाव नतीजा मील का पत्थर साबित होगा। आम आदमी पार्टी (आप) ने वाल्मीकि समाज से संबंध रखने वाले अपने दिल्ली विधानसभा के सदस्य कुलदीप कुमार को गैर-आरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाया। जाहिर है यह एक बड़ा फैसला था।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

हालांकि जब 4 जून को कुलदीप कुमार की हार की खबर आई, तो कृष्ण विद्यार्थी और वाल्मीकि समाज के दिल टूट गए। एक सफाई कर्मी के पुत्र, कुलदीप कुमार का बचपन कठिनाइयों से भरा था। कुलदीप कुमार का परिवार यूपी के मोदीनगर से है। राजधानी में अधिकांश वाल्मीकि परिवार पश्चिमी उत्तर प्रदेश से या हरियाणा से आकर बसे थे। बापू, 214 दिन और बाबा साहेबः गांधी और बाबा साहेब अंबेडकर को अपना आदर्श मानने वाले कुलदीप कुमार पहले नगर निगम पार्षद बने और फिर विधायक। राजधानी के दिल में स्थित मंदिर मार्ग पर वाल्मीकि मंदिर है, जहां महात्मा गांधी 1 अप्रैल, 1946 से 10 जून, 1947 तक 214 दिनों तक रहे। देशभर के वाल्मीकि समाज के लिए यह बेहद अहम स्थान है।

महात्मा गांधी शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। गांधी जी बच्चों को पढ़ाते हुए उन्हें साफ-सुथरा रहने के महत्व को बताते थे। वे अपने उन विद्यार्थियों को फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में स्वच्छता पर ध्यान नहीं देते थे। स्वच्छता मिशन की शुरूआतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत 2 अक्तूबर, 2014 को इसी वाल्मीकि मंदिर से की थी। नरेंद्र मोदी ने वाल्मीकि बस्ती में अपने हाथों से झाड़ लगाकर 'स्वच्छ भारत' अभियान की शुरुआत की थी, जहां पर बापू रहे थे और साफ-सफाई को लेकर बड़े-बच्चों को बताया करते थे।

पाकिस्तान के भी वाल्मीकिः वाल्मीकि मंदिर में भारत के साथ-साथ पाकिस्तान के भी वाल्मीकि और कुछ ईसाई भी पहुंचते रहे हैं कृष्ण विद्यार्थी से मिलने के लिए। ईसाई भी? पाकिस्तान के पंजाब सूबे के ईसाई समाज का अध्ययन करने वाले दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि "पाकिस्तान के पंजाब सूबे के लगभग सभी ईसाई मूल रूप से वाल्मीकि थे। वे ईसाई बनने के बाद भी ज्यादातर मामलों में सफाई कर्मी ही हैं। भारत के विपरीत, उनके पास रोजगार या शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का अभाव है। उनक जीवन में सिर्फ अंधेरा है।" दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज की स्थापना की थी।

दुर्भाग्य से पाकिस्तान में गांधी जैसा कोई मसीहा नहीं हुआ, जिन्होंने वाल्मीकि समुदाय को मैला उठाने के काम से मुक्ति दिलवाने की दिशा में सोचा हो। अगर भारत में वाल्मीकि समाज को गांधी का सहारा न मिलता तो कुलदीप कुमार जैसे नौजवान अपने पुरखों के काम को ही कर रहे होते। कहने की जरूरत नहीं है कि हिन्दू समाज के सामाजिक पिरामिड में वाल्मीकि सबसे निचले पाएदान पर माने जाते हैं। अपने घर के आसपास की किसी भी वाल्मीकि बस्ती में जाएं तो आपको मालूम चल जाएगा कि यह समाज कितनी विषम परिस्थितियों में जीने के लिए मजबूर है। ये अब भी प्रायः मैला उठाने से लेकर कचरे की सफाई के काम से ही जुड़े हैं। यह इतना महत्वपूर्ण काम भी मेहनत और तन्मयता से करते है, यह देखकर आपके मन में इनके लिए सम्मान के भाव के अतिरिक्त कुछ नहीं आ सकता।

# अयोध्या के अवधेश

अयोध्या वालों को कोसना बेकार है। गैर भाजपा से जीतने वाले, अवधेश पासी भी को उन्हीं राम ने बनाया है, जिनने हम सबको बनाया है। राम पर उनका भी उतना ही अधिकार है, जितना किसी और का। संभव है, वे जन्म-जन्मांतर के किसी जीवन में राम के अति निकट रहे हों या कौन जाने इसी जीवन में राम के प्रति उनका सच्चा समर्पण और कठिन साधना रही हो जिसका उन्हें सुफल मिला है। (ध्यान-साधना नितांत व्यक्तिगत एवं गोपनीय चीजें हैं। न इनका बखान किया जाता है, न ही प्रदर्शन।)



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

राम की आन थी कि जो भी उनकी शरण में आता था, उसकी वे रक्षा करते थे। कहते हैं, जब रामेश्वरम का सेतु बन चुका था और लोग राम के नाम का गुणगान कर रहे थे, उसी समय रावण मंदोदरी को अपनी महिमा दिखाने के लिए मंदोदरी को लेकर समुद्र तट पर आया। उसने एक पत्थर उठाया, उसे मुंह तक ले जाकर कुछ कहा और फिर जब उसे समुद्र में छोड़ा, तो वह पत्थर भी तैरने लगा। मंदोदरी ने यह देखा, तो उसने अतीव विस्मित होकर कहा, " नाथ! आपने कौन सा मंत्र पढ़ा था कि यह पत्थर तैरने लगा।" रावण ने कहा, "मैंने पत्थर के कान में कोई मंत्र नहीं पढ़ा था, बस यह कहा था कि राम यदि तुम्हारा नाम सच्चा है तो तुम्हें अपने नाम की सौगंध है, यह पत्थर भी डूबे नहीं, तैरने लगे।"

संभव है, अवधेश ने भी राम को सच्चे मन से ध्यान कर कुछ ऐसा ही किया हो। फिर एक बड़ी बात यह भी कि दोनों ही अवधेश ठहरे। दाता भी अवधेश और याचक भी अवधेश। राम को कोल, किरात, भील, पासी वैसे भी अधिक प्रिय रहे हैं। ऐसे में एक अवधेश की सहायता दूसरा अवधेश नहीं करता, तो कौन करता।

# आधा दर्जन चोरियों में शामिल थे गिरफ्तार बदमाश

## आरोपियों के कब्जे से तमंचा, कारतूस, कार, नकदी व जेवर बरामद, घायल आरोपी अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता उरई


आरोपियों से बरामद किए गए रुपये और जेवर। अमृत विचार

- आईटीआई के पास चेकिंग के दौरान हुई थी पुलिस से मुठभेड़
- जवाबी कार्रवाई में घायल हुए थे दो आरोपी

**अमृत विचार।** जालौन रोड पर आईटीआई के पास चेकिंग के दौरान गत दिवस हुई पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में गिरफ्तार 5 आरोपियों ने आधा दर्जन से ज्यादा चोरियां कबूली की है। आरोपियों से तमंचे एवं कारतूस, खोखा, कार व चोरी किए गए रुपये, जेवर बरामद किए गए हैं। बता दें कि सर्विलांस व कोतवाली उरई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा डकैती, चोरी की घटना करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 5 शातिर आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में दो आरोपियों को गोली लगी है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि एसओजी सर्विलांस व धाना कोतवाली उरई पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर जालौन रोड पर आईटीआई के पास चेकिंग शुरू की। इस दौरान कार सवार लोगों को रोकने का प्रयास किया गया तो कार सवार भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे, जिसमें टीम बाल-बाल बची।

पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इसपर दो आरोपियों को गोली लगने से घायल हुए तथा 3 अन्य गिराफ्तार कर लिए गए। इनके कब्जे से 4 अवैध तमंचा, जिंदा खोखा कारतूस तथा भारी मात्रा में चोरी किए हुए सोने व चांदी के आभूषण बरामद के साथ 1 लाख 19 हजार 500 रुपये नकद आदि सामान बरामद हुआ। घायल अनिलकंजर व रामकृष्ण को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की गई। बताया कि पूछताछ में आरोपियों द्वारा जनपद जालौन में उसके आस-पास के जिलों व अन्य राज्यों में डकैती, चोरी के बारे में बताया है जिनके संबंध में जानकारी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 12 जोड़ी पायल, एक कमर पेटी, सरस्वती व गणेशजी की एक-एक मूर्ति चांदी की बरामद की है। पकड़े गये आरोपियों में अनिल कंजर पुत्र रामविलास निवासी महुआ बाला डेरा थाना कुंभराज जनपद गुना मप्र. व रामकृष्ण पुत्र बलकार निवासी पूटातालाब भामावत थाना कुंभराज जनपद गुना मप्र. पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल हो गये। जबकि शौकत कंजड़ पुत्र तौफान निवासी महुआडाला डेरा थाना कुंभराज जनपर गुना मप्र.,प्रवेश बिजौरी पुत्र राजबाबू निवासी महआवाला डेरा बारा कुंभराज जनपद गुना मप्र., रामकृष्ण भार्गव पुत्र हेमराज भार्गव निवासी ग्राम बौरवाई थाना कुंभराज जनपद गुना मप्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### इनका हुआ खुलासा

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरेन्द सिंह सेंगर पुत्र रघुवीर सिंह निवासी नया पाठकपुरा कोतवाली उरई के घर में 25 मार्च 2024 को हुई चोरी, पंकज कुमार सोनी लहारियापुरवा कॉलोनी के यहां 11 मई 2024 की गई चोरी, अनुज पटेल पुत्र महेन्द्र पटेल, बहागांव थाना कोतवाली उरई के यहां 27 मई 2024 की रात्रि को हुई चोरी, शारदा प्रसाद सोनी पुत्र सरजू प्रसाद सोनी, नि. बड़ागांव के यहां हुई चोरी, सनीता सिंह सेंगर पत्नी नरेन्द्र सिंह सेंगर निवासी मोहल्ला लहारियापुरा बाई पास के यहां हुई चोरी, सर्वेश कुमार यादव पुत्र हरनाम सिंह निवासी नुनायचा थाना माधौगढ़ के यहां 13 फरवरी 2024 को हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है।



भाजपा कार्यालय में मिष्ठान वितरण कार्यक्रम को संबोधित करतीं भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित। अमृत विचार

# मोदी के संसदीय दल का नेता चुने जाने पर भाजपा ने बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के लिए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर भाजपा कार्यालय उरई में पार्टी पदाधिकारी ने एक दूसरे को बधाई देकर मिष्ठान खिलाया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं मोदी जी को एनडीए के सभी घटक दलों ने सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव पारित किया है।

देश का विकास एनडीए सरकार से ही संभव है। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थिति जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता, जगदीश तिवारी, मनोज राजपूत, संभू दयाल, अशोक राठौर, भगवती शरण शुक्ला आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गर्मी में अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए : डॉ. दिनेश गुप्ता

संवाददाता कालपी जालौन


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में शुरू की गई पौशाला।

- जालौन सीएचसी में शुरू की गई पौशाला

**अमृत विचार।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता ने चिकित्सालय परिसर में जनता के लिए सार्वजनिक पौशाला शुरू करवाई। इस मौके पर भीषण गर्मी के दौरान शुद्ध जल की उपयोगिता की खूबियां बता कर नागरिकों को जागरूक किया।

चिकित्सालय के परिसर में उपस्थित कर्मचारियों तथा नागरिकों के साथ विचार व्यक्त करते हुए चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक शुद्ध पानी को पीते रहना चाहिये। इससे उल्टी, दस्त एवं डायरिया आदि की बीमारी से बचाव हो जाता है। उन्होंने बताया कि बढ़ते तापमान तथा भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सालय में पौशाला स्थापित कराई गई है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अगर कोई व्यक्ति बीमार है तो अस्पताल में डॉक्टरों की सलाह पर दवाइयां का प्रयोग करें। इस मौके पर डॉ. विशाल सचान, डॉ. रूबी सिंह , डॉ. शेख शहरयार, डॉ. गोपाल द्विवेदी, कुलदीप सचान, विनोद कटियार, हर चरण सिंह आदि कर्मचारी एवं नागरिक आदि मौजूद रहे।

# रास्ता बंद करने की एसपी से शिकायत

**उरई (जालौन)।** गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम गुपलापुर निवासी दिव्यांग अजय गुप्ता ने एसपी से रास्ता बंद करने की शिकायत की है। एसपी को दिए पत्र में बताया कि गांव के ही एक निवासी ने 70 साल पुराने रास्ते को बन्द कर रहे हैं तथा रास्ते में कांटे लगाकर कचरा डाल रहे हैं, मना करने पर गाली-गलौज करते हैं। कचरा डालने से आवागमन में समस्या हो रही है। इस पर प्रार्थी की पत्नी सुनीता अपने विकलांग पति के साथ चौकी पर गई तो चौकी इंचार्ज ईंटों ने उल्टा महिला को ही धमका दिया। 70 साल पुराने सार्वजनिक रास्ते के कागजात मांगने लगे।


पीड़ित अजय गुप्ता।

# घर-घर जाकर मांगा अनाज

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जालौन के ग्राम सहजादपुरा में नुक्कड़ मीटिंग को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन एक्टू के राष्ट्रीय पार्षद जिला अध्यक्ष माले कॉमरेड राम सिंह चौधरी ने कहा कि जालौन का सीपीआईएमएल जिला सम्मेलन पाल गेस्ट हाउस में 20 जून को होगा। देश में एकबार फिर महागठबंधन की विपक्ष की ताकत बनकर उभरा है। शनिवार को घर-घर अनाज अभियान चलाया। इसके तहत घर-घर जाकर अनाज मांगा गया। इस दौरान जिला सचिव कॉमरेड राजीव कुशवाहा, कॉमरेड राम सिंह चौधरी ब्रांच सेक्रेटरी, कॉमरेड रमेश वर्मा, राधेश्याम, मलखान, संपूर्णानंद द्वार आदि कॉमरेड उसमें शामिल हुए।


घर-घर अनाज अभियान चलाते कामरेड कार्यकर्ता। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


भागवत कथा का वाचन करते कथा व्यास रोहित रिछारिया व विराजित संत।

### नंद घर आनंद भयो... पर झूमे श्रोता

**संवाददाता जालौन।** जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो प्रभु कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। यह बात शनिधाम पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में कथा व्यास पंडित रोहित रिछारिया ने कही। गूढ़ा न्यामतपुर स्थित शनिधाम मंदिर पर शनि जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास पंडित रोहित रिछारिया ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुईं, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। प्रभु की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। प्रभु कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और प्रभु श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब प्रभु धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। इस दौरान नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया गया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। उन्होंने एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी। इस मौके पर पारीक्षित मुन्नी देवी त्रिपाठी, यज्ञ यजमान मिथलेश, वृंदावन त्रिपाठी, आरती, आनंद त्रिपाठी, दीप कुमार, कृष्णा, प्रियतम त्रिपाठी, प्रियंका, मंजूलता, सतीश पांडेय, स्वर्णलता, अजीत कुमार, अर्चना, नरेंद्र कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### एसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार

**उरई।** शहर के मोहल्ला तुलसी नगर निवासी संजय सिंह पुत्र कृष्ण बहादुर सिंह ने एसपी ईरज रजा को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह मूल रूप से प्रेमगंज सीपरी बाजार झांसी का निवासी है तथा विगत 40 वर्ष से उरई थाना कोतवाली उरई में किराये के मकान में रह रहा है। पिछले 20 वर्ष से स्वीट एन्जिल पब्लिक स्कूल का संचालन कर रहा है। जिसमें किरायेदारी के बावत मकान मालिक से मुकदमा चल रहा है जो उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। 4 जून 2024 को करीब 2 बजे शहर के भूमाफिया प्रदीप व राजीव अपने अन्य सात-आठ आदमियों के साथ प्रार्थी के पास आये और बोले कि हमने यह मकान खरीद लिया है इसलिये तुम इसे खाली कर दो जब प्रार्थी ने कहा कि हमारा मुकदमा चल रहा है और जो भी न्यायालय का आदेश होगा उसका पालन करूंगा। इस पर उक्त भूमाफिया व उसके साथ आये लोगों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर धमकी दी।

### जल संरक्षण के प्रयासों को साझा करने लंदन जाएंगे डॉ. संजय

**जालौन।** बुंदेलखंड में जल संरक्षण के किए गए प्रयासों को साझा करने के लिए उरई निवासी डॉ. संजय सिंह लंदन के लिए रवाना हो गए। यहां हाउस ऑफ लार्ड में परमार्थ संस्था द्वारा पिछले 27 वर्ष से अधिक किये गए कार्यों कि प्रस्तुति देंगे। बताते चले कि वह परमार्थ संस्था सचिव हैं, संस्था मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पिछले लगभग ढाई दशक से अधिक समय से जल संरक्षण एवं आजीविका संसाधनों के संवर्धन हेतु काम कर रहा है। संस्थान के द्वारा किये गए जल संरक्षण के कार्यो में जिनमें विशेष तौर से चंदेल कालीन तालाब, नदी पुनर्जीवन, जलवायु अनुकूलन खेती, जल सहेली जैसे अभिनव प्रयोगों को रखने के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा हाउस ऑफ लॉर्ड्स में डॉ. संजय सिंह को आमंत्रित किया गया है। बताया जाता है कि यह पहला अवसर है जब बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र से कोई व्यक्ति अपने कार्यों का प्रस्तुतीकरण हाउस ऑफ लार्ड में देगा।


डॉ. संजय।


जांच करते माधोगढ़ खंड विकास अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

# ट्रैक्टर से करवा रहे मनरेगा का काम, भटक रहे श्रमिक

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जालौन में मनरेगा के अधिकांश कार्य ट्रैक्टर और मशीनों से कराए जा रहे हैं तथा श्रमिक काम के लिए भटक रहे हैं। इसकी शिकायत होने पर अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच की। चुनाव में व्यस्तता के चलते 20 मई को मतदान समाप्त होने के बाद चार दिन पूर्व माधोगढ़ खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा ने अकबरपुरा गांव पहुंचकर शिकायत के आधार पर स्थलीय निरीक्षण किया। ग्रामीणों की शिकायत सही पाई गई, तीनों चक मार्गों को ट्रैक्टर से लेबलिंग कर बनाया जाना पाया गया। मालूम रहे कि तीन माह पहले कदोरा विकास खंड द्वारा मनरेगा के 14 लाख से कराए गए एक कार्य को ट्रैक्टर से कराया जाना पाया गया था, जिसपर जांच की गई थी।

# सपा के नगर अध्यक्ष ने जताया जनता का आभार

**कालपी जालौन।** जालौन संसदीय सीट से नवनिर्वाचित सांसद नरायणदास अहिरवार की जीत के बाद कालपी नगर अध्यक्ष अजीत सिंह यादव ने पार्टी व पदाधिकारियों, बूथ प्रभारियों तथा जनता का आभार जताया है। दावा किया कि नवनिर्वाचित सांसद के माध्यम से मूलभूत समस्याओं के समाधान तथा नगर कालपी के तमाम विकास कार्य गतिशीलता से किये जाएंगे। नगर अध्यक्ष ने बताया कि सबसे पहले कालपी में निर्मित हाथ कागज और कालीन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए संसद में आवाज उठाएं। खेल का मैदान झांसी कानपुर रूट की सभी ट्रेनों का कालपी में ठहराव के प्रयास करें।


सपा नगर अध्यक्ष अजीत यादव।

# दुकानों से प्रतिबंधित पालीथिन पकड़ी 4800 रुपये का जुर्माना वसूला

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** शासन के तमाम प्रयासों के बावजूद प्रतिबंधित पालीथिन के प्रयोग पर नियंत्रण नहीं लग पा रहा है। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक राम भुवन सिंह के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान आधा दर्जन दुकानों से प्रतिबंधित पॉलिथीन को पड़कर दुकानदारों से 4800 रुपये जुर्माना वसूला गया है।

शुक्रवार को राजस्व निरीक्षक राम भवन सिंह विभागीय कर्मचारी शीशपाल सिंह यादव पप्पी, इरफान मंसूरी, एजाज खान, कन्हैया मिश्रा आदि की टीम के द्वारा मेन बाजार टरनंनगंज , जुलैहटी मार्केट, फुल पावर, मूंगफली मंडी, खोवा मंडी आदि स्थानों में घूम-घूम कर आधा सैकड़ा दुकानों में औचक निरीक्षण किया।

चेकिंग के दौरान दुकानों से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन को बरामद किया गया। राजस्व निरीक्षक ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि आधा दर्जन दुकानदारों से 48 सौ रुपए जुर्माना के तौर पर वसूल किए गए हैं उन्होंने बताया कि चेकिंग अभियान निरंतर चलता रहेगा।


दुकान जाकर पालीथिन की जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

- नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

बैठक | डीएम ने भीषण गर्मी को देखते हुए जनपद की सभी गौशालाओं में बेहतर सुविधाओं के दिए निर्देश

# गौशालाओं में पानी, छाया, हरा चारा की समुचित व्यवस्था रखें

कार्यालय संवाददाता, उरई


बैठक लेते डीएम राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने भीषण गर्मी को देखते हुये जनपद की समस्त गौशालाओं में बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअल बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि गौशालाओं में पानी, छाया, हरा चारा आदि की समुचित व्यवस्था निरंतर रहे। बेजुवान पशुओं के लिये घास एक पौष्टिक चारा है जो उनके स्वास्थ्य के लिये लाभदायक साबित हो रहा हैं, हरे चारे की उपलब्धता के लिये नेपियर घास एक बेहतर विकल्प है, जनपद में गौशालाओं के लिये नेपियर घास का अधिक से अधिक उत्पादन करें। इससे गौवंशों के लिये हरे चारे की कमी न होने पाये। नेपियर घास का उत्पादन हरे चारे की निरन्तर उपलब्धता के लिये आत्मनिर्भरता विशेष रूप से पूरे वर्ष निराश्रित एवं आश्रित पशुओं के पौष्टिक आहार के रूप में बेहतर विकल्प है, यह एक पौष्टिक चारा है जोकि न केवल चारे की आवश्यकता को पूर्ण करेगा। बल्कि गौवंशों को स्वस्थ रखने में मदद करेगा।

उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारी व अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद की समस्त गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा स्थापित किये गये है जिसकी निगरानी कन्ट्रोल रूम कलेक्ट्रेट में की जा रही हैं। गौशालाओं में इण्टरनेट कनेक्टविटी सुचारू रूप से रहे और गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे स्थापित रहे जिससे पूर्ण रूप से निगरानी की जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी निर्मल कुमार आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की डीएम ने की समीक्षा

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत अब तक प्राप्त आवेदन पत्रों एवं उस पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्तर के सत्यापन की कार्यवाही के सम्बन्ध में अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। महाप्रबंधक उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि 85 ग्राम पंचायतें अभी भी पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर ऑन बोर्ड नहीं हुई है। जो आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे है, उन पर शीघ्र प्रथम स्तरीय सत्यापन ( नगर पंचायत/नगर निकाय स्तर से) कर लिया जाए एवं जिन आवेदन पत्रों को प्रथम स्तर से द्वितीय स्तर के सत्यापन हेतु अग्रसारित किया गया हो, उन पर शीघ्र कार्यवाही कर ली जाए, ताकि पात्र कारीगरों, हस्ताशिल्पियों को योजना का लाम शीघ्र से शीघ्र प्राप्त हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव, अग्रणी जिला प्रबन्धक, प्रधानाचार्या आईटीआई, सहायक आयुक्त उद्योग के साथ-साथ डोमेन विशेषज्ञ मनोज कुमार राजपूत व विवेक कुशवाहा उपस्थित हुए।

# महिला किसान के परिजनों को सौंपा 3 लाख रुपये का चेक

**उरई।** फसल की मड़ाई करते समय एक महिला किसान थ्रेसर में फंस गई थी, इससे महिला किसान की मौत हो गई थी। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद को इसके बारे में जानकारी दी थी। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के तहत डीएम ने मृतक महिला किसान के परिजनों को 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव तथा सिटी मजिस्ट्रेट के साथ मिलकर मृतक राजेंद्र कुमारी के पुत्र देवेंद्र सिंह को 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी है, जिसमें डेढ़ लाख रुपये का चेक तथा डेढ़ लाख रुपए की 3 वर्षीय एफडीआर के रूप में दिया है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**शीघ्र चाहिए**
कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर-नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना-खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0- 8896030769 /** 9554377000

**Notice**
I Pawan Kumar Srivastava S/O Shri Shatrohan Lal Srivastava state that my son Divya Srivastava was studying in City Montessori School, RDSO branch Lucknow and in school records my name was erroneously printed as Pawan Srivastava whereas true and correct name is Pawan Kumar Srivastava.

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **राम स्वरूप निर्मल पुत्र जंगली प्रसाद, निवासी-ग्राम खौद, मजरे, पोस्ट- देवपुर, थाना- सरेनी, तह0-लालगंज, जिला- रायबरेली,** मेरा पुत्र राकेश कुमार व बहू रोशनी का चाल-चलन ठीक नहीं है वह घर पर अक्सर मारपीट किया करते है उनके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा।

## एक नजर

### किशोरी से दुष्कर्म का दूसरा आरोपी भेजा गया जेल

**रूरा।** क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से रेप के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी शैलेंद्र को पहले ही जेल भेजा था। दूसरे आरोपी सुमित को पुलिस ने मंडी समिति नहर के पुल से गिरफ्तार कर लिया।

### ओ-लेवल व सीसीसी प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**कानपुर देहात।** निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण लखनऊ के निर्देशों की जानकारी देते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक, युवतियों के लिए संचालित ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालन को भारत सरकार की अधिकृत संस्था निलीट से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के चयन की समय सारिणी जारी की गई है।

# योजना में प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में 17 जून तक जमा होंगे आवेदन

**अमृत विचार।** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. प्रज्ञा शंकर ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले निम्न आय वर्ग के छात्रों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है।

शासन से निर्धारित एक निश्चित मानदेय पर विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षण व कोचिंग संस्थाओं में कार्यरत अनुभवी विषय विशेषज्ञ या अन्य प्रशिक्षितों सेवाएं लिए जाने को शिक्षकों का पैनल तैयार किया जाना है। इसके लिए इच्छुक फैकल्टी के आवेदन की आवश्यकता है। उक्त कोचिंग में अपनी सेवाएं देने के लिए इच्छुक अनुभवी व वरिष्ठ विषय विशेषज्ञ अपना बायोडाटा आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर किसी भी कार्यदिवस में जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या 106 विकास भवन माती व राजकीय महाविद्यालय अकबरपुर में वरूण त्रिवेदी कोर्स कोऑर्डिनेटर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के पास 17 जून तक जमा करा सकते है। साथ ही उक्त प्रपत्र ई-मेल आईडी व मोबाईल नंबर 9457094148, 9560765693 पर व्हॉट्सएप के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को 10 जून से करें आवेदन

**कानपुर देहात।** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. प्रज्ञा शंकर ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में आर्थिक रूप से पिछड़े व मेधावी छात्र, छात्राओं को सिविल सेवा, एनडीए, सीडीएस, आईआईटी, जेईई, नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए संचालित होने वाली कक्षाओं का लाभ लेने के लिए प्रवेश पात्रता परीक्षा कोचिंग केंद्र राजकीय महाविद्यालय अकबरपुर में होगा। आवेदन 10 जून से 18 जून तक होंगे। आईआईटी व जेईई की प्रवेश परीक्षा 19 जून, नीट 19 जून, एनडीए, सीडीएस, एसएससी एवं अन्य 20 जून, सिविल सेवा/राज्य सिविल सेवा 21 जून को होगी। परीक्षा का परिणाम 25 जून व कोचिंग सत्र संचालन एक जुलाई से होगा।

# चुनाव खत्म, अब घूमेगा विकास का पहिया

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- लोकसभा चुनाव के चलते जिले में 16 मार्च को लागू हुई भी आचार संहिता

**अमृत विचार।** करीब ढाई महीने बाद चुनाव आचार संहिता गुरुवार को खत्म हो गई। अब जनपद में विकास का पहिया एक बार फिर तेजी से घूमना शुरू होगा। विभिन्न विभागों के करीब सौ करोड़ रुपयों के विकास से जुड़े काम गति पकड़ेंगे। भूमि पूजन और उद्घाटन के बाद टेंडर आदि न होने और अफसरों से लेकर कर्मचारियों तक की डयूटी चुनाव में लगने से सभी काम अधर में लटके हुए थे। हालांकि पहले से जारी विकास कार्य पूर्ववत चल रहे थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर देश भर में 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई थी। चार जून को मतगणना खत्म होने के साथ ही अब जिले में करोड़ों रुपये के विकास कार्य फिर से शुरू हो गए हैं। आचार संहिता लगने से चंद दिन पहले कई योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास तो हुए, लेकिन टेंडर आदि कार्य न होने से काम ठप ही पड़ गया था। चुनाव डयूटी के चलते भी काफी स्तर पर काम प्रभावित रहा।

चार जून को मतगणना के बाद ही आचार संहिता समाप्त हो गई। उसके बाद सभी विभागों में चहल-पहल तेज हो गई है। सांसद, विधायक निधि संग लोक निर्माण, ग्रामीण अभियंत्रण, आरईडी की स्वीकृत करोड़ों की सड़कों के बनाने की कवायद भी शुरू हो गई है। इसी तरह लाभार्थी परक योजनाओं का लाभ देने के लिए लाभार्थियों की सूची भी फाइनल की जा रही है। एक सप्ताह के अंदर उनके खातों में धनराशि भेजी जानी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय के निर्माण से लेकर अन्य कार्य शुरू होंगे। विकास विभाग के अफसरों का कहना है कि आचार संहिता खत्म होने के बाद अब विकास कार्य तेज होंगे। जल्द ही बैठक लेकर विभागवार समीक्षा की जाएगी।

### सरकारी कार्यालयों में भी रहा सन्नाटा

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के कारण करीब डेढ़ महीने तक सभी सरकारी कार्यालयों में भी सन्नाटा पसरा रहा। विकास भवन, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा समेत अन्य विभाग के कर्मचारियों व शिक्षकों की डयूटी चुनाव में लगाई गई थी। अधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी गई थी, जिसके कारण कार्यालयों में गिने-चुने कर्मचारी ही दिखते थे। अब आचार संहिता खत्म होने के बाद कार्यालयों में भी काम की गति तेज हो गई है।

# नहर में नहाने गया सात वर्षीय बालक डूबा, नहीं बच सकी जान

## रोहिनी गांव में हमउम्र दोस्तों के साथ गया था बालक, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** रोहिनी गांव में दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया बालक डूब गया। जानकारी मिलने पर पहुंचे चाचा ने बालक को नहर से बाहर निकाला और सांस की आस में फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई।


आयुष।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के रोहिनी निवासी सुमित का सात वर्षीय पुत्र आयुष गांव के बच्चों के साथ गांव के पास से निकली नहर में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूब गया। साथ में नहा रहे बच्चों ने इसकी जानकारी आयुष के परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे आयुष के चाचा मनोज ने कड़ी मशक्कत के बाद खोजबीन कर बालक को नहर से बाहर निकाला। उसकी धड़कन बंद हो चुकी थी, लेकिन सांस की आस में वह बच्चे को लेकर सिकंदरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टर ने आयुष को मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल में मृत घोषित किए जाने के बाद चाचा मनोज उसके शव को लेकर गांव पहुंचे, जहां शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। आयुष की मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अचानक मौत के गम में पूरा परिवार डूब गया। परिवार के सभी सदस्य बिलखते रहे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


नहर में डूबे बालक को बचाकर परिजनों के सुपुर्द करता पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### राम गंगा नहर में डूब रहे बालक को बचाया

**रूरा।** कस्बे के आंबेडकर नगर निवासी अवधेश का सात वर्षीय पुत्र सलमान अपनी मां रेशमा के साथ रामगंगा नहर पुल पर गया था। मां वहीं पर जानवरों के लिए घास काटने लगी। इसी बीच सलमान पटरी पर खेलते-खेलते अचानक नहर में गिर गया। बच्चे को डूबता देख रेशमा के शोर मचाने पर भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर क्राइम सुरजीत सिंह, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार ने लोगों की मदद से डूब रहे बालक को बचाया और उसे बाहर निकालकर मां के सुपुर्द किया। बच्चे को पाकर मां ने उसे अपनी छाती से लगा लिया।

# हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- सजेती क्षेत्र के बांध गांव में चार साल पहले हुई थी वारदात

**अमृत विचार।** सजेती थाना क्षेत्र के बांध गांव में करीब चार साल पहले लेन-देन को लेकर एक युवक की हत्या के मामले में सुनवाई पूरी करते हुए जिला जज ने शुक्रवार को दो आरोपियों को दोषी करार दिया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोनों पर दस- दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

सजेती क्षेत्र के बांध के रहने वाले रामप्रकाश उर्फ दीपू को लेन देन के मामले में समझौता करने के लिए 7 दिसंबर 2020 को उसी गांव के रहने वाले देव नारायण यादव, शिवराज यादव, विकास यादव, मर्दन प्रजापति व दो अन्य व्यक्ति उसकी पत्नी शशि के सामने उसे मर्दन प्रजापति के घर ले गए थे। दूसरे दिन 8 दिसंबर 2020 को उसका रक्तरंजित शव गांव के प्राथमिक स्कूल के पीछे पड़ा मिला था। मृतक के भाई श्याम प्रकाश दीक्षित ने रामप्रकाश उर्फ दीपू को घर से ले जाने वाले देवनारायण यादव, मर्दन प्रजापति, शिवराज यादव व विकास यादव व दो अन्य के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने विवेचना कर मर्दन प्रजापति व विकास यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। अन्य आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य न मिलने पर नाम हटा दिया था। मामले की सुनवाई जिला जज जयप्रकाश की कोर्ट में चल रही थी। जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल व सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मर्दन प्रजापति व विकास यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोनों पर दस- दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोनों दोषियों को छह-छह माह के अतिरिक्त कारावास काटने का भी आदेश किया है।

## सार-संक्षेप


तीसरी बार सरकार बनने पर माती पार्टी कार्यालय में जश्न मनाते भाजपाई।

### तीसरी बार सरकार की खुशी में आतिशबाजी, बांटी मिठाई

**कानपुर देहात।** नरेंद्र मोदी को तीसरी बार एनडीए का नेता चुने जाने पर माती भाजपा कार्यालय में पटाखे फोड़कर मिठाई बांटी गई। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला व विधानसभा संयोजक डॉक्टर सतीश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया। इस दौरान महिला व पुरुष कार्यकर्ता ढोल नगाड़े की धुन पर नाच रहे थे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार महिला, गरीब, किसान और नौजवान के उत्थान को और तेज़ी से आगे बढ़ाएगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुना है। भाजपा देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रही है। विधानसभा संयोजक ने कहा कि देश की जनता को पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। देश भर की जनता ने एक समर्थ, शक्तिशाली, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए भाजपा को वोट दिया है। लोगों के विश्वास की बदौलत ही भाजपा चुनाव जीत कर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। इस दौरान डॉक्टर विवेक द्विवेदी, जितेंद्र सिंह गुड्डन, सौरभ मिश्रा, सुनील शर्मा, शिव विलास मिश्रा, विनय प्रताप सिंह, प्रमोद मिश्रा, पवन अग्निहोत्री, श्यामू शुक्ला, श्याम तिवारी, निखिल साहू, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


तालाब में होता अवैध मिट्टी खनन। अमृत विचार

### तालाब में अवैध खनन, मिट्टी बेचने का आरोप

**सिकंदरा।** तहसील क्षेत्र के उधौंपुर रजौली गांव में नियम विरुद्ध सरकारी तालाब को खोद कर अवैध मिट्टी खनन कर बेचा जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उधौंपुर रजौली ग्राम प्रधान पर आरोप है कि मशीन से अवैध खनन करा कर आधा दर्जन ट्रैक्टरों पर मिट्टी लोडिंग कर बेचने का कार्य कर रहे हैं। करीब तीन दिनों से लगातार मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। इसके बावजूद तालाब की भूमि पर हो रहे अवैध खनन की स्थानीय प्रशासन को कानों-कान भी खबर नहीं हो पाई। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी कई बार तालाब की भूमि से अवैध खनन करा कर मिट्टी बिक्री की जा चुकी है। इस बावत ग्राम प्रधान हरि सिंह का कहना है कि सरकारी तालाब की मिट्टी मशीन से खुदवा कर ग्रामीणों को दे रहे हैं। किसी को एक तो कोई दो ट्राली मिट्टी ले रहा है। तहसीलदार सिकंदरा संतोष कुमार ने बताया कि तहसील की टीम से जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


रमऊ गांव में बना आरसीसी सेंटर। अमृत विचार

### राजपुर ब्लाक का पहला आरसीसी तैयार

**राजपुर।** ब्लाक क्षेत्र का पहला आरसीसी सेंटर रमऊ गांव में बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही इसका शुभारंभ होगा। उसके बाद गीले और सूखे कचरे का निस्तारण शुरू हो जाएगा। रमऊ गांव के प्रधान सैय्यद जमाल अहमद ने बताया कि ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर, आंगनबाड़ी केंद्र, योगा पार्क, अंत्येष्टि स्थल के अलावा अमृत वाटिका, ओपन जिम, देहाती मार्ट, योगा पार्क, आयुष्मान केंद्र समेत नालियां, सड़क व खड़ंजे में करोड़ों की धनराशि से विकास कार्य कराए हैं। गांव में स्वच्छता मिशन के तहत लगभग 5 लाख रुपये की लागत से आरसीसी सेंटर बनाया गया है। जल्द ही जिले के अफसरों से आरसीसी सेंटर का शुभारंभ कराया जाएगा। ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आरसीसी सेंटर के शुभारंभ से गांव के लोगों के घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को सेंटर में एकत्रित कर खाद के रूप में विकसित किया जाएगा। राजपुर के बीडीओ हरिगोविंद गुप्ता ने बताया कि रमऊ गांव में निर्माणाधीन आरसीसी सेंटर का जल्द शुभारंभ किया जाएगा।

### महिला की मौत, अस्पताल में गलत इलाज का आरोप


रिहाना।

**सिकंदरा।** क्षेत्र के निजी अस्पताल से रेफर हुई महिला की सैफई मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के पति ने निजी अस्पताल में गलत उपचार का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी है। सिकंदरा कस्बा के मालवीय नगर निवासी नौशाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी रिहाना (35) को अचानक ब्लीडिंग होने लगी। उसने सिकंदरा में एक निजी अस्पताल में दिखाया था। जहां गर्भपात कराकर मोटी रकम ऐंठ ली गई। उपचार के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई। आराम न मिलने पर पत्नी को शाहजहांपुर व बाद में अकबरपुर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां कई दिन इलाज चलने के बाद पत्नी को आराम नहीं मिला। इसके बाद उसने पत्नी की छुट्टी कराई और सैफई ले गए। जहां उपचार के दौरान रिहाना की मौत हो गई। नौशाद का कहना है कि सिकंदरा के निजी अस्पताल में पत्नी के गलत उपचार से हालत और बिगड़ी। एसआई उमाशंकर ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शादी के अनुदान के लिए न्यूनतम आय सीमा बढ़ी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बेटियों की शादी पात्रता को अब एक लाख रुपये न्यूनतम सीमा

**अमृत विचार।** निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण लखनऊ के निर्देशों की जानकारी देते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये प्रति वर्ष एवं ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये प्रतिवर्ष आय के स्थान पर राज्यपाल ने एक लाख मात्र प्रतिवर्ष करने की स्वीकृति प्रदान की है।

ऐसे में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोड़कर) के गरीब व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख प्रति वर्ष से अधिक न हो। उन्हें शादी अनुदान प्रदान किए जाने की योजना संचालित है। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसमें शासनादेश के अनुसार प्रथम आवक प्रथम पावक के अनुरूप पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला व दिव्यांग आवेदकों को वरीयता क्रम में रखते हुए शादी अनुदान की राशि बीस हजार रुपये प्रत्येक लाभार्थी की दर से वितरित की जाएगी।

अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजना अंतर्गत इच्छुक आवेदक, विभागीय वेबसाइट पर जनसेवा केंद्र, लोकवाणी केंद्र, साइबर कैफे, निजी इंटरनेट से ऑनलाइन आवेदन कर उसकी कॉपी संबंधित एसडीएम या बीडीओ कार्यालय में जमा करेंगे।

# भीषण गर्मी में बुजुर्गों को परेशानी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- मौसम के बदलाव से बढ़ रही धड़कन और फूल रही सांस

**अमृत विचार।** जनपद में भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। इससे पुराने रोगियों की परेशानी बढ़ गई है। मौसम के बदलाव के साथ ही उनकी तेज धड़कन के साथ सांस फूल रही है। कई मरीज तो अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही दम तोड़ दे रहे हैं।

जिला अस्पताल की इमरजेंसी में इस तरह की समस्या वाले आठ-दस मरीज करीब हर रोज पहुंच रहे हैं। अस्पताल में मई से करीब आधा सैकड़ा बुजुर्ग भर्ती किए गए हैं। इनमे से कई की मौत भी हो चुकी है। तेज धूप व गर्मी का कहर जानलेवा साबित हो रहा है। इस बार पुराने सांस रोगी, हृदय रोगी या बुजुर्गों को ज्यादा दिक्कत हो रही है। पहले सर्दी के मौसम में सांस फूलने के कारण अटैक की संभावना अधिक होती थी। लेकिन इस बार गर्मी में ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। इससे डॉक्टरों को बीमारी का अनुमान लगाना मुश्किल हो रहा ह।

डॉक्टरों के अनुसार बीते माह कुछ ऐसे मरीज पहुंचे जिनका शुगर, बीपी आदि सामान्य था। उन्हें लगा कि खानपान की वजह से कुछ परेशानी हो सकती है। लेकिन मरीजों को वास्तव में गर्मी बढ़ने के कारण अटैक पड़ा था। इससे उनकी धड़कन अचानक काफी बढ़ गई और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। कुछ समय बाद उनकी मौत हो गई। कई की तो हाई बीपी होने के बाद ब्रेन हैमरेज होने से मौत हुई। गर्मी ने शरीर की व्यवस्था गड़बड़ कर दी है।ॉ

जिला अस्पताल के आंकड़ों की माने तो पिछले एक माह में करीब सौ से अधिक मरीज कानपुर रेफर हुए हैं। डॉक्टरों के अनुसार गर्मी में लोग घर के अंदर एसी, कूलर का प्रयोग कर रहे हैं।

### शरीर में पानी की कमी बिल्कुल न होने दें

जिला अस्पताल के वरिष्ठ ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने बताया कि गर्मी में बुजुर्ग, हृदय व सांस के मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। एक दिन में कम से कम सात लीटर पानी जरूर पिएं। ताजे फलों का सेवन करें और नीबू पानी, शिकंजी, ओआरएस का घोल थोड़ी-थोड़ी देर में पीते रहें। दोपहर के समय घर से बाहर बिल्कुल न निकलें। अगर निकलना पड़े तो सिर और शरीर को ढककर ही जाएं। एसी और कूलर वाले स्थान से निकलकर अचानक धूप में न जाएं और न ही धूप से आते ही ऐसे स्थान पर जाएं। शरीर का तापमान सामान्य होने पर जाएं। गर्मी से आकर ठंडे पानी का प्रयोग करना भी सेहत के लिए खतरनाक है।

# ट्रांसफार्मर के लिए जेई ने दी तहरीर

**राजपुर।** जैनपुर फीडर से जुड़े जैनपुर गांव में सौ केवीए का क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर के बदले दूसरा लगाने गए विद्युत कर्मियों को एक किसान ने मना कर दिया। किसान का आरोप है कि ट्रांसफार्मर उसके खेत में लगाया गया है।

जैनपुर अवर अभियंता सौरभ त्रिपाठी ने राजपुर थानाध्यक्ष को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव के बाहर 100 केवी का ट्रांसफार्मर रखा है। जो ख़राब हो गया है। उसको बदलने गए वह विद्युत कर्मचारियों के साथ मौके पर गए तो गांव के किसान ने रखने से मना कर दिया। अवर अभियंता ने बताया कि ट्रांसफार्मर से गांव के लगभग 80 घरों में कनेक्शन है। करीब 250 लोगों को इस भीषण गर्मी के चलते मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। थानाध्यक्ष प्रभात सिंह ने बताया कि जांच की जाएगी।

## अनदेखी

संदलपुर के हिसावां गांव में अमृत सरोवर का निर्माण अधूरा, जिम्मेदार बेखबर

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहे अमृत सरोवर


हिसावां गांव में सूखा पड़ा अमृत सरोवर। अमृत विचार


अमृत सरोवर के आसपास इंटरलाकिंग किनारे उगी घासफूस। अमृत विचार

संवाददाता, संदलपुर

**अमृत विचार।** जल संचयन के लिए बनाए गए अमृत सरोवर बेमकसद साबित हो रहे हैं। भीषण गर्मी के मौसम में भी तालाबों में पानी ही नहीं है। जबकि अफसर अधिकांश तालाब भरे होने का दावा करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है।

जिले में पिछले साल बड़े पैमाने पर अमृत सरोवर बनाने का काम शुरू किया गया था। अलग-अलग अंतराल में जिले भर के हिस्सों में तालाबों को अमृत सरोवर के लिए चिंह्नित किया गया। अफसरों के मुताबिक इनमें से कई तालाबों का काम पूरा हो चुका है। शेष तालाबों में काम होना है।

यह तालाब मनरेगा के तहत बनवाए गए हैं। इसमें ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत का योगदान है। जिला पंचायत को भी अमृत सरोवर का निर्माण कराना है, लेकिन अब तक काम अधूरा है। ऐसा ही नजारा संदलपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत हिंसावा में अमृत सरोवर में देखने को मिल रहा है।

करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए जा रहे अमृत सरोवर गर्मियों में काम नहीं आ रहे हैं और यह आज भी अधूरे हैं। तालाब के चारों तरफ घास उगी है और पूरी तरह से सूखा हुआ है। यहां पर लगाए गए पौधे गायब हैं। इस बावत बीडीओ देवेंद्र वर्मा ने बताया कि जल निगम को तालाब भरने के लिए मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशित किया है। यह जानकारी की जाएगी कि हिसावां का तालाब उस सूची में दर्ज है या नहीं। अमृत सरोवर निर्माण में जो खामियां हैं। उसकी जानकारी कर संबंधित अधिकारी से बात कर जांच की जाएगी।

# फसलों को सफाचट कर रहे छुट्टा गोवंश

संवाददाता, मूसानगर

- अमरौधा ब्लाक के क्योंटरा बांगर गांव में किसान दिन-रात करते फसलों की रखवाली

**अमृत विचार।** शासन की लाख सख्ती के बावजूद गांव से लेकर सड़क तक गोवंश घूमने से रोकने संबंधी आदेशों पर प्रभावी रूप से अंकुश नहीं लग पा रहा है। ग्राम पंचायत हलिया के क्योंटरा बांगर में छुट्टा गोवंशों का डेरा बना हुआ है। जबकि अफसर दावा करते है कि सड़कों से गोवंशों को पकड़ने का अभियान चल रहा है।

अमरौधा ब्लॉक क्षेत्र में छोटी-बड़ी आठ गौशालाएं संचालित हैं। इसके बावजूद गोवंश सड़कों पर घूमते रहते हैं। क्योंटरा बांगर में गोवंशों का झुंड दिन रात-टहलता रहता है। ऐसे में किसान खेतों में बोई गई मूंग, उरद, सब्जी की फसल की दिन-रात रखवाली करने को मजबूर होते हैं। इसके बावजूद जरा सी चूक होने पर मवेशियों का झुंड खेतों में घुस कर फसलें चट कर जाता है। जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। इसके बाद भी पशुओं को पकड़वाने के लिए जिम्मेदार अफसर गंभीर नहीं हैं। आवारा घूमते गोवंश मुद्दा बन रहे हैं। गांव के रामपाल, रामसजीवन, गोरेलाल, रामनरेश, राम औतार आदि ने बताया कि छुट्टा गोवंशों को पकड़वाने के लिए अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया।


क्योंटरा बांगर गांव में घूमता छुट्टा गोवंशों का झुंड। अमृत विचार

# बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, एक घायल

## ठठिया बाजार जाते समय एक्सप्रेसवे अंडरपास के पास दुर्घटना

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

**अमृत विचार।** बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दोनों चालकों की मौत हो गई। घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल तो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


शीलू।

थाना ठठिया के सरहटी गांव निवासी शिव सिंह (32) पुत्र सकटे अपने साथी शीलू (30) पुत्र विश्राम के साथ शुक्रवार की दोपहर घर से बाइक पर सवार होकर ठठिया बाजार जा रहा था। जैसे ही वह एक्सप्रेस वे अडंरपास सत्तार गांव के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से लापरवाही से बाइक चलाकर आ रहे थाना क्षेत्र के सत्तार गांव निवासी शीलू (35) पुत्र रामऔतार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते दोनों सवार बाइकों समेत सड़क पर जा गिरे। इससे गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को मेडिकल कॉलेज ले आई।

यहां डॉक्टर ने शीलू व दूसरे बाइक चालक शीलू को मृत घोषित कर घायल शिव सिंह का उपचार शुरू कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनो मे कोहराम मच गया।


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व लगी भीड़। अमृत विचार

### बाइक की टक्कर से मामा-भांजा घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम चियासर निवासी अमित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 30 मई की दोपहर लगभग 02 बजे वह अपने भांजे रिषभ के साथ ग्राम लालपुर स्थित सड़क किनारे खड़ा था। तभी पीछे से आ रही पल्सर बाइक सवार ने तेज गति से चलाते हुए टक्कर मार दी। इससे वह व उसका भांजा गभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना को अंजाम देकर भाग रहे सवार व बाइक को मौके पर पकड़ लिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया है। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# धान, मक्का की पैदावार बढ़ाने के बताए उपाय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- खरीफ सीजन की फसलों को रोग से बचाने की जानकारी साझा
- ज्वार, बाजरा, अरहर, उर्द, मूंग में कीट लगने पर दवाएं बताईं

**अमृत विचार।** प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान ने बताया कि खरीफ सीजन में बोई जाने वाली फसलों का समय आने वाला है। खरपतवारों के बाद सबसे ज्यादा नुकसान रोगों के लगने से फसलों को होता है। कभी-कभी यह रोग महामारी का रूप ले लेते हैं। जिससे फसलें नष्ट हो जाती हैं। बीजजनित/भूमिजनित रोगों से बचाव के लिए बीज शोधन करना जरूरी है।

जनपद में खरीफ सीजन में बोई जाने वाली फसलें धान, मक्का, मूंगफली बड़े पैमाने पर होती हैं। प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि धान की फसल में जीवाणु, झुलसा, झोंका रोग, शीश ब्लाइट, पची धब्बा रोग नियंत्रण के लिए स्ट्रेप्टोसाइसीन-90 प्रतिशत, टेट्रासाइक्वीन हाइड्रोक्लोराइड 10 प्रतिशत की चार ग्राम प्रति किलोग्राम बीज को थीरम 75 प्रतिशत या कार्वेन्डाजायिम 50 प्रतिशत की 2.5 ग्राम मात्रा अथवा टाइकोडरमा की चार ग्राम प्रति किलोग्राम की दर से बीज को शोधित कर नर्सरी डालनी चाहिए। मक्का, ज्वार, बाजरा में झुलसा रोग, तुलासिटा रोग के नियंत्रण के लिए 2.5 ग्राम थीरम अथवा दो ग्राम कार्वेन्डाजायिम से शोधित कर बीज की बुवाई करें। मूंगफली में क्राउन टाट, डाई रूट टांट, कालर टाट, टिक्का रोग विशेष कर लगते हैं। इससे बचाव के लिए थीरम 2.5 ग्राम कार्वेन्डाजायिम अथवा ट्राइमोडरयाहाट की चार ग्राम प्रति किलोग्राम बीज शोधित कर बोआई करें। अरहर, उर्द, मूंग में उकठा, पत्ती धब्बा रोग लगते ही इनमें से बचाव के लिए थीरम 75 प्रतिशत, कार्वेन्डाजायिम 50 प्रतिशत, को दो अनुपात एक के अनुसार तीन ग्राम मात्रा अथवा ट्राइमोडरयाहाट चार ग्राम प्रति किलोग्राम बीज को शोधन कर बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है।

# इंदरगढ़ व छिबरामऊ में घर और विद्यालय में हुई लाखों की चोरी

संवाददाता, तिर्वा/छिबरामऊ

**अमृत विचार।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में एक घर में लोग छत पर सोते रहे और रात मे किसी समय चोरों ने घर में घुसकर रखी नकदी व जेवर चोरी कर लिए। इसी तरह छिबरामऊ में चोरों ने शिक्षा के मंदिर में आतंक मचाते हुए जंगले की सरिया मोड़ दीं और अंदर घुसकर जरूरी कागजात सहित लाखों का सामान चोरी करके फरार हो गए।


इंदरगढ़ में चोरी के बाद बिखरा सामान दिखाती गृहस्वामिनी। अमृत विचार

थाना इंदरगढ़ के पटेलनगर तिराहा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र दर्शनलाल गुरुवार को देर रात अपने परिवार के साथ छत पर सो गया। जब सुबह वह छत से नीचे आया तो दरवाजा खुला देखकर अनहोनी की आशंका हुई। जब उसने कमरों में देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी के अंदर रखे उसकी पत्नी के जेवरात समेत 23 हजार नकदी चोरी हो गई थी। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

छिबरामऊ संवाददाता के अनुसार नगर के बैंक ऑफ़ इंडिया की गली निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि मंडी चौकी क्षेत्र के गोपाल नगर स्थित शिवनारायण सिंह इंटर कॉलेज के वह प्रधानाचार्य है। इस समय छुट्टियां होने के कारण विद्यालय बंद चल रहा है। इसके बावजूद वह रोज विद्यालय चेक करने जाते हैं। गुरुवार को किसी कारण विद्यालय नहीं पहुंच सके और शुक्रवार की सुबह जब गए तो जंगले की सरिया काटकर मोड़ी गई पाई। अंदर के ताले टूटे तथा सामान बिखरा पड़ा था। बताया कि रात में किन्हीं चोरों ने इनवर्टर, बैट्री, 3 एलईडी व प्रिंटर के अलावा सेफ अलमारी में रखे जरूरी कागजात चोरी कर ले गए। पीड़ित प्रधानाचार्य ने मामले की तहरीर निगम मंडी चौकी प्रभारी को दी है।

- घर से जेवर-नकदी तो स्कूल से ले गए इनवर्टर, बैट्री और तीन एलईडी


छिबरामऊ के स्कूल में ऐसे की चोरी।

# सीएम की फोटो वायरल करने वाले को भेजा जेल

संवाददाता, तालग्राम, कन्नौज

**अमृत विचार।** सीएम व कन्नौज सांसद की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है।


आरोपी तालिब।

थाना तालग्राम के ग्राम गदनापुर लोधी निवासी हरनाथ सिंह राजपूत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कस्बा के मोहल्ला गांधी नगर निवासी तालिब अंसारी पुत्र राजू उर्फ ताहिर ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो को एडिट करके नवनिर्वाचित सांसद अखिलेश यादव के पैरों की तरफ आपत्तिजनक तरीके से दिखाया है। इससे आम जनमानस की भावनाएं आहत हुई हैं।

थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर शुक्रवार को तेराजाकेट रोड से मायापुर्वा मोड़ प्रतीक्षालय के पास से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

# मिट्टी खोदते समय ढहा टीला, युवती की मौत

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- घटना के समय साथ में थी मां और गांव के कुछ बच्चे

**अमृत विचार।** टीले के नीचे मिट्टी खुदाई करते समय अचानक वह ढह गया जिससे एक युवती दब गई। ग्रामीणों ने किसी तरह से उसे बाहर निकाल कर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।


काजल।

कोतवाली के गांव भुलभुलियापुर गांव निवासी सिपाहीलाल के तीन बेटियां काजल, नीलम और माधुरी के अलावा एक बेटा नीलेश है। काजल (18) परिवार में सबसे बड़ी थी। शुक्रवार की सुबह घर में मिट्टी की जरूरत पड़ने पर घर से करीब एक किलोमीटर दूर टीले से मिट्टी लाने की बात कहकर निकली थी।

मां सुनीता देवी के मना करने पर वह जाने की जिद करने लगी। इस पर मां भी उसके साथ टीले के लिये रवाना हो गई। काजल और उसकी मां के अलावा गांव के अन्य बच्चे भी टीले पर थे। जिस समय काजल मिट्टी खोद रही थी उसी समय अचानक टीला ढह गया और वह मिट्टी के मलबे में दब गई। चीख पुकार मचाने पर गांव के लोग भी मौके पर पहुंचे और टीले की मिट्टी हटाने का काम शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद मिट्टी हटाकर काजल को बाहर निकाला गया। तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी।

काजल को मेडिकल कॉलेज लाया गया,जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर चले गए। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि मामले की कोई सूचना नही मिली।

### नहर में डूबने से बालक की हुई मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गांव के बच्चों के साथ नहर में नहा रहा बालक गहराई में जाने के कारण डूब गया। आनन फानन ग्रामीणों ने नहर में कूद कर बालक को बाहर निकाल लिया और सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिघौली निवासी संदीप का 10 वर्षीय पुत्र शिबू गांव के ही बच्चों के साथ लगभग 200 मीटर दूर स्थित एक नहर में नहाने के लिए चला गया। वहां काफी देर तक बच्चे नहाते रहे, लेकिन शिबू के नजर ना आने पर चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने नहर में कूद कर उसे ढूंढ कर बाहर निकाला और सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।


शिबू।

# महिला व बच्चों को पीटा जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मामूली बात पर एक व्यक्ति ने महिला व बच्चों के साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी।

शहर के नगरकोट कॉलोनी में रहने वाली प्रभा कटियार पत्नी शिवसिंह ने बताया कि उनका बेटा प्रतीक व बेटी स्नेहा दरवाजे पर बैठे कैरम खेल रहे थे। मोहल्ले के पप्पू पुत्र किशनलाल कठेरिया ने बच्चों को कैरम खेलने से मना किया। जब उन्होंने कारण पूछा तो पप्पू गाली देने लगा।

विरोध करने पर पप्पू, उसकी पत्नी अंजना उर्फ नैना, बेटी नेहा व पुत्र सूरज ने लाठी-डंडों व लात-घूसों से उसे पीटकर घायल कर दिया। पुलिस से शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने उसके दोनों बच्चों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता घायल बच्चों को लेकर कोतवाली पहुंची और पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रांसफार्मर चालू न होने से भड़के ग्रामीण

संवाददाता, सौरिख-कन्नौज

**अमृत विचार।** उपभोक्ताओं की कम वोल्टेज की समस्या को देखते हुए विभाग द्वारा सौ एमवीए का ट्रांसफार्मर रखवा तो दिया गया लेकिन अभी तक चालू नहीं हुआ। इससे ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। परेशान उपभोक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर की नारेबाजी।

क्षेत्र के खड़िनी कस्बा में 400 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा है जिससे उपभोक्ताओं को लाइट दी जा रही है। गर्मी में कम वोल्टेज की समस्या रहती है जिससे परेशानी का सामना करना पड़ता है। विभाग ने 100 एमवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर कस्बा भेज दिया है जो सरैया मोड़ के पास रखा है। करीब 10 दिन बाद भी विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर को चालू नहीं किया गया। इससे लोग लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है कि 50 से 60 वोल्टेज आ रहे हैं। ट्रांसफार्मर चालू न होने से उनकी समस्या जस की तस बनी है। शुक्रवार को गुस्साये ग्रामीण अशोक चतुर्वेदी, मनीष शाक्य, सोनू सिंह, आशीष सिंह, आशीष चतुर्वेदी, रवि चौहा,न बड़े सविता, बबलू कुमार, देवेंद्र पाल आदि ने विरोध प्रदर्शन कर की नारेबाजी। एसडीओ सौरिख संतराम वर्मा ने बताया कि जेई सुनील वर्मा से जानकारी कर जल्दी ट्रांसफार्मर को चालू कराया जाएगा।


ट्रांसफार्मर के पास प्रदर्शन करते उपभोक्ता। अमृत विचार

- गर्मी के मौसम में बिजली के कम वोल्टेज मिलने पर फूटा गुस्सा

# सिपाही को लगी थी गोली थाने में चल रही थी पार्टी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पार्टी देने वाले निरीक्षक ने लोगों से बदसलूकी भी की थी

**अमृत विचार।** कहा जाता है कि पुलिस को किसी की पीड़ा से सरोकार नहीं होता है। वह अपने मन की ही करती है। हिस्ट्रीशीटर की गोली लगने के बाद जब सिपाही जिंदगी-मौत से जूझ रहा था तो उसी वारदात वाले दिन जिले के एक थाने में पार्टी भी हुई थी। पार्टी देने वाले एक निरीक्षक पांच जून को गोलकुआं पर ड्यूटी पर तैनात थे, जिन्होंने लोगों से अभद्रता की थी।

वाकया दिसंबर 2023 में विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के धरनीधरपुर नगरिया में हिस्ट्रीशीटर अशोक कुमार उर्फ मुन्ना यादव को पकड़ने का है। 25 दिसंबर को वारंट लेकर पहुंची पुलिस पर मुन्ना ने कई राउंड फायरिंग की थी। इसमें सिपाही सचिन राठी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बाद में उनको कानपुर रेफर कर दिया गया था जहां इलाज के दौरान मौत हो गई थी। कहा जा रहा है कि दिल दहलाने वाली हुई इस वारदात के बाद भी एक थाने के निरीक्षक ने रात में पार्टी की थी। उनको विभाग व साथी के साथ हुई दुखद घटना की कोई कलक नहीं थी। यह मामला इसलिए चर्चा में और आया है कि पांच जून को शहर के गोलकुआं पर जिन निरीक्षकों व एक पुलिस अधिकारी ने लोगों के साथ अभद्रता कर धमकी दी और कलक्ट्रेट की ओर नहीं जाने दिया उसमें पार्टी देने वाले वह निरीक्षक भी थे।

# अभियान चलाकर विभाग ने दो बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

**अमृत विचार।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने नगर में बाल श्रम रोकने का अभियान चलाया। टीम ने अलग-अलग दुकानों में काम कर रहे दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया और दुकानदारों को चेतावनी दी।

शुक्रवार को एएचटीयू प्रभारी उपेन्द्र की टीम के साथ श्रम प्रवर्तन अधिकारी कीर्ति कुरील ने नगर के जीटी रोड, फर्रुखाबाद रोड, तिर्वा पर अभियान चलाया। इसके तहत टीम ने नगर की चावल मंडी स्थित उमरा बैंगल स्टोर व तिर्वा रोड स्थित वीनस गारमेंटस की दुकान पर छापेमारी की। जहां गुरसहायगंज निवासी अभिषेक शर्मा (17) व ग्राम मुरादगंज निवासी मुन्ना (15) को श्रम करते हुए पाया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने दोनों को मुक्त कराया और दुकानदार को बाल श्रम न कराने की चेतावनी दी। कहा कि बाल श्रम न सिर्फ कानूनन अपराध है बल्कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ भी है। बच्चों को आर्थिक लालच देकर श्रम कराने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उधर कई दुकानदारों ने टीम को देख बाल श्रमिकों को भगा दिया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि बाल श्रम रोकने के लिए अभियान जारी रहेगा। इस दौरान जयप्रकाश, शैलेन्द्र कुमार सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।


बाल श्रमिक के साथ एचटीयू प्रभारी व श्रम प्रवर्तन अधिकारी कीर्ति कुरील।

- एएचटीयू प्रभारी व श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने दी चेतावनी

**गो-संरक्षण केंद्र** | आंकड़ों में कितना अंतर, अभिलेखों में 177 और मौके पर 125 गोवंश मिले

# मवेशियों की मौत के बाद ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीडीओ व डीडीओ को नगला दिलु के वीडीओ शरद कुमार दोषी मिले

**अमृत विचार।** गोशाला में गोवंशों की मौत के करीब आठ दिन बाद ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। उनको लापरवाही का दोषी माना गया है। साथ ही गो-संरक्षण केंद्र में आए दिन मवेशियों की मौत होने की बात सामने आई है।

तहसील छिबरामऊ क्षेत्र के गांव नगला दिलु के ग्राम विकास अधिकारी शरद कुमार पर आरोप हैं कि पांच गोवंश कुछ दिन पहले मर गए थे। उनको गो-संरक्षण केंद्र में पहले से खोदे गए गड्ढों में दफना दिया गया। इसकी सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने जांच की। डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने बताया कि जांच के समय अभिलेखों में 177 गौवंश दर्ज मिले जबकि मौके पर 125 ही थे। लंबी हौद में गंदगी मिली। दूसरी बड़ी पानी की हौद में गोवंशों का गोबर भरा पाया गया। इसके बारे में वीडीओ ने बताया कि हौद में पानी नहीं रुकता है। इस वजह से इसमें गोबर भरा गया। अफसर इस जवाब से संतुष्ट नहीं थे।

निरीक्षण में गो-संरक्षण केंद्र में सोलर प्लांट लगा हुआ है लेकिन वह बंद मिला। गोवंशों की संख्या को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में भूसा भंडारण नहीं था जबकि भूसा एकत्र करने के लिए डीएम व सीडीओ ने कई बार निर्देश दिए हैं। केंद्र में साफ-सफाई का अभाव था। हरे-भरे चारे एवं दाने की कोई व्यवस्था नहीं मिली।

आवारा कुत्ते घूमते मिले। अफसरों का मानना है कि इससे अंदाजा लगाया गया कि यहां आए दिन गोवंशों की मौत हो जाती है। जांच के समय एक बीमार गाय एक कोने में धूप में तड़पती मिली उसे मौके पर पानी पिलाया गया। दो बाल्टी पानी उसके ऊपर डलवाया गया। उसके बाद गाय को उठाकर नाद शेड में लाया गया। यहां भूसा दाना खिलाया गया जिससे उसकी हालत सही लगी।

### प्रधानों ने गौशालाओं के लिए दान में दिया भूसा

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने क्षेत्र की गोशालाओं के लिये 501 क्विंटल भूसा जुटाकर ब्लाक परिसर में एकत्र किया। क्षेत्र की अलग-अलग गोशालाओ के लिये गाड़ियों में भरवाकर गुरुवार को बीडीओ निरंजन सिंह त्रिवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने और भी लोगों से इस नेक काम में योगदान देने की अपील की। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश बाथम, मनीष बाबू, राज विक्रम, धर्मेंद्र पटेल, इंद्रपाल पटेल, अनुज मिश्रा, दिव्य दुबे, प्रदीप यादव, मुकेश कटियार, दीवान सिंह, श्याम सिंह भदोरिया, अवनीश कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।


गाड़ियों को हरी झंडी दिखाते बीडीओ निरंजन त्रिवेदी। अमृत विचार

# पुलिस सुरक्षा में पानीपत रवाना हुआ भागा बालक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शिशु गृह में पिटाई से तंग आकर ट्रेन से कानपुर पहुंचा था

**अमृत विचार।** हरियाणा के जिला पानीपत के शिशु गृह से भागा 11 वर्षीय आर्यन पुत्र दिनेश कन्नौज पुलिस के साथ रवाना कर दिया गया है। उसे घर भेजने को कहा गया है। बताया गया कि पानीपत या पश्चिम बंगाल में से कहीं का रहने वाला है।

बताया गया है कि एक पंक्चर की दुकान से आर्यन ने पानीपत की संस्था की केयर टेकर से खुद बात कर कहा कि वह यूपी के कन्नौज जिले मे सकुशल है। इसके बाद संस्था अधीक्षक ने डीएम शुभ्रान्त शुक्ल से मोबाइल पर वार्ता की। डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या को निर्देश दिए कि आर्यन को सुरक्षित भेज दिया जाए। उन्होंने बताया कि चाइल्ड लाइन टीम भेजकर बच्चे की कॉउंसिलिंग कराई गई। इस दौरान उसने बताया कि संस्था के एक बड़ा किशोर विकास अक्सर मारता पीटता है। इस वजह से वहां नहीं जाना चाहता है। प्रताड़ित होने की वजह से वह ट्रेन के जरिए कानपुर सेंट्रल पहुंचा था। वहां से एक बाबा के साथ किसी आश्रम में पांच दिन रहा। बाद में मानीमऊ स्थित एक पंक्चर की दुकान पर बाबा ने उसे छोड़ दिया। आर्यन का कहना है कि वह पश्चिम बंगाल में रहता है। संरक्षण अधिकारी विजय राठौर ने बताया कि दोनों जगह आर्यन के घर का पता किया गया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। संस्था अधीक्षक का तर्क है कि आर्यन जब पांच साल का था तो हरियाणा में मिला था। शुक्रवार को बाल कल्याण समिति में पेश किया गया। समिति ने पानीपत समिति से फोन पर बात की और संस्था मे पुनः सुपुर्द करने का निर्णय दिया।

# दो पक्षों में हुई मारपीट, महिला सहित चार घायल

**गुरसहायगंज-कन्नौज।** ग्राम बनियानी निवासी अनिल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 05 जून की सुबह लगभग 11 बजे गांव के विकास, गौरव, आकाश, भीमसिंह ने पुत्र अनुज के साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर उसे व उसकी मां शकुंतला देवी से भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

इसी प्रकार दूसरे पक्ष से भीमसिंह ने बताया कि गांव के अनुज, मंगल, अनिल ने अपने दरवाजे के सामने उसके पुत्र दीपक से गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### आज शक्ति भवन में लगेगी पेंशन अदालत

**अमृत विचार,लखनऊ :** पावर कारपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन में आज पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए निदेशक कमलेश बहादुर सिंह ने बताया कि उप्र. पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल के निर्देशों के बाद सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालतें शक्ति भवन एवं डिस्काम मुख्यालयों पर आयोजित की जाती है। जिसमें पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है। इसी क्रम में पेंशन अदालतें कारपोरेशन मुख्यालय सहित शक्ति भवन डिस्काम मुख्यालयों पर कल 8 जून को आयोजित की जायेगी।

# जोमैटो की मदद से सर्वोदय विद्यालयों में बनेगी आधुनिक मेस

**104** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय समाज कल्याण विभाग प्रदेश में कर रहा संचालित

**30** लाख रुपये की मदद करते हुए मेस के निर्माण में भी जोमैटो कर रहा है सहयोग

प्रयोग के तौर पर अभी लखनऊ के पारा स्थित सर्वोदय विद्यालय में की जा रही है शुरुआत

डीपी शुक्ल, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों को अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त मेस से ताजा भोजन और नाश्ता मिलेगा। प्रयोग के तौर पर विभाग यह व्यवस्था राजधानी के पारा क्षेत्र स्थित सर्वोदय विद्यालय में शुरू करने जा रहा है। इस अत्याधुनिक मेस के लिए जोमैटो ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतगर्त फंड दिया है। साथ ही व्यवस्था प्रबंधन में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।





मेस का भवन।



मेस का रसोईघर। अमृत विचार

मालूम हो कि समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत पूरे प्रदेश में इस समय 104 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों के विद्यार्थियों को पूर्व की भांति ही भोजन और नाश्ते की व्यवस्था विभाग की तरफ से कराई जा रही है। भोजन में गुणवत्ता को लेकर मंत्री ने अफसरों के साथ मंथन करते हुए जोमैटो के साथ संपर्क कर आधुनिक मेस तैयार करने का निर्णय लिया।

### तैयार होंगे कई प्रकार के व्यंजन

जानकारी के अनुसार आधुनिक मेस की व्यवस्था की शुरुआत प्रयोग के तौर पर अभी लखनऊ पारा स्थित सर्वोदय विद्यालय में शुरू की जा रही है, बाकी विद्यालयों में यह व्यवस्था बाद में शुरू करने पर विचार किया जाएगा। जोमैटो ने 30 लाख रुपए की मदद करते हुए आधुनिक मेस के निर्माण में भी सहयोग भी दे रहा है। यहां गुणवत्ता युक्त भोजन तो मिलेगा ही साथ में कई प्रकार के व्यंजन भी तैयार किए जाएंगे।



आधुनिक मेस तैयार करने में जोमैटो सहयोग कर रही है। पारा स्थित सर्वोदय विद्यालय में अभी प्रयोग के तौर पर मेस को शुरू किया जा रहा है। बाद में प्रदेश के अन्य विद्यालयों में शुरू किया जाएगा। -असीम अरुण, राज्यमंत्री, समाज कल्याण

# परिवहन निगम में संविदा चालकों की भर्ती जल्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 1.89 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान मिलेगा

**अमृत विचार :** परिवहन निगम चारबाग, अवध डिपो, कैसरबाग, रायबरेली उपनगरी हैदरगढ़ डिपो लखनऊ क्षेत्र में संविदा चालकों की भर्ती होगी।

लखनऊ परिक्षेत्र के रोडवेज क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि रोडवेज बसों के बेहतर संचालन के लिए संविदा चालकों की बड़ी भर्ती होने जा रही है। कक्षा आठ उत्तीर्ण युवाओं के पास हैवी वाहन का दो वर्ष पुराना लाइसेंस होना अनिवार्य है। डिपो में पदों की संख्या तय नहीं की है, बल्कि जितने योग्य युवा मिलेंगे सभी को मौका मिलेगा।

भर्ती होने वालों को 1.89 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान मिलेगा, वहीं 22 दिन ड्यूटी करने पर 3000 रुपये प्रोत्साहन भत्ता दिया जाएगा। दो वर्ष की निर्धारित सेवा पूरी करने के बाद उत्कृष्ट प्रोत्साहन श्रेणी में ड्राइवरों को प्रतिमाह 19593 रुपये व उत्तम प्रोत्साहन श्रेणी में 16593 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा।

# अनावश्यक बिजली कटौती न हो

## ऊर्जा मंत्री ने सभी डिस्काम के प्रबंध निदेशकों को विद्युत आपूर्ति के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि बिजली विभाग में कार्यरत अधिकारी हो या कर्मचारी उपभोक्ताओं के प्रति अपने व्यवहार और कार्यशैली में सुधार लाएं। उन्होंने डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया कि शटडाउन की अवधि दो घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी भीषण गर्मी और लू का प्रकोप चल रहा है, गर्मी में आमजन को परेशानी न हो, इसके लिए कहीं पर भी अनावश्यक बिजली कटौती न की जाए।

ऊर्जा मंत्री शुक्रवार को शक्ति भवन में राज्य की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, सभी डिस्काउंट में पर्याप्त ट्राली ट्रांसफार्मर की उपलब्धता रहे, जिससे कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर भीषण गर्मी में शीघ्र ही आपूर्ति बहाल की जा सके। साथ ही सभी अधीक्षण और अधिशासी अभियंता अपने क्षेत्रों में जनप्रतिधियों से संवाद कर विद्युत व्यवस्था में सुधार संबंधी सुझाव प्राप्त कर विद्युत सुधार के लिए आवश्यक कार्य करे। विद्युत संबंधी प्राप्त जन शिकायतों को निर्धारित समय में निस्तारण भी किया जाए।

उन्होंने सभी डिस्काम के प्रबंध निदेशकों को उप्र. में हर पल विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देने के साथ कहा कि अतिभारित फीडरों में विद्युत चोरी रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए, साथ ही राजस्व वसूली के लिए भी प्रयास किए जाए।



शक्ति भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री एके शर्मा। अमृत विचार

▸▸ ऊर्जा मंत्री ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा

▸▸ सघन चेकिंग अभियान चलाने के भी दिए निर्देश

### अधिशाषी अभियंताओं को चिन्हित कर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में शुक्रवार को अध्यक्ष उप्र पावर कारपोरेशन आशीष गोयल ने सभी डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों से प्रोविजनल बिलों को जारी करने में धीमी प्रगति के लिये असंतोष व्यक्त किया और डिस्काम के सभी निदेशक (कामर्शियल) को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। सभी डिस्काम में जो सबसे खराब राजस्व वसूली के खण्ड हैं उनके चार अधिशाषी अभियन्ताओं को चिन्हित करके कार्रवाई के भी निर्देश दिये।

### उपभोक्ता से गलत वसूली पर होगी कार्रवाई

एके शर्मा ने कहा कि गर्मी का मौसम हैं और अभी 02 माह तक राहत मिलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां पर भी ट्रांसफार्मर जल्दी-जल्दी जल रहे हैं, वहां ट्रांसफार्मरों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाये,इसी के साथ उन्होंने कहा कि असेसमेंट बिलिंग और अधिकारियों व कर्मचारियों में व्यवहारिक सुधार आवश्यक है, ऐसी कोई भी शिकायत न हो, जिसमें किसी भी उपभोक्ता से दुर्व्यवहार या गलत वसूली की गयी हो, ऐसे प्रकरण संज्ञान में आने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**न बिजली चोरी हो और न बकाया हो ज्यादाः** ऊर्जा मंत्री ने कहा कि व्यवसायिक व औद्योगिक क्षेत्रों में भी विद्युत अपूर्ति के साथ ही राजस्व वसूली पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। विद्युत का सबसे अधिक उपयोग इन्हीं क्षेत्रो में होता है, इसलिए इन क्षेत्रों में यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी प्रकार की बिजली चोरी न होने पाए। साथ ही विद्युत बकाया भी अधिक न होने पाए।

समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेन्द्र भूषण, डीजी विजलेंस एम.के. बशाल, प्रबन्ध निदेशक उत्पादन निगम रणबीर प्रसाद, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल पंकज कुमार उपस्थित रहे तथा सभी डिस्कॉम के एमडी, अधीक्षण अभियंता, मुख्य अभियंता समेत अन्य अधिकारी वर्चुअल मौजूद रहे।

## फरार 26 तस्करों के खिलाफ गैरजमानती वारंट

**अमृत विचार, लखनऊः** करोड़ों रुपए कीमत की सिगरेट लेकर शारजाह से लखनऊ पहुंचे 26 तस्कर अभी भी फरार हैं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी 26 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है। इस प्रकरण में अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

मालूम हो कि पहली अप्रैल 2024 को राजधानी के अमौसी एयरपोर्ट पर उतरे कुछ तस्कर शारजाह से साथ में लाए विदेशी सिगरेट को लेकर भागने की फिराक में थे। इसी दौरान सुरक्षा कर्मियों को तस्कर होने की भनक लगते ही उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। घबराए तस्कर सिगरेट की पेटियों को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सभी तस्कर रामपुर जिले के थे। वह वर्षों से तस्करी का ही काम करते थे। घटना के बाद सक्रिय हुई पुलिस दो महीने में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर सकी है। बाकी सभी 26 तस्कर अब भी फरार हैं। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने सभी 26 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है। उधर, पुलिस फरार तस्करों की गिरफ्तारी करने के लिए लगातार छापे मार रही है। अदालत में उक्त सभी आरोपियों ने अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया है।

# सवा तीन लाख लोगों को पेंशन देने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पेंशन योजना का लाभ देने के लिए विभाग कराएगा सर्वे

**अमृत विचारः** प्रदेश में सवा तीन लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। विभाग इनको पेंशन योजना का लाभ देने के लिए अब सर्वे कराएगा।

समाज कल्याण विभाग ने वृद्ध नागरिकों को आर्थिक मदद देने के लिए वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी। योजना में आवेदन करने वाले वृद्ध नागरिकों को एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। विभाग प्रदेश में अभी लगभग चार हजार लोगों को उक्त योजना के तहत पेंशन दे रहा है। प्रदेश में 3 लाख 27 हजार लोगों का राशन कार्ड बना है मगर उनको पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। हालांकि राशन कार्ड के तहत मिलने वाले अन्य लाभ कार्डधारकों को मिल रहे हैं। विभाग अब इनको पेंशन योजना से लाभान्वित करने की तैयारी में है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सर्वे कर उक्त राशन कार्ड धारकों के संबंध में रिपोर्ट दें। पात्रता के दायरे में आने वाले राशन कार्ड धारकों के मुखिया का पेंशन दी जाएगी। प्रयास किया जाएगा कि अगले माह तक पात्र लोगों से आवेदन कराकर इनको वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया जाए।

### यह है पेंशन योजना का लाभ लेने के मानक

- उम्र- न्यूनतम- 60, या उससे अधिक
- समस्त वर्ग के लोग।
- वार्षिक आय- ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रु. और शहरी क्षेत्र में 56460 रु.
- मूल निवास- लाभार्थी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए
- यदि आवेदक अन्य पेंशन योजनाओं से लाभान्वित है तो पात्र नहीं है
- बीपीएल कार्ड धारक या बीपीएल परिवार से होना चाहिए
- करदाता नहीं होना चाहिए

## शिक्षकों की कमी होगी दूर, शासन को भेजा जायेगा प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊः** यूपी के राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जायेगा। आचार संहिता के समाप्त होने के बाद गुरूवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से खाली पड़े पदों को भरे जाने के निर्देश दिए जाने के बाद माध्यमिक शिक्षा निदेशालय भी सक्रिय हो गया है। प्रदेश भर में संचालित 554 राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों के खाली पड़े पदों का संख्या के साथ विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया है। मौजूदा समय में कुछ राजकीय कॉलेजों में एलटी ग्रेट शिक्षकों से काम चलाया जा रहा है वहीं काफी संख्या में शिक्षक सेवानिवृत्त भी हुए और नई तैनाती न होने के बाद से पद खाली चल रहे हैं। विभाग के उच्च अधिकारियों का कहना है कि नये भर्ती बोर्ड के गठन में देरी के चलते भी शिक्षकों के रिक्त पद नहीं भरे जा सके हैं। लेकिन अब उम्मीद है कि प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो जायेगी।

# मुफ्त मिल रहे कैमरे, जिम्मेदारों को लगाने में रुचि नहीं

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचारः** जिम्मेदारों को पता है कि सबसे ज्यादा मौतें ओवरस्पीडिंग से होती हैं। उन्हें यह भी पता है कि सड़क हादसों में 40 प्रतिशत लोग तेज रफ्तार के कारण ही अपनी जान गंवाते हैं। इसकी भी जानकारी उनके पास है कि एनएचएआई के एक बड़े हिस्से पर ही सर्वाधिक मौतें दर्ज हो रही हैं। बावजूद इसके रफ्तार पर नजर रखने के लिए मिल रहे मुफ्त कैमरे तक को लगवाने के लिए एनएचएआई के जिम्मेदारों को फुर्सत नहीं है। कमेटी के अफसर कितना सचेत हैं बानगी देखिए।

**ई-चालान से रफ्तार पर ब्रेक की कोशिश पर ही लगा है ब्रेक :** रफ्तार पर ई-चालान से ब्रेक लगाने के लिए आगरा से इटावा होते हुए कानपुर चकेरी रोड तक के बडे. दुर्घटना बहुल क्षेत्र में सेव लाइफ फाउंडेशन से ऑडिट कराया गया। मौतों का आंकड़ा और हालातों को देख सुप्रीम कोर कमेटी ऑफ रोड सेफ्टी ने इस रूट पर एनएचएआई को हर 50 किलोमीटर पर एनपीआर (ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) कैमरा लगाने के निर्देश दिए। इसके लिए छह माह का समय दिया गया। एक्सप्रेस-वे अथारिटी को अपने मार्गों पर 90 दिन यानी तीन माह की मोहलत मिली। एक्सप्रेस-वे ने तो काम पूरा कर लिया। लेकिन एनएचएआई ने अब तक इस ओर नहीं देखा। गौर करने की बात यह है कि सर्वे करने वाली संस्था खुद से आगे आई और मुफ्त कैमरा लगाने की अनुमति मांगी। शर्त यह थी कि अधिकार पत्र के साथ ही कैमरे को ई-चालान प्रक्रिया से जोड़ दिया जाए जिससे हादसे वाले इस मार्ग पर चालान की ठोस कार्यवाही शुरू हो सके। लेकिन करीब सवा साल से अधिक समय बीत गया। एनएचएआई ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया। वह भी तब जब ओवरस्पीडिंग से बीते साल प्रदेश के अलग-अलग मार्गों पर 4,115 लोगों की जान गई है।



▸▸ अधिकारी सचेत हों तो लग सकता है ओवरस्पीडिंग पर ब्रेक

▸▸ तेज गति के कारण होती हैं सड़क हादसों में 40 फीसद मौत

### आंकड़ों पर एक नजर

- साल-2023 में एनएचएआई पर हुए हादसों की संख्या-4,675
  - ▸▸ मौत- 2,852
- एनएच अंडर स्टेट लोनिवि (स्टेट हाइवे) पर हादसे- 1,394
  - ▸▸ मौत - 785
- एनएच अंडर अन्य विभाग में हुई दुर्घटनाएं -872
  - ▸▸ मौत -478

सभी महकमों को एक साथ मिलकर काम करने को कहा गया है। यह सही है आगरा से इटावा होते हुए कानपुर चकेरी रोड स्थित एनएचएआई के एक बडे.पैच पर बीते वर्ष बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जान गंवाई है। रोड सेफ्टी की सुप्रीम कमेटी ने बीते साल मार्च और फिर फरवरी माह में बैठक के दौरान एनपीआर कैमरा तत्काल लगाने जाने को कहा। इसी बीच मार्ग का ऑडिट करने वाली संस्था ने कुछ शर्तों के साथ फ्री में कैमरा लगाने का प्रस्ताव दिया लेकिन अभी तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है। कमेटी अब इस पर सख्ती करेगी।
**पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा**

# गेटवे पोर्टल मान्य, अफवाह पर न दें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों का भुगतान पंचायत भवनों में अनिवार्य किए गए गेटवे पोर्टल से करना है। इसके अलावा बाहर से किया गया भुगतान मान्य नहीं होगा। जो लोग इस व्यवस्था का विरोध कर अफवाह फैला रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने बताया कि ग्राम पंचायतों के विकास संबंधित भुगतान में पारदर्शिता लाने के लिए गेटवे पोर्टल लागू किया गया है। जो विभाग ने सभी पंचायत भवनों के कंप्यूटर पर इंस्टाल किया है। भुगतान इसी कंप्यूटर के पोर्टल से करना है। अनिवार्यता के बाद भी कुछ जिलों में पूर्व की तरह अन्य जगहों से भुगतान हो रहा है।

## 35 सरकारी अस्पतालों को मिला बेहतर सेवाएं देने का प्रमाण पत्र

**अमृत विचार,लखनऊ :** प्रदेश की 35 और सरकारी अस्पतालों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) सर्टिफिकेट मिला है। इसके साथ ही प्रदेश में एनक्वास प्रमाण पत्र पाने वाले सरकारी अस्पतालों की कुल संख्या बढ़कर 217 पहुंच गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डा. पिंकी जोवल ने साल 2025 तक 50 प्रतिशत और वर्ष 2026 तक सभी सरकारी सरकारी अस्पतालों को एनक्वास प्रमाणित कराने के लिए प्रयास किए जाएं। बीते पांच माह में जिन 35 स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास मिला है उनमें 32 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं।

## वर्ग पहेली-94

**बाएं से दाएं**

1. जिसका संस्कार हुआ हो।
5. 1. जगमगाने की अवस्था या भाव, दमक 2. प्रकाश में होने वाली चमक, चमचमाहट।
7. 1. वनरक्षक, वनमाली, बागवान, (गार्डनर) 2. माला बनाने वाला व्यक्ति 3. बादल, मेघ 4. बहुत घने जंगलों वाला प्रदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नाज़ुक 2. जोखिम भरा 3. संकट में फंसा हुआ।
2. विभाजन करने वाला, अलग-अलग हिस्सों में बांटने वाला।
3. 1. धुआं 2. बादल 3. धूमकेतु 4. उल्कापात 5. कोहरा 6. अपच के कारण आने वाली डकार 7. एक ऋषि 8. मकान बनाने के लिए तैयार किया गया स्थान।
4. वह कागज़ जिसपर संपति गिरवी रखने की शर्तें लिखी गई हों।
6. गीदड़ नामक जानवर।





### वर्ग पहेली -93 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 पु | ■ | ■ | 2 चु |
| 3 अ | व | स | रा | नु | कू | ल |
| व | ■ | ■ | भि | ■ | ■ | बु |
| पी | ■ | ■ | ले | ■ | ■ | ल |
| ड़ | ■ | ■ | खा | ■ | 4 वा | ■ |
| न | ■ | 5 ठ | गा | ठ | गी | ■ |
| ■ | 6 दी | ग | र | ■ | श | ■ |

## सुडोकू -7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 8 | | 9 | | | 4 |
| | | 8 | | | | 1 | 2 | |
| 5 | | | 3 | 7 | 1 | | | |
| | 2 | 3 | | | 8 | | 4 | |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| | 1 | | 2 | | | 3 | 9 | |
| | | | 9 | 1 | 4 | | | 3 |
| | 8 | 4 | | | | 6 | | |
| 2 | | | 5 | | 6 | | 7 | |

### सुडोकू - 6 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 5 | 4 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 4 | 1 | 3 | 9 | 2 |
| 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 15 .55 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 19 .42 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** – आज अधिकारियों के द्वारा आपको प्रोत्साहन मिल सकता है। दिन का उत्तर भाग आपके लिए शुभ रहेगा। पेपरवर्क में सावधानी रखें। विवाह से जुड़ी परेशानियों का निवारण हो सकता है। धार्मिक विषयों को लेकर आपका रुझान बढ़ेगा।

**वृष** – आज आप काम के बजाय अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद कर सकते हैं। सेहत को लेकर सावधानी रखें। आज धर्म-कर्म की ओर आकर्षित हो सकते हैं। पिता के साथ झगड़ा हो सकता है। अहंकार में आकर किसी को नीचा न दिखाएं।

**मिथुन** – आज किसी लक्ष्य को लेकर संकल्प ले सकते हैं। पहले किए गए प्रयासों का आपको फल मिल सकता है। सरकारी अधिकारियों से अपने संबंध अच्छे रखें। आप परिस्थितियों को अपने नियंत्रण में रख पाएंगे।

**कर्क** – आज राजनीतिक लोगों को शत्रुओं से भय हो सकता है। चुपचाप शांत होकर अपना समय व्यतीत करें। विवाह संबंधी चर्चाओं के लिए समय शुभ नहीं है। आप जिन पर बहुत ज्यादा विश्वास करते हैं, वे भी आपकी विशेष मदद नहीं कर पाएंगे।

**सिंह** – आज जीवनसाथी के साथ की अनबन दूर होगी,किंतु ससुराल पक्ष के लोगों को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। ज्यादा भागदौड़ से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में कोई बड़ा ऑर्डर अचानक आपको मिल सकता है।

**कन्या** – आज विवेकपूर्ण निर्णय लेने से आपको काफी सम्मान मिलेगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। व्यवसाय में आपको सहयोगियों के ऊपर निर्भर होना पड़ेगा। दीर्घकालिक योजना बनाने के लिए समय काफी अच्छा है।

**तुला** – आज आपका दिन अच्छा रहेगा। विरोधियों के साथ आप संयमपूर्वक व्यवहार करेंगे जिसके कारण संभव है कि आप किसी फंसे हुए मुद्दे को सुलझा लें। किसी गंभीर विषय को लेकर आज आप सोच-विचार कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज अति आत्मविश्वास में आकर कोई भी त्वरित निर्णय न लें। गुप्त साधनाओं और विद्याओं की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी,लेकिन आपको भटकाव के बजाय अपने मूल कर्म पर अधिक ध्यान देना चाहिए। संपति निवेश को लेकर आपको ध्यान रखना होगा।

**धनु** – आज आपको स्वजनों के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। दूरस्थ मित्रों से शुभ समाचार मिल सकते हैं। तकनीकी के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। आप किसी इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। जॉब और व्यवसाय में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

**मकर** – आज कानूनी मामलों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। लोग आपसे सहयोग लेने की अपेक्षा करेंगे। संतान को लेकर परेशानियां दूर होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आप अति आत्मविश्वास में आ सकते हैं। किसी को कमजोर समझने की गलती न करें।

**कुंभ** – आज ऐसे कार्यों से बचें,जो आपका मनोबल गिराते हों। रिश्तेदारों के कारण आप कुछ व्यथित हो सकते हैं। छोटी-छोटी गलतियों को नजरअंदाज न करें। आप किताबें पढ़ने में रुचि ले सकते हैं। आप कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मीन** – आज दोस्तों से आपको काफी संबल मिलेगा जिससे आपको नई शुरूआत करने की प्रेरणा भी मिलेगी। आपको अपने व्यक्तिगत जीवन को सबसे ज्यादा समय देना चाहिए। आपको घूमने भी जाना चाहिए। आप अपनी गलतियों पर गहराई से विचार कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- अकेले हम अकेले तुम – सुबह : 09 .54
- चाइना गेट – रात : 07 .00

&pictures
- लगान – सुबह : 10 .26
- फुकरे 3 – रात : 08 .00

Sony Pix
- जॉन विक – दोपहर : 12 .00
- द मैकेनिक – रात : 07 .34

Zee Cinema
- सर्कस – सुबह : 10 .53
- इंटरनेशनल राउडी – शाम : 05 .13

Colors Cineplex
- डुप्लीकेट – सुबह : 11 .19
- ओएमजी 2 – रात : 08 .49

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

ग्राहक- वैसे आपके होटल में सफाई बहुत ध्यानपूर्वक की जाती है।
मैनेजर (खुश होकर) - धन्यवाद! आपको किस बात से ऐसा आभास हुआ।
ग्राहक- ऐसा आभास जब हुआ, किसी ने होटल में घुसते ही मेरी जेब की सफाई कर दी।

पति (शादी के बीस साल बाद)- शादी से पहले मैं और तुम एक-दूसरे को देखने के लिए कितने बेचैन रहते थे।
पत्नी-अरे छोड़ो, पुरानी गलतियों को याद करने से क्या फायदा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1080 बोल्ड 1130 डीएमओ 850।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 9800-10000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7700-7800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16800-17000 |
| अरहरस्पेशल1 | 14500-14600 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7300-7350 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8600-9500 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर स्थिर होने पर ही नीतिगत कदम पर कर सकते हैं विचार: दास

## एमपीसी की बैठक में बोले आरबीआई गवर्नर, तब तक दरों पर कार्रवाई संभव नहीं

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक 'आगे के नीतिगत कदम' पर तभी विचार कर सकता है जब उसे सकल मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत पर स्थिर रहने का भरोसा हो। दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले की संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि मुद्रास्फीति दर को चार प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप लाना केंद्रीय बैंक का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने कहा-जब तक आरबीआई को मुद्रास्फीति के इस लक्ष्य के नीचे रहने का भरोसा नहीं हो जाता, तब तक दरों पर कोई कार्रवाई संभव नहीं होगी। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) पर रखने का लक्ष्य दिया हुआ है। आरबीआई के अनुमानों के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर तिमाही में 3.8 प्रतिशत पर आई है, लेकिन बाद में फिर से बढ़कर पांच प्रतिशत पर पहुंच रही है। दास ने कहा-मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप होना चाहिए और एक बार यह चार प्रतिशत पर पहुंच जाए तो इसे वहीं रहना चाहिए।

### फास्टैग, एनसीएमसी में खुद से जमा हो सकेंगे पैसे

ग्राहक जल्दी ही फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी), यूपीआई लाइट में राशि तय सीमा से नीचे जाने पर उसमें स्वचालित रूप से पैसा डाले जाने की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने ई-मैंडेट रुपरेखा के तहत इन उत्पादों में स्वत: पैसा डालने की सुविधा देने का प्रस्ताव किया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति के निर्णय की जानकारी देते हुए शुक्रवार को कहा कि निश्चित अवधि पर होने वाले भुगतान के लिए ई-मैंडेट का चलन बढ़ रहा है। इसको देखते हुए फास्टैग, एनसीएमसी आदि में खुद से पैसा डालने की सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव किया गया है। ई-मैंडेट व्यवस्था के तहत बैंकों को भुगतान के लिए संबंधित ग्राहक के बैंक खाते से निश्चित राशि काटे जाने की अनुमति दी जाती है। दास ने कहा कि ई-मैंडेट के तहत अभी दैनिक, साप्ताहिक, मासिक आदि जैसे निश्चित अवधि वाले भुगतान के लिए तय समय पर ग्राहक के खाते से पैसा स्वयं कट जाता है।

### अप्रैल में घट गई औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल महीने में घटकर 3.87 प्रतिशत रह गई जबकि इस साल मार्च में यह 4.2 प्रतिशत थी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को औद्योगिक श्रमिकों के लिए फरवरी, मार्च और अप्रैल, 2024 के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आंकड़े जारी किए। इस सूचकांक को आधार बनाते हुए सरकार कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत तय करती है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा-मार्च महीने के लिए सालाना आधार पर मुद्रास्फीति 4.20 प्रतिशत रही, जबकि मार्च, 2023 में यह 5.79 प्रतिशत थी। अप्रैल, 2024 के महीने में मुद्रास्फीति साल भर पहले के 5.09 प्रतिशत की तुलना में 3.87% रही। वहीं फरवरी के महीने में मुद्रास्फीति 4.90% रही जो एक साल पहले की समान अवधि में 6.16 प्रतिशत थी।

# तीव्र आर्थिक वृद्धि से विदेश गए स्टार्टअप देश का कर रहे रुख

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईपीईएफ की बैठक को वाणिज्य विभाग के सचिव बर्थवाल ने किया संबोधित



वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उल्लेखनीय रूप से ऊंची बने रहने से पहले विदेश जाने वाले स्टार्टअप उद्यमी वापस भारत का रुख कर रहे हैं। बर्थवाल ने भारत-प्रशांत क्षेत्र आर्थिक समृद्धि समझौता (आईपीईएफ) के तत्वावधान में स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक मंच की बैठक के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में लगभग दोगुनी है और यह विचारणीय विषय है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार बर्थवाल ने बैठक में कहा-देश की मजबूत विकास के कारण ही अब भारत के लिए सकारात्मक उल्टे प्रवाह की परिस्थितियां तैयार हो रही हैं। जो भारतीय स्टार्ट-अप कभी पूंजी पहुंच और कर लाभों के लिए विदेशों का रूख कर गए थे, अब स्वदेश वापसी कर रहे हैं। कहा कि आज डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एआई जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां और डेटा सेंटर का उदय भविष्य के भारतीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,150 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,700-55,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 88,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,050 |
| चांदी आभूषण | 90,500। |

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर अब तक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 31 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.84 अरब डॉलर बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर गिरकर 646.7 अरब डॉलर पर रहा था।

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 31 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.1 अरब डॉलर की जबरदस्त बढ़त के साथ 572.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 21.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.5 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.12 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 10 लाख डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.33 अरब डॉलर हो गया।

### चांदी में 2,600 रुपये का उछाल, सोना 150 बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी 2,600 रुपये के उछाल के साथ 95,900 रुपये प्रति किग्रा पर पहुंच गयी जबकि सोने में 150 रुपये प्रति 10 ग्राम की मजबूती देखने को मिली। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक, लगातार दूसरे दिन मजबूत होता हुआ चांदी आज 2,600 रुपये बढ़कर 95,900 रुपये प्रति किग्रा हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,300 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुआ था। इस बीच, सोने की कीमत 150 रुपये की तेजी के साथ 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

# गठबंधन सरकार में निर्णय लेने की प्रक्रिया होगी धीमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रेटिंग्स एजेंसी मूडीज ने कहा भविष्य में निवेशकों का भरोसा हो सकता है कम



गठबंधन सरकार में राजनीतिक स्थिरता की कमी और आम सहमति बनाने की जरूरत के चलते निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। मूडीज एनालिटिक्स ने शुक्रवार को यह अनुमान जताते हुए कहा कि ऐसे में निकट भविष्य में निवेशकों का भरोसा कम हो सकता है।

रेटिंग्स एजेंसी मूडीज ने चुनाव के बाद एक टिप्पणी में कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों का मतलब है कि संसद में समीकरण बदलने वाले हैं, क्योंकि गठबंधन के सहयोगी नीतिगत निर्णयों में प्रभाव डालेंगे और फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। टिप्पणी के मुताबिक, हालांकि इससे शासन के लिए अधिक समावेशी दृष्टिकोण पाने में मदद मिलेगी। भारत चुनाव समीक्षाः मतदाताओं ने भाजपा को गठबंधन सरकार चलाने के लिए मजबूर किया' शीर्षक वाली समीक्षा में कहा गया, भाजपा को सरकार बनाए रखने के लिए बातचीत और समझौते की मदद लेनी होगी। इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है और शायद पार्टी की कुछ प्रमुख नीतिगत पहल धीमी हो सकती हैं। भाजपा ने 2024 के आम चुनाव में 240 सीटें जीतीं हैं, जबकि इससे पहले उसे 2019 में 303 सीटें मिलीं थीं। इस बार के आम चुनावों में हालांकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को लोकसभा में 293 सीटें मिलीं। मूडीज एनालिटिक्स ने कहा कि हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, लेकिन भाजपा की कमजोर स्थिति राजनीतिक समीकरण में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है।

## राष्ट्रीय

# नीट परीक्षा में हुई धांधली, कोर्ट की निगरानी में हो जांच

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक पोस्ट में कहा-पेपर लीक होने की सीधी जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी सरकार की है

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस ने शुक्रवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (स्नातक) में धांधली का आरोप लगाया और कहा कि इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए ताकि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिल सके। नीट का परिणाम गत चार जून को घोषित किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गया है। इसकी सीधी जिम्मेदारी मोदी सरकार की है।

उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनेकों अनियमितताओं से जूझना, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फँसना- उनके भविष्य से खिलवाड़ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है। उन्होंने कहा, "हमारी मांग है कि उच्चतम न्यायालय की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए जिससे नीट व अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले हमारे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिले। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया-पहले नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब छात्रों का आरोप है कि इसके परिणाम में भी भ्रष्टाचार हुआ है। एक ही सेंटर के 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और कई तरह की अनियमितताओं की बातें सामने आ रही हैं। दूसरी ओर, परिणाम आने के बाद देश भर में कई बच्चों के आत्महत्या करने की खबरें हैं। यह बहुत दुखद और झकझोरने वाला है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार लाखों छात्रों की आवाज को अनसुना क्यों कर रही है? प्रियंका गांधी ने कहा-छात्र-छात्राओं को नीट परीक्षा के परिणाम में धांधली से जुड़े वाजिब सवालों के जवाब चाहिए। क्या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वो जांच कराकर इन वाजिब शिकायतों का निस्तारण करे।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने नीट की उत्तर कुंजी से जुड़ी याचिका पर जानना चाहा एनटीए का रुख

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तर कुंजी में दो सही जवाब वाले एक प्रश्न को लेकर शिकायत करने वाली नीट-यूजी अभ्यर्थी की याचिका पर शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का रुख जानना चाहा। न्यायमूर्ति डी.के. शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए के वकील से याचिका पर निर्देश प्राप्त करने को कहा। याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि परीक्षा में इस प्रश्न का उत्तर नहीं देने वालों को समान अंक दिये जाने चाहिए, जैसा कि दोनों सही उत्तर देने वालों को दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि प्रतियोगी परीक्षा में निष्पक्षता का सिद्धांत यह प्रावधान करता है कि सभी अभ्यर्थियों का मूल्यांकन समान मानदंड पर होना चाहिए और आरोप लगाया कि प्राधिकारों ने दो सही विकल्पों को अंक प्रदान कर निष्पक्षता के साथ समझौता किया, जबकि निर्देशों में स्पष्ट संकेत दिया गया है कि केवल एक विकल्प सही है। अपने अंक पर नकारात्मक प्रभाव को टालने के उद्देश्य से 17 वर्षीय छात्रा व याचिकाकर्ता ने उक्त सवाल का जवाब नहीं दिया और 720 अंकों में 633 अंक और करीब 98 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। अखिल भारतीय स्तर पर उसकी रैंक 44,700 के करीब है।

### केजरीवाल की नियमित जमानत का ईडी ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नियमित जमानत आवेदन का विरोध किया। एजेंसी ने दावा किया कि उसके पास दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को "गंभीर" आर्थिक अपराधों से जोड़ने के लिए "पर्याप्त सबूत" हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को बताया कि उसके पास केजरीवाल के खिलाफ कई सबूत हैं। न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई 14 जून के लिए निर्धारित की है। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया कि, आवेदक (अरविंद केजरीवाल) के खिलाफ धन शोधन के अपराध में शामिल होने के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं।

# मणिपुर के जिरीबाम में एक व्यक्ति की हत्या के बाद विरोध-प्रदर्शन

**इंफाल, एजेंसी**

- राज्य सरकार ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया

मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा 59 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद राज्य सरकार ने वहां अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सोइबम सरतकुमार सिंह का शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोगों ने खाली पड़े झोपड़ों में आग लगा कर प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार रात वहां निषेधाज्ञा लागू कर दी। स्थानीय लोगों द्वारा हत्या का विरोध जताने के बाद वहां स्थिति तनावपूर्ण रही। जिरीबाम के जिलाधिकारी के कार्यालय द्वारा जारी किए गए आदेशों का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया, असामाजिक तत्वों की गैरकानूनी गतिविधियों के कारण यहां अशांति फैलने, दंगे भड़कने और मारपीट होने की संभावना है। स्थानीय प्रशासन ने पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, आग्नेयास्त्र, लाठी-डंडे लेकर चलने...और जिले के राजस्व क्षेत्राधिकार के भीतर किसी भी व्यक्ति के अपने निवास स्थान से बाहर घूमने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिंह बृहस्पतिवार को सुबह अपने खेत पर गया था, जहां से वह लापता हो गया। बाद में उसका शव बरामद किया गया। बताया कि सिंह पर किसी नुकीली चीज से हमला किया गया था।

## एक नजर

### दिल्ली के लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रच रहा हरियाणा : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि यदि हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय राजधानी के लिए पानी छोड़ भी दे तो भी शहर में जल संकट का हल नहीं होगा, क्योंकि हरियाणा ने आने वाले पानी का प्रवाह कम कर दिया है। वजीराबाद बैराज का दौरा कर आतिशी ने जल स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने हरियाणा पर आरोप लगाया कि हरियाणा उच्चतम न्यायालय के पीठ पीछे दिल्ली के लोगों के खिलाफ बड़ी साजिश रच रहा है।

### हत्या के मामल में 16 लोगों को उम्रकैद

**औरंगाबाद।** बिहार में औरंगाबाद जिले की एक अदालत ने शुक्रवार को वृद्ध की हत्या मामले में 16 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दो) संजय मिश्रा की अदालत ने कुटुंबा थाने में दर्ज एक कांड में सुनवाई करते 16 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सभी के खिलाफ 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं देने पर सभी अभियुक्तों को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# राहुल लोकसभा चुनाव के मैन ऑफ द मैच, बनना चाहिए नेता प्रतिपक्ष : थरूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव का मैन ऑफ द मैच करार दिया और कहा कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए।

लोकसभा चुनाव में लगातार चौथी बार तिरुवनंतपुरम से निर्वाचित हुए थरूर ने दिए साक्षात्कार में कहा कि जनादेश का संदेश यह है कि मतदाताओं ने भाजपा के अति अहंकार और उसके मेरी बात मानिये, नहीं तो रास्ता नापिये के रवैये को अनुचित ठहराया है। अगली राजग सरकार को लेकर उनका कहना था, यह नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के लिए एक चुनौती होगी, जो अपनी सरकार चलाने में बहुत अधिक सलाह-मशविरा करने के आदी नहीं रहे हैं और मुझे लगता है कि यह उनके काम करने के तरीके को बदलने और सरकार के भीतर अधिक समायोजन करने की उनकी क्षमता की परीक्षा होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विपक्ष के साथ भी सरकार का अधिक समायोजन रहेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार कुछ मुद्दों पर मजबूर सरकार साबित हो सकती है क्योंकि इस गठबंधन का हिस्सा बनने वाली पार्टियों को हर बात पर सहमत होना होगा। थरूर ने कहा, पहले से ही अग्निपथ योजना पर एक पार्टी द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। इस विचार का जद (यू) और चिराग पासवान पार्टी द्वारा समर्थन किया गया है। आंध्र प्रदेश और बिहार दोनों में कई नेताओं ने अपने राज्यों के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा है, जिससे भाजपा सरकार ने अब तक इनकार कर दिया था। इसको भी फिर से देखना होगा।

कांग्रेस के निर्वाचित शशि थरूर ने कहा कि अब इस सरकार को अधिक सहमति वाला मॉडल शासन लाना होगा। उन्होंने मोदी सरकार पर पिछले 10 वर्षों में संसद को एक नोटिस बोर्ड की तरह मानने का आरोप लगाया और उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि यह उम्मीद करना व्यावहारिक नहीं होगा कि सरकार के सभी निर्णयों के लिए संसद रबर स्टांप होगी।

# पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**संसद सुरक्षा चूक मामला**

दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक मामले में शुक्रवार को यहां एक अदालत में छह आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष दायर 1000 पन्नों के आरोपपत्र में आरोपी के तौर पर मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद के नाम हैं।

अंतिम रिपोर्ट विधिविरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के संबंधित प्रावधानों के तहत दाखिल की गई थी। विशेष सरकारी अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने अदालत के समक्ष यह भी कहा कि आईपीसी की धारा 186 और यूएपीए की धारा 13 के तहत अभियोजन के लिए स्वीकृति का भी इंतजार है जिसके लिए पूरक आरोपपत्र दो सप्ताह के अंदर दाखिल किया जाएगा।

अदालत ने पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के लिए 15 जुलाई की तारीख तय की है। सभी छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया था और उनकी न्यायिक हिरासत 15 जुलाई तक बढ़ा दी गई।

# हिमाचल प्रदेश : हमीरपुर में 48 घंटे में अतिसार के 58 नए मामले आए

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर के 10 गांवों में 48 घंटे के भीतर अतिसार के 58 नए मामले सामने आए जिसके बाद जिले में अतिसार के मरीजों की संख्या बढ़कर 310 हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर के अग्निहोत्री ने बताया कि शुक्रवार शाम तक अतिसार के 58 मामले सामने आए। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कुल 310 मामलों में से 14 मरीज अस्पताल में हैं, 233 को छुट्टी दे दी गई है और शेष मरीज घर पर ही इलाज करा रहे हैं। हमीरपुर जिले की लांबलू, चमनेड़, गसोता, बफरीन और पंधेर ग्राम पंचायतों के 12 गांवों में पिछले शुक्रवार से अतिसार के मामले सामने आ रहे हैं। इस क्षेत्र की आबादी करीब 4,550 है।

### कर्नाटक के राज्यपाल ने स्वीकार किया मंत्री बी नागेंद्र का इस्तीफा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राजभवन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकारी निगम से धन के अवैध हस्तांतरण के आरोपों के बीच नागेंद्र ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। राजभवन की ओर से कहा गया है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंत्री का इस्तीफा स्वीकार करने की सिफारिश की थी। कहा गया कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड में 87 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में इसके कर्मचारी चंद्रशेखर पी ने आत्महत्या कर ली थी।

# किसान संगठनों ने सीआईएसएफ कांस्टेबल के प्रति जताया समर्थन

**चंडीगढ़, एजेंसी**

**कंगना रनौत प्रकरण**

- कहा-पूरे प्रकरण की उचित जांच की जानी चाहिए



देश के कुछ किसान संगठनों ने शुक्रवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की उस महिला कांस्टेबल का समर्थन किया, जिसने अभिनेत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की नव निर्वाचित सांसद कंगना रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था। इन संगठनों ने कहा कि पूरे प्रकरण की उचित जांच की जानी चाहिए।

रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक कांस्टेबल ने उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह घटना हुई है । संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा उन प्रमुख संगठनों में से है, जिन्होंने कहा कि वे सीआईएसएफ आरोपी महिला कांस्टेबल के साथ खड़े हैं। किसानों के विरोध प्रदर्शन पर कंगना के रुख को लेकर उनसे नाराज दिखाई देने वाली कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है और जांच शुरू कर दी गयी है। हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रदान करने का काम करने वाली सीआईएसएफ ने भी घटना की 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया है।

### कंगना रनौत की आतंकवाद को लेकर की गई टिप्पणी की पंजाब के नेताओं ने की आलोचना

पंजाब के नेताओं हरसिमरत कौर बादल, बिक्रम सिंह मजीठिया और सुखपाल सिंह खैरा सहित कई अन्य ने अभिनेत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत की पंजाब में आतंकवाद को लेकर की गयी टिप्पणी के लिए आलोचना की है। रनौत ने कहा था कि पंजाब में आतंकवाद और अतिवाद बढ़ रहा है। गुरुवार को चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर हुई एक चौका देने वाली घटना में सीआईएसएफ की एक महिला जवान ने कंगना को थप्पड़ मार दिया था। बताया जा रहा है कि महिला किसान आंदोलन को लेकर अभिनेत्री की टिप्पणी से आहत थी। शिरोमणि अकाली दल के सांसद बादल ने कहा कि किसी को भी पंजाबियों को आतंकवादी या उग्रवादी कहने और लोगों को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की इजाजत दी जानी चाहिए। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री मजीठिया ने एक्स पर लिखा कि हालांकि वह किसी भी रूप में हिंसा के समर्थक नहीं हैं।

# बांग्लादेशी सांसद की हत्या का आरोपी भारत को सौंपा

काठमांडू, एजेंसी

● अवामी लीग के सांसद 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता गए थे



नेपाल ने पिछले महीने कोलकाता में हुई बांग्लादेशी सासंद अनवारुल अजीम अनार की नृशंस हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया है। शुक्रवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एक समाचार पोर्टल ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया, नेपाल पुलिस द्वारा संपर्क किए जाने के बाद सोमवार की सुबह नेपाल की इंटरपोल शाखा ने मोहम्मद सियाम हुसैन को भारतीय अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया।

समाचार पोर्टल की खबर के अनुसार, हत्या के बाद नेपाल भाग गए हुसैन को पिछले गुरुवार को नेपाल के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया गया। बांग्लादेशी सासंद के परिचित द्वारा 18 मई को दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार 56 वर्षीय अवामी लीग के सांसद अनार 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता गए थे लेकिन 17 मई को उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# भारत में विशिष्ट लोगों को मिलता है सुरक्षा घेरा

भारत में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या फिर अन्य गणमान्यों को जेड+, जेड, वाई और एक्स श्रेणी की सुरक्षा की जाती है। यह सुरक्षा कई प्रमुख सुरक्षा एजेंसी द्वारा प्रदान की जाती है जिनमें एसपीजी, एनएसजी, आईटीबीपी और सीआरपीएफ जैसी एजेंसी शामिल हैं। इस सुरक्षा को लेने के लिए सरकार को एप्लीकेशन देनी होती है, इसके बाद खुफिया एजेंसी व्यक्ति को होने वाले खतरे का अंदाजा लगाती हैं और उसके बाद ही सुरक्षा तय की जाती है। गृह सचिव और डायरेक्टर जनरल और चीफ सेक्रेटरी की कमेटी तय करती है कि किस व्यक्ति को कौन सी सुरक्षा दी जाए। इसके बाद व्यक्ति का विवरण औपचारिक मंजूरी के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी दिया जाता है।

## यह होती है सिक्योरिटी सिस्टम की प्रक्रिया

यदि किसी व्यक्ति को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिलती है, तो उसे पूरे देश में सुरक्षा मिलेगी, इसके लिए एक तंत्र है। जैसा कि ऊपर बताया गया है, जेड श्रेणी की सुरक्षा में एनएसजी या सीआईएसएफ जैसी सुरक्षा एजेंसियां तैनात होती हैं, लेकिन जब कोई व्यक्ति राज्य से बाहर जाता है, तो उसके साथ कुछ ही कमांडो जाते हैं। बाकी सुरक्षा प्रदान करना उस विशेष राज्य की जिम्मेदारी है। लेकिन, इसके लिए वीआईपी को राज्य में दौरे की पूर्व सूचना देनी होगी। इस प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था कभी उजागर नहीं की जाती है।

## प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राज्य के सीएम को जेड+ सुरक्षा

जेड प्लस भारत में सुरक्षा की सर्वोच्च श्रेणी है। इसमें 10 प्लस एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मियों सहित 55 कर्मियों का सुरक्षा कवर प्रदान किया जाता है। प्रत्येक कमांडो मार्शल आर्ट और निहत्थे युद्ध में विशेषज्ञ होता है। देश में जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और कुछ अन्य लोग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अति विशिष्ट लोगों व बिजनेसमैन को यह सुरक्षा श्रेणी प्रदान की जाती है।



## अधिकांश सेलेब्रिटी को मिलती है जेड श्रेणी सुरक्षा

जेड श्रेणी में 22 कर्मियों का सुरक्षा कवर होता है, जिसमें 6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं। यह दिल्ली पुलिस या आईटीबीपी या सीआरपीएफ कर्मियों द्वारा प्रदान की जाती है। उदाहरण के लिए योग गुरु रामदेव और कई अभिनेताओं को जेड सुरक्षा प्रदान की जाती है।

## वाई श्रेणी में आठ और एक्स श्रेणी में दो सुरक्षा कर्मी होते हैं तैनात

वाई श्रेणी में आठ सुरक्षा कर्मियों का सुरक्षा कवर होता है, जिसमें 2 कमांडो और पुलिसकर्मी शामिल होते हैं। इसमें दो निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) प्रदान किए जाते हैं। भारत में इस श्रेणी की सुरक्षा पाने वाले लोगों की संख्या काफी हैं। वहीं एक्स श्रेणी में दो कर्मियों (कोई कमांडो नहीं, केवल सशस्त्र पुलिस कर्मी) का सुरक्षा कवर होता है। यह एक पीएसओ द्वारा प्रदान किया जाता है।

## एक नजर

### सुनीता विलियम्स ने बोइंग स्टारलाइनर आईएसएस पर उतारा

**ह्यूस्टन।** नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर ने बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सफलतापूर्वक जोड़ दिया है। रास्ते में आई कुछ नई समस्याओं को दूर करने के बाद यह संभव हो पाया है। विलियम्स (58) ने विल्मोर के साथ बुधवार को तीसरी बार अंतरिक्ष की यात्रा की।

### अमेरिकी संसद को संबोधित करेंगे नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 24 जुलाई को अमेरिकी संसद को संबोधित कर सकते हैं। इससे उन्हें इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख करने का मौका मिलेगा। अमेरिकी नेताओं ने पिछले सप्ताह नेतन्याहू को सांसदों को संबोधित करने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया था और गुरुवार देर रात संबोधन की तारीख तय की।

### फिलेमोन यांग संरा महासभा के नये अध्यक्ष

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमोन यांग को अपना नया अध्यक्ष चुना है। मीडिया रिपोर्टों के श्री यांग सितंबर में शुरू होने वाले महासभा के 69वें सत्र की अध्यता करेंगे। महासभा के आगामी सत्र की थीम और उनका मुख्य संदेश 'विविधता में एकता, शांति की उन्नति, सतत विकास तथा हर जगह सभी के लिए मानवीय सम्मान' है।



### बाइडन ने जेलेंस्की से माफी मांगी

**पेरिस।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन ने शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से अमेरिकी सैन्य सहायता में महीनों की देरी के लिए माफी मांगी। हथियारों की आपूर्ति में देरी के कारण रूस को युद्ध के मैदान में बढ़त हासिल करने में मदद मिली। पेरिस डी-डे लैंडिंग की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में दोनों नेता शामिल हुए। इस मौके पर बाइडन ने जेलेंस्की से कहा कि वह यूक्रेनी लोगों से उन महीनों के लिए माफी मांगते हैं जब उन्हें यह पता नहीं था कि और सहायता आएगी या नहीं।

# हूती ने संरा के नौ कर्मी बंधक बनाए

## इजराइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में जहाजों को निशाना बनाया

दुबई, एजेंसी

बढ़ते वित्तीय दबाव और अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन से हवाई हमलों का सामना कर रहे हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के कम से कम नौ यमनी के कर्मचारियों को बंधक बना लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहायता समूहों के लिए काम करने वाले अन्य लोगों को भी बंधक बनाए जाने की आशंका है।

ये घटना ऐसे समय हुई है जब हूती विद्रोहियों ने लगभग एक दशक पहले यमन की राजधानी पर कब्जा कर लिया था और उसके बाद से ही सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ लड़ रहे हैं। हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में जहाजों को निशाना बनाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हालांकि अधिक ध्यान आकर्षित करने के साथ-साथ इस गुप्त समूह ने घरेलू स्तर पर असहमति के खिलाफ भी कार्रवाई की है, जिसमें हाल ही में 44 लोगों को मौत की सजा सुनाना भी शामिल है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में काम करने वाले कर्मचारियों को बंधक बनाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार एजेंसी, इसके विकास कार्यक्रम, विश्व खाद्य कार्यक्रम के कर्मचारी तथा इसके विशेष दूत के कार्यालय में काम करने वाला एक व्यक्ति शामिल है। बंधक बनाए एक कर्मचारी की पत्नी को भी विद्रोहियों ने पकड़ रखा है। संयुक्त राष्ट्र ने इस पर तत्काल टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। माय्यून ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ने बंधक बनाए गए संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों की पहचान की है।



मध्य गाजा में इजराइली हमले के बाद क्षतिग्रस्त इमारतें।

### मध्य गाजा में इजराइली हमलों में 18 लोगों की मौत

**यरूशलम।** मध्य गाजा में गुरुवार देर रात इजराइल के हवाई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 18 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे एक दिन पहले, एक स्कूल परिसर पर किए गए हमले में 33 लोग मारे गए थे, जहां विस्थापित फलस्तीनियों ने शरण ले रखी थी। अधिकारियों ने बताया कि नुसैरत और मागजी शरणार्थी शिविरों तथा देर अल-बला और जावैदा कस्बों में शरणार्थी शिविरों पर हमले किए गए। अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार, जान गंवाले वाले लोगों में चार बच्चे और एक महिला तथा नुसैरत शरणार्थी शिविर के मेयर भी शामिल हैं। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि मध्य गाजा में उसका अभियान जारी है और सैनिकों ने दर्जनों आतंकियों को मार गिराया तथा इलाके में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है।

### ठोस ईंधन वाली फिलिस्तीनी मिसाइल का किया प्रक्षेपण

**दुबई, एजेंसी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने अपने शस्त्रागार में एक नई, ठोस ईंधन वाली मिसाइल का प्रदर्शन किया और उसका प्रक्षेपण किया। यह मिसाइल ईरान द्वारा पहले प्रदर्शित की गई मिसाइल से मिलती जुलती है जिसे तेहरान ने हाइपरसोनिक गति से उड़ने वाला बताया है। विद्रोहियों ने सोमवार को इजराइल में दक्षिणी खाड़ी क्षेत्र में अकाबा के ईलात बंदरगाह पर अपनी नई फिलिस्तीनी मिसाइल दागी। प्रक्षेपण के कारण हवाई हमले के सायरन बज उठे लेकिन किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं है। बुधवार देर रात हूतियों द्वारा जारी किए गए फुटेज में फिलिस्तीन को एक मोबाइल लॉन्चर पर रखा हुआ और बाद में हवा में जाते हुए देखा गया जिसके इंजन से सफेद धुआं निकल रहा था। ठोस ईंधन वाली मिसाइलों में सफेद धुआं निकलना आम बात है। ठोस ईंधन वाली मिसाइल को तरल ईंधन वाली मिसाइल की तुलना में तेजी से स्थापित किया और दागा जा सकता है। ईरानी मीडिया ने फिलिस्तीन के प्रक्षेपण की जानकारी दी।

### दो डॉक्टर, अस्पताल कर्मी एवं बिचौलिए को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**पुणे कार हादसा**

**पुणे, एजेंसी।** पुणे की एक अदालत ने 19 मई के पोर्श दुर्घटना मामले में शुक्रवार को ससून अस्पताल के दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी के साथ-साथ एक अन्य व्यक्ति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मध्यप्रदेश के रहने वाले दो आईटी पेशेवरों की उस दिन तड़के कल्याणी नगर में उस समय मौत हो गई, जब उनकी मोटरसाइकिल को कथित तौर पर नशे में धुत्त एक नाबालिग लड़के द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार ने टक्कर मार दी। ससून अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े, डॉ. श्रीहरि हलनौर, अतुल घटकांबले और अमर गायकवाड़ को जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी आर कचारे की अदालत में पेश किया गया, जिन्होंने सभी अरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तोवड़े, हलनौर एवं घटकांबले पर किशोर के माता-पिता के साथ मिलकर रक्त के नमूनों को बदलने की साजिश रचने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, गायकवाड़ ने आरोपी डॉक्टरों और किशोर के पिता के बीच बिचौलिये के रूप में काम किया था। जांच अधिकारी (आईओ) सुनील तांबे ने अदालत को बताया कि गायकवाड़ और एक अन्य कथित बिचौलिये अशफाक मकानदर की पुलिस हिरासत 10 जून को समाप्त हो रही थी, लेकिन उनकी भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने के बाद से गायकवाड़ की मजिस्ट्रेट हिरासत रिमांड (एमसीआर) की मांग की जा रही है।

# केन्या से हिमालय पहुंचीं ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार :** यदि आप हिमालय क्षेत्र में रहते हैं तो इन दिनों और एक विशेष प्रकार की ड्रैगनफ्लाई हजारों लाखों की संख्या में अपने आसपास उड़ते हुए देख रहे होंगे। यह ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई हैं। इन दिनों ये अरबों, खरबों और उससे भी अधिक संख्या में हिमालय क्षेत्र में प्रवास के लिए आई हुई हैं।

बटर फ्लाई शोध संस्थान के निदेशक पीटर स्मैटाचैक बताते हैं कि यह ड्रैगनफ्लाई अपनी चौथी पीढ़ी के रूप में इन दिनों हिमालय क्षेत्र में है। अभी यह ड्रैगनफ्लाई भारत में केन्या से आई हैं। हिमालयी क्षेत्र में इनका प्रवास 15 से 20 दिनों का रहता है। इस दौरान इसकी यह पीढ़ी यहां (भारत) में अंडे देगी और मर जाएगी।

इसके बाद अंडों से निकलने वाली ड्रैगन फ्लाई फिर केन्या वापस जाएंगी। वहां वह पीढ़ी अंडे देगी और वहीं मर जाएंगी। वहां उन अंडों से निकले बच्चे केन्या से दक्षिण अफ्रीका जाएंगे। वहां वह अंडे देंगे और मर जाएंगे। वहां अंडों से निकले बच्चे केन्या का रुख करते हैं और फिर वहां अंडे देंगे। इसी चक्र के तहत ड्रैगनफ्लाई फिर भारत पहुंचेंगी। इस तरह यह ड्रैगनफ्लाई चार पीढ़ी में लगभग 25 हजार किलोमीटर का सफर तय करती हैं।

### अमूर फाल्कन से ड्रैगन फ्लाई का विशेष संबंध

अमूर फाल्कन बाज परिवार का एक छोटा शिकारी पक्षी है। यह दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीकी तटों में सर्दियों के लिए भारत और अरब सागर में बड़े झुंडों में प्रवास करने से पहले दक्षिण-पूर्वी साइबेरिया और उत्तरी चीन में प्रजनन करता है। पक्षी विशेषज्ञों के मुताबिक अमूर फाल्कन एक मात्र ऐसा मांसाहारी पक्षी है जो कि माइग्रेट करते हुए समुद्र के बीच से भी गुजरती है और ऐसे में भी कभी यात्रा के दौरान नहीं उतरती है। बताते हैं कि अमूर फाल्कन ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई के साथ उड़ान भरती है और रास्ते में इनको खाती है और इसलिए रास्ते भर उसको भोजन मिलता रहता है।





दक्षिण भारत में पाई जाने वाली ड्रैगनफ्लाई भी इसी प्रजाति की है। लेकिन, दक्षिण भारत की यह ड्रैगनफ्लाई माइग्रेट नहीं करती है। -पीटर स्मैटाचैक, निदेशक बटर फ्लाई शोध संस्थान

# रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्र नदी में डूबे

मॉस्को, एजेंसी

● सेंट पीटर्सबर्ग के निकट एक नदी में हुआ हादसा

रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्रों की सेंट पीटर्सबर्ग के निकट एक नदी में डूब से मौत हो गयी है। रूस में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को कहा वेलिकि नोवगोरोड शहर में नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले भारतीय मेडिकल छात्र - दो लड़के और दो लड़कियां - रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक नदी में डूब गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार,एक छात्रा वोल्खोव नदी में डूबने लगी। चार छात्रों ने उसे बचाने की कोशिश की। इस दौरान छात्रा और उसे बचाने गये चार में से तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गयी। एक छात्र को बचा लिया गया।

दूतावास ने कहा, शवों को जल्द से जल्द रिश्तेदारों तक पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। जिस छात्र की जान बच गई है, उसे उचित उपचार भी प्रदान किया जा रहा है। सेंट पीटर्सबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि ये छात्र वेलिकी नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। उसने एक्स पर लिखा शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना। महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह वेलिकी नोवगोरोड के स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि शवों को जल्द से जल्द उनके रिश्तेदारों तक पहुंचाया जा सके।

# मोदी-लाई की बातचीत सिर्फ शिष्टाचार

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता ने चीन की आपत्ति के संबंध में दिया जवाब

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते के बीच बधाई संदेशों के अदान प्रदान पर चीन की आपत्ति पर अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दो विदेशी नेताओं का इस प्रकार के बधाई संदेश देना राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, मैं कहूंगा कि इस तरह के बधाई संदेश राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा हैं। मिलर ने चीन की आपत्ति के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। दरअसल लोकसभा चुनाव में मोदी की जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति ने उन्हें बधाई संदेश भेजा था जिसके प्रत्युत्तर में मोदी ने बुधवार को कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। लाई पिछले महीने ही ताइवान के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, चुनाव में जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती ताइवान-भारत साझेदारी को बढ़ाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए तत्पर हैं।



### ताइवान ने विरोध करने पर की चीन की निंदा

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जीत के बाद ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते और उनके बीच ट्वीट्स के आदान-प्रदान का विरोध करने पर चीन की निंदा की। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दो लोकतंत्रों के नेताओं के बीच एक्स पर सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान पर चीन की नाराजगी अनुचित है और ताइवान भारत के साथ साझेदारी बनाने के लिए समर्पित है। ताइवान ने पोस्ट में कहा, दो लोकतंत्रों के नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान पर चीन की नाराजगी पूरी तरह से अनुचित है। ताइवान भारत के साथ पारस्परिक लाभ और साझा मूल्यों के आधार पर साझेदारी बनाने के लिए समर्पित है।

# इमरान ने सुप्रीम कोर्ट में दिया केजरीवाल का उदाहरण

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उनके साथ किये गए दुर्व्यवहार की उच्चतम न्यायालय में शिकायत की और भारत में लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने का उदाहरण दिया। राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश में संशोधन से जुड़े एक मामले में प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ के समक्ष गुरुवार को अपनी पेशी के दौरान, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष ने अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से उन्हें प्रताड़ित किये जाने की शिकायत की।



न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति जमाल खान मंदोखेल, न्यायमूर्ति अतहर मिनाल्ला और न्यायमूर्ति सैयद हसन अजहर रिजवी भी पीठ में शामिल हैं। न्यायमूर्ति मिनाल्ला ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि खान जेल में हैं जबकि वह एक बड़ी पार्टी के प्रमुख हैं जिसके लाखों समर्थक हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# पति, पत्नी और पड़ोसी लोगों को गुदगुदाने के लिए तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे दर्शकों के लिए गेम्स नाइट थीम पर आधारित एक दिलचस्प एपिसोड लेकर आएगा, जिसमें फन टास्टिक कॉमेडियन गैग्स और मज़ेदार वन-लाइनर्स के साथ प्रफुल्लित करने वाले गेम खेलेंगे। जाने-माने कॉमेडियन परितोष त्रिपाठी, सागर करांडे और हेमांगी कवि टीम बनाकर अपना अनूठा गैग पति, पत्नी और पड़ोसी पेश करने वाले हैं, जिसमें हेमांगी पत्नी की भूमिका निभाएंगी, जो अपने पति के लिए स्वादिष्ट खाना लेकर आती है, जिसकी भूमिका सागर ने निभाई है। जैसे ही वे अंदर जाने वाले होते हैं, उनका तंग करने वाला पड़ोसी, जिसका किरदार परितोष ने निभाया है, बिन बुलाया मेहमान बनकर आ जाता है। यह दंपत्ति अपना खाना छुपाने और उसे घर से बाहर निकालने के लिए बड़े मज़ेदार तरीके से संघर्ष करते हैं। जैसे ही पड़ोसी को छुपी हुई दावत का पता चलता है, हंगामा मच जाता है, जिससे जोड़े को हास्यास्पद तरीके से उसका पीछा करना पड़ता है! परितोष त्रिपाठी ने कहा,लोगों के जीवन में झगड़ालू पड़ोसी काफी परेशान करने वाली हकीकत है।

# वरुण धवन की फिल्म जुग-जुग जियो का बनेगा सीक्वल!

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरुण धवन की सुपरहिट फिल्म जुग-जुग जियो का सीक्वल बनाया जा सकता है। करण जौहर निर्मित फिल्म वर्ष 2022 में रिलीज हुई थी। जुग-जुग जियो में वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर जैसे सितारे थे। इस फिल्म में दो अलग-अलग जेनरेशन के कपल को दिखाया गया था। जुग-जुग जियो 2 पर काम किया जा रहा है। इस बार यह फिल्म नए टाइटल के साथ आ सकती है। चर्चा है कि जुग जुग जियो के सीक्वल में एक बार फिर वरुण धवन नजर आ सकते हैं। संभव है कि टाइगर श्रॉफ भी इस फिल्म का हिस्सा बने। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन फिल्म होने वाली थी, जिसमें वरुण और टाइगर लीड रोल में होंगे। निर्देशक राज मेहता के साथ राइटर्स की एक टीम ने इस मूवी की स्क्रिप्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स इस फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत या 2025 की शुरुआत में कर सकते हैं।



# 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा बिग बॉस ओटीटी 3

**मुंबई, एजेंसी।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 ,जियो सिनेमा पर 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 प्रीमियर के लिए तैयार है। इस बार सलमान खान शो की मेजबानी नहीं करेंगे ।अनिल कपूर शो को होस्ट करने जा रहे हैं। शो की लॉन्चिंग डेट का खुलासा कर दिया गया है। बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 जियो सिनेमा पर 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा। अनिल कपूर ने इस शो को लेकर कहा है कि, बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं। हम दोनों दिल से जवान हैं। लोग अक्सर कहते हैं मजाक में कि मैं रिवर्स एजिंग हूं, लेकिन बिग बॉस में ये खूबी है। ऐसा महसूस होता है जैसे स्कूल वापस जाना, कुछ नया और रोमांचक प्रयास करना। मैं बिग बॉस में उसी ऊर्जा को 10 गुना अधिक लाने जा रहा हूं।

**खगोल विज्ञान** इस खोज को आश्चर्यजनक मान रहे हैं वैज्ञानिक, एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में प्रकाशित हुई खोज

# यह ग्रह तारे के करीब होने के बावजूद बनाए हैं वजूद

अमृत विचार, नैनीताल

● ग्रह का नाम हॉट-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट टीआईसी 365102760 बी व उपनाम फीनिक्स रखा गया

● इसके आकार प्रकार को लेकर वैज्ञानिक इसे सुपर-पफ हॉट नेपच्यून कह रहे, तारे की उम्र कम से कम 6.3 अरब वर्ष है

वैज्ञानिकों ने दूर गगन में एक ऐसे ग्रह की खोज की है, जो अपने सूर्य के बेहद करीब होने के बावजूद वातावरण का वजूद बनाए हुए है। खोजे गए इस ग्रह का नाम हॉट-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट टीआईसी 365102760 बी व उपनाम फीनिक्स रखा गया है। इस खोज को वैज्ञानिक आश्चर्यजनक बता रहे हैं। इस ग्रह का स्वामी रेड जायंट स्टार है। इसके आकार प्रकार को लेकर वैज्ञानिक इसे सुपर-पफ हॉट नेपच्यून कह रहे हैं। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह ग्रह सिग्नस तारामंडल में मौजूद है, जो हमसे 1,810 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। इसके तारे की उम्र कम से कम 6.3 अरब वर्ष है। यह ग्रह हर 4.2 दिनों में अपने तारे की परिक्रमा पूरी करता है। इस बाहरी ग्रह की दुनिया खगोलविदों की सोच से आश्चर्यजनक रूप से छोटी, पुरानी और बेहद गर्म है। यह दुर्लभ एक्सोप्लैनेट की श्रेणी में आता है। अपने मेजबान तारे के बहुत करीब और बहुत अधिक गर्म होने के बावजूद, इसका वातावरण बरकरार है। मगर अभी तक इसका कारण पता नहीं लग सका है। इसका आकार पृथ्वी से 6.2 गुना बड़ा है। बुध व सूर्य की दूरी की तुलना में अपने तारे से लगभग 6 गुना अधिक करीब है। यह भीषण तापमान के साथ तप रहा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि लगभग 100 मिलियन वर्ष में इसकी मौत हो जाएगी।

### पृथ्वी के वातावरण को समझने में मददगार होगी यह खोज

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बाहरी ग्रह के जरिए पृथ्वी के भविष्य के बारे में अनुमान लगा सकते हैं। जब हमारा सूर्य अंत समय में फैलना शुरू होगा, तो उसके ताप में पृथ्वी का वातावरण गायब होना शुरू हो जाएगा। जिस कारण इस खोज को पृथ्वी के भविष्य के साथ जोड़ा जा रहा है।



तारे का बेहद नजदीकी ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर। ● अमृत विचार